सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 19.1 अधि |
| धर्मशाला | 11.7 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72748.42 |
| निफ्टी | 22055.70 |
| सोना 65,840 | चांदी 76,820 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in





follow us on: धर्मशाला | मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | 6 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 91, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए



आज के अंक में

- सरकारी सीमेंट के 98 बैग भरे और 29 खाली बरामद
- आईएएस अधिकारी ने किया शक्तियों का दुरुपयोग

पृष्ठ 2 पर पढ़ें





- सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए सड़कों पर जनता
- मैक्लोडगंज से दलाईलामा की प्रार्थना सभा का होगा लाइव वेबकास्ट

पृष्ठ 4 पर पढ़ें





- संधोल में ब्यास नदी में मोटर बोटिंग शुरू
- मसरस मेले में 1500 से 2000 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है शहद

पृष्ठ 6 पर पढ़ें





- ननद श्वेता बच्चन की पार्टी में नहीं पहुंचीं ऐश्वर्या
- जीत के साथ हिमाचल ने किया आगाज

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## न्यूज शॉर्ट्स

### ईडी के समक्ष फिर पेश नहीं हुए अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश नहीं हुए। ईडी दिल्ली जल बोर्ड के दो मामलों पर जांच कर रही है। दोनों ही मामले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हैं। ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए 17 मार्च को समन भेजकर 18 मार्च को बुलाया था। 'आप' पार्टी ने केजरीवाल के ईडी के समक्ष पेश न होने की जानकारी देते हुए इस समन को गैर कानूनी बताया है।

### बिहार में सीटों का बंटवारा भाजपा 17, जदयू 16 पर लड़ेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बिहार की सीटों का बंटवारा हो गया है। दिल्ली में बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा 17, जनता दल यूनाइटेड 16 सीटों पर और लोक जनशक्ति पार्टी पांच सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगा।

### संजय को मिली सांसद पद की शपथ लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** 'आप' नेता संजय सिंह तिहाड़ जेल से 19 मार्च को राज्यसभा सांसद पद की शपथ के लिए संसद जाएंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि संजय को राज्यसभा ले जाने के लिए सभी इंतजाम किए जाएं। राज्यसभा जाने के दौरान वह न तो मोबाइल फोन का इस्तेमाल करेंगे और न ही मीडिया से बात करेंगे। संजय सिंह फिलहाल दिल्ली शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के चलते ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं।

### कोलकाता में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी, छह की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रविवार देर रात को पांच मंजिला अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग गिर गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। 13 लोगों का रेस्क्यू किया गया है और मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। वहीं, सोमवार सुबह सीएम ममता बनर्जी भी मौके पर पहुंची। जहां इमारत गिरी है वहां साथ में झुग्गियां हैं, जिन पर बिल्डिंग गिरी है।

# बागी विधायकों को सुप्रीम झटका

## स्पीकर के फैसले पर नहीं लगेगा स्टे, बरकरार रहेगी अयोग्यता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के बागी छह विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। साथ ही छह मई तक हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव पर भी रोक लगा दी है।

कोर्ट ने बागी विधायक राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा, रवि ठाकुर और सुधीर शर्मा को वोट देने या सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया। इन छह बागी विधायकों ने स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के अयोग्य ठहराने के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई छह मई को निर्धारित की गई है। दोनों पक्षों को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा गया है। वहीं, लाहौल-स्पीति, बड़सर, गगरेट, धर्मशाला, सुजानपुर और कुटलैहड़ सीटें खाली हैं। लिहाजा इन पर उपचुनाव होने हैं।



- फैसला आने तक वोटिंग-सदन से दूर रहेंगे
- दोनों पक्षों से चार सप्ताह में मांगा जवाब
- उपचुनाव पर छह मई तक लगाई रोक

### बागी विधायकों की सीटों पर होंगे उपचुनाव

**लोकसभा** चुनाव के साथ ही इन बागी विधायकों की सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारती है या फिर इन्हीं विधायकों को मौका देती है।



### राज्यसभा चुनाव में की थी क्रॉस वोटिंग

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित किया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कही यह बात

**जस्टिस** संजीव खन्ना ने हरीश साल्वे की मांग पर जवाब देते हुए कहा कि हम स्पीकर के आदेश पर रोक नहीं लगा सकते हैं। यह संभव नहीं है, लेकिन हम याचिका पर नोटिस जारी कर सकते हैं। जहां तक उपचुनाव का सवाल है, वो हम देखेंगे कि उसका क्या करना है, लेकिन हम आपको वोट देने और विधानसभा का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं देंगे। हम आपको भाग लेने की अनुमति नहीं देंगे। मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने की। कांग्रेस के बागी विधायकों की पैरवी वकील हरिश साल्वे ने की। वहीं दूसरी तरफ से अभिषेक मुन सिंघवी ने पैरवी की।

### 20 दिन से प्रदेश से बाहर हैं बागी विधायक

**अयोग्य** ठहराने के बाद सभी बागी विधायक प्रदेश से बाहर हैं। पहले 10 दिन तक पंचकूला होटल में ठहरे। इसके बाद पांच दिन ऋषिकेश और अब वे गुरुग्राम में हैं। अब इनकी नजरें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं।

# यूनिक नंबर्स समेत चुनावी बांड की हर जानकारी दे एसबीआई

## सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च तक दिया समय

- चेयरमैन से मांगा हलफनामा, कहा- कोई जानकारी न छिपाएं
- एसबीआई चाहता है हम बताएं कि किसका खुलासा करना है, यह रवैया सही नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने एसबीआई से कहा कि वह चुनावी बांड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनिक बांड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बांड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है।

21 मार्च तक एसबीआई के चेयरमैन एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि सारी जानकारी दे दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें। सीजेआई ने कहा कि एसबीआई चाहती है हम ही उसे बताएं, किसका खुलासा करना है, तब वे बताएंगे। यह रवैया सही नहीं है। सख्त लहजे में कहा कि जो भी जानकारी है, सबका खुलासा किया जाए। एसबीआई हमारे आदेश का पालन करे।

### कुछ भी छिपाकर नहीं रखेंगे : हरीश

**एसबीआई** की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हम चुनावी बांड के नंबर समेत सभी जानकारी देंगे। बैंक अपने पास मौजूद किसी भी जानकारी को छिपाकर नहीं रखेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसबीआई एक हलफनामा दायर कर यह भी बताएगा कि उसने कोई जानकारी नहीं छिपाई है।

### पूछा- प्रत्येक बांड पर नंबर क्यों नहीं

**वकील** प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एसबीआई को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि आखिर चुनावी बांड से जुड़ी जानकारी में प्रत्येक बांड पर नंबर क्यों नहीं है। अदालत ने एसबीआई से सख्त लहजे में कहा कि वह इसका खुलास करे।

## चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, पश्चिम बंगाल के डीजीपी पर भी गिरी गाज

# हिमाचल समेत छह राज्यों के गृह सचिव हटाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त एक्शन लेते हुए छह राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाया है।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के निर्देश भी दिया है। बता दें कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को 2016 में सूबे के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटा दिया था। चुनाव आयोग का कहना है यह एक्शन चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित कराने के लिए लिया




है। इसके साथ ही बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटा दिया गया है। वहीं, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी हटाया गया है। बता दें कि देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। पूरे देश में सात चरणों में चुनाव होंगे और चार जून को नतीजे आएंगे। 16 मार्च को चुनावी शेड्यूल जारी कर निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया था।

### चुनाव अधिकारियों का भी होगा तबादला

**आयोग** ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जो तीन साल पूरे कर चुके हैं या अपने गृह जिलों में हैं। आयोग ने यह कदम सभी के लिए समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की स्पष्टता को सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग के संकल्प और प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं।

## सत्येंद्र जैन की सारी याचिकाएं खारिज सरेंडर करने का आदेश

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन मामले में सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया है। सभी याचिकाएं भी खारिज कर दी हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने सत्येंद्र जैन को तत्काल सरेंडर करने का आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 17 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येंद्र जैन स्वास्थ्य कारणों से जमानत पर थे। सत्येंद्र जैन के अलावा इस मामले के आरोपी अंकुश जैन और वैभव जैन की भी जमानत याचिकाएं रद्द कर दी हैं।



## डूंगरपुर केस में आजम खान को सात साल की सजा

**इलाहाबाद।** सपा के वरिष्ठ नेता एवं रामपुर से विधायक रहे आजम खान को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने आजम खान पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, एक दिन पहले कोर्ट ने आजम खान को घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में दोषी करार दिया था।



आजम खान के साथ ही रिटायर्ड सीओ आले हसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खान और ठेकेदार बरकत अली को भी सात-सात साल की कोर्ट ने सजा सुनाई है। आजम खान को सजा दिए जाने के बाद भाजपा नेता और रामपुर से विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि यह गंभीर मामला था। लूट का मामला था। कोर्ट का फैसला बहुत ऐतिहासिक है।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## पूर्व आईएएस अधिकारी के बेटे ने किया सुसाइड

**शिमला।** पूर्व आईएएस अधिकारी अमिताभ अवस्थी के बेटे ने सोमवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिमला स्थित ब्राकहास्ट आवास में सोमवार को पूर्व आईएएस अधिकारी के बेटे का शव लटका पाया गया। 25 वर्षीय मुदित ने कदम क्यों उठाया, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

घर से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। अमिताभ अवस्थी बीते साल 23 जुलाई को रिटायर हुए थे। सुक्खू सरकार ने उन्हें जल उपकर आयोग का चेयरमैन बनाया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय आईएएस अफसर घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस परिजनों का इंतजार कर रही है।

# पाक की अफगानिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक

## सात तालिबानियों की मौत, आतंकियों के ठिकानों को बनाया निशाना

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने अफगानिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। इस हमले में सात तालिबानियों की मौत हुई है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में घुसकर तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। यह एयर स्ट्राइक पाकिस्तान की सीमा से लगे खोस्त और पक्तिता प्रांत में हुई है।

पाक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक में तालिबान का कमांडर अब्दुल्ला शाह के ठिकाने को निशाना बनाया है। हालांकि, शाह मारा गया है या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पाकिस्तानी सेना के इस हवाई हमले में शाह का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। तालिबान के ये आतंकी हाफिज गुलबहादर समूह के हैं, जो पाकिस्तान के वजीरिस्तान में हुए आर्मी कैंप पर हुए हमले में शामिल थे। 16 मार्च को तालिबान के इन आतंकियों ने सेना के बेस कैंप पर हमला किया था। इस भीषण धमाके में मौके पर पांच जवानों की मौत हो गई थी।



- 16 मार्च को सेना के बेस कैंप पर आतंकियों ने किया था हमला

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की बढ़ाई सुरक्षा

## पायलट के साथ एस्कॉर्ट भी चलेगी, 24 घंटे तैनात रहेंगे पुलिस जवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सियासी घटनाक्रम के बीच विधानसभा अध्यक्ष का सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। कुलदीप सिंह पठानिया के साथ पायलट के अलावा एस्कॉर्ट भी साथ चलेगी। एस्कॉर्ट के चारों जवान हथियारों से लैस रहेंगे।

सरकारी आवास में भी एक हेड कांस्टेबल के अलावा चार पुलिस कांस्टेबल 24 घंटे मौजूद रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष जिलों का दौरा करेंगे तो पुलिस अधीक्षक को ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।



24 घंटे दो पुलिस जवान साथ रहेंगे। हाल ही में गृह सचिव की अध्यक्षता में सुरक्षा समीक्षा समिति की बैठक हुई थी, जिसमें सुरक्षा बढ़ाने पर फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा बजट पारित के दिन सदन में खूब हंगामा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष ने छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य करार दिया था। भाजपा विधायकों की ओर से अभद्रता करने पर सदन से बाहर निकाल दिया था। इसी घटनाक्रम को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष की सुरक्षा को बढ़ाया गया है।

**गुड न्यूज** मशरूम अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों को कृत्रिम गुच्छी उगाने में मिली बड़ी सफलता

# किसानों की आर्थिकी का आधार बनेगी मोर्चेला मशरूम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**भारतीय** कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से संचालित मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन के वैज्ञानिकों ने पांच साल के शोध के बाद ऊंचाई वाले हिस्सों में प्राकृतिक रूप से उगने वाली बहुमूल्य मोर्चेला मशरूम यानी गुच्छी उगाने की तकनीक पर सफलता हासिल की है। अब इसे पेटेंट करवाकर किसानों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो प्रदेश के किसान इसे आर्थिकी के तौर पर उगाने लगेंगे।

फिलहाल वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में मोर्चेला मशरूम को उगाया है। अभी खेतों या पॉलीहाउस में गुच्छी उगाने की तकनीक को अपनाने में कितना खर्च आएगा, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। (अनंत ज्ञान)



मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन की शोधशाला में उगाई मोर्चेला मशरूम।

### पाए जाते हैं कई विटामिन

**बीमारियों** से लड़ने में सहायक गुच्छी में विटामिन डी, सी, आयरन, कॉपर, जिंक व फास्फोरस अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन गठिया, थायराइड, बोन हेल्थ व मानसिक तनाव को खत्म करने में सहायक होता है। दिल के रोगों व शरीर की चोट को भी जल्द भरने में यह लाभकारी है।

> **खुंब** अनुसंधान निदेशालय ने 2019 से गुच्छी पर शोध शुरू किया था। पहले वर्ष शोध में ज्यादा सफलता हाथ नहीं लगी थी। 2020 से शोध में सफलता मिलनी शुरू हो गई थी। लगातार प्रयास बाद प्रयोगशाला में इस बार अच्छी मात्रा में गुच्छी उगी है।
>
> **-डॉ. वीपी शर्मा, निदेशक, मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन।**

### 2019 में शुरू किया था शोध

**डीएमआर** ने मशरूम की खेती के कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। डीएमआर के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने 2019 में मशरूम वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार को चुनौती सौंपी, जिन्होंने मोर्चेला मशरूम के लिए एक परियोजना तैयार की। 2020 में उन्हें आंशिक सफलता मिली और शोध जारी रहा। मार्च 2024 में बड़ी संख्या में मोर्चेला यानी गुच्छी उगाने में सफलता हासिल की।

### 25 से 30 हजार रुपए तक प्रति किलो बिकती है गुच्छी

**आमतौर** पर ऊंचाई वाले जंगलों में प्राकृतिक तौर पर गुच्छी उगती है। यह गुच्छी करीब 25 से 30 हजार रुपए तक प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। गुच्छी का निर्यात भी किया जाता है। डीएमआर के विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेश में करीब साढ़े छह हजार फुट से अधिक की ऊंचाई वाले जंगलों में प्राकृतिक रूप से गुच्छी उगती है। ग्रामीण यहां से गुच्छी एकत्र करके बाजार में बेचकर पैसे कमाते हैं। पहले इसे खेतों में उगाना संभव नहीं था, लेकिन अब डीएमआर को सफलता हाथ लगी है।

# प्रदेश के उद्योगों पर पहली अप्रैल से बढ़ेगा एक रुपए प्रति यूनिट बिजली का अतिरिक्त बोझ

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**प्रदेश** सरकार ने विद्युत दर में एक रुपए की बढ़ोतरी की है, जो पहली अप्रैल से लागू होगी। इससे प्रदेश के उद्यमियों पर आर्थिक अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कुछ दिनों पहले एचपी विद्युत विनियामक आयोग के साथ हुई बैठक में उद्योगों के लिए बिजली की दर एक रुपए यूनिट बढ़ाने के प्रस्ताव को सरकार को भेजने पर चर्चा हुई थी, जो उद्यमियों को नामंजूर है।

- उद्योगों के पलायन को बढ़ावा देने का किया काम : राजीव

यह बात बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने संयुक्त बयान में कही। संघ के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की यूएसपी बिजली होती थी, लेकिन अब यह बिजली ही उद्यमियों की समस्या बन गई है। असमय कट लगाए जा रहे हैं और अब यह सस्ती नहीं बल्कि दिन-प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। यह उद्योगों के पलायन को बढ़ावा देने का काम है।

### बिजली दर बढ़ाना निंदनीय : गुलेरिया

बीबीएनआईए के महासचिव वाइएस गुलेरिया ने कहा कि प्रदेश में उद्योग एजीटी जैसे अधिक कर लगाने, देश में बिजली शुल्क की उच्चतम दर और कार्टेलाइजेशन के कारण उच्च परिवहन लागत और अब बिजली टैरिफ के झटके के कारण अस्तित्व के कठिन दौर से गुजर रहा है। अब बिजली का रेट बढ़ाना निंदनीय है। तीन साल से बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है, लेकिन इस वर्ष वृद्धि असाधारण रूप से अधिक है, जो पिछले 10 साल में नहीं देखी गई है। हमने एचपीईआरसी को बताया था कि एचपीएसईबीएल की अक्षमता को इसके एआरआर में शामिल न किया जाए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई बिजली की दर पहली अप्रैल से लागू करने की योजना है। यह उद्यमियों के मासिक बिल में करीब 20 से 25 फीसदी तक बढ़ोतरी कर देगा। उद्योग संघ ने सरकार से मांग की कि यह निर्णय गलत है और इस पर फिर से विचार किया जाए।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी की शबनम को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### आईएएस तंवर के ऑफिस में खड़ी थी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की फौज

# आईएएस अधिकारी ने किया शक्तियों का दुरुपयोग

**ओपी शर्मा, भरमौर**

सीबीआई अदालत गाजियाबाद के फेर में फंसे आईएएस अधिकारी नवीन तंवर अधिकारी द्वारा एडीसी पद भरमौर में विराजमान होने पर अपने अधिकार शक्तियों का दुरुपयोग करने का मामला सामने आया है।

उक्त अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी (चपरासियों) कर्मचारियों की फौज खड़ी कर रखी थी, जिसमें एडीसी भरमौर द्वारा दूसरे विभागों से करीब आधा दर्जन चपरासियों को बुलाकर काम करवाया जा रहा है, जबकि जानकारों की मानें तो यहां पर एक चपरासी के सहारे भी आसानी से कम चलाया जा सकता था। जानकारी के अनुसार एडीसी भरमौर नवीन तवंर द्वारा यहां पर तीन लोग जल शक्ति विभाग व दो लोग हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग वह एक चपरासी तहसील कार्यालय से बुलवाकर उनके कार्यालय में चपरासियों से काम करवाया जा रहा है,

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

जिसकी यहां पर अच्छी खासी चर्चा चली हुई है। हैरानी की बात यहां पर यह है कि उनके कार्यालय में कर्मचारियों की संख्या छह के करीब बताई जा रही है और वहीं पर सात चपरासियों की फौज खड़ी कर दी गई है।

एक तरफ भरमौर के लगभग तमाम कार्यालय स्टाफ के अभाव में जूझ रहे हैं, तो वहीं पर दूसरे विभागों के कर्मचारियों को अपने विभागों में बुलाकर उनसे काम करवाने का मामला भी यहां पर धीरे-धीरे तूल पकड़ रहा है।

### ज्वाइनिंग को लेकर कर्मचारियों में चर्चा



**एडीसी** भरमौर को सजा के ऐलान के बाद छुट्टी पर चले जाने व दोबारा उनके यहां पर ज्वाइनिंग को लेकर भी कर्मचारियों में अच्छी खासी चर्चा चली हुई है। गौरतलब है यहां पर अधिकांश कर्मचारियों में एडीसी पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जा रहा है। यही नहीं, एडीसी द्वारा यहां पर तैनात बड़े अधिकारियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं, जिस पर काफी बवाल मचा है। बहरहाल, यहां तमाम लोग व कर्मचारी उनकी ज्वाइनिंग व छुट्टियों को लेकर काफी चर्चा चल रही है। कार्यालय में आने की टाइमिंग को लेकर भी एडीसी भरमौर पर कई लोगों ने सवालिया निशान खड़े किए हैं। लोग व कर्मचारी सरकार के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

# कोचिंग संस्थानों का कारोबार मंदी में

## अग्निवीर योजना से आई आर्मी भर्ती कोचिंग में 60 प्रतिशत कमी

**कोचिंग सेंटर्स: भाग-2**

**पुष्पराज संधु, मंडी**




एमटीडब्ल्यू संस्थान मंडी

- चयन बोर्ड के भंग होने से नहीं हो रही प्रतियोगी परीक्षाएं
- सरकारी नौकरियों में कम हुआ युवाओं का रुझान

हर युवा की आज के समय सरकारी नौकरी पाने की इच्छा रहती है और कई युवा इसके लिए अपने स्तर पर तैयारी करते हैं, तो कोई कोचिंग संस्थानों का रुख करते हैं। प्रदेश में लगभग 2 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं। इसमें हर साल कोई न कोई कर्मचारी सेवानिवृत्त होता है। इन्हीं खाली पदों के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर विभिन्न पदों के लिए नोटिफिकेशन निकाली जाती है।

वर्तमान समय की बात करें तो कोरोना महामारी, चयन बोर्ड के भंग होने से और आर्मी में अग्निवीर जैसी योजना आने से युवाओं में सरकारी नौकरी को लेकर रुझान कम होता जा रहा है। एमटीडब्ल्यू कोचिंग संस्थान के सह-निदेशक चेतन शर्मा ने बताया कि अग्निवीर भर्ती योजना आने से आर्मी भर्ती के लिए करीब 60 प्रतिशत अभ्यर्थियों में कमी आई है। साथ ही सरकार द्वारा चयन बोर्ड के भंग होने से सरकारी नौकरियों की नोटिफिकेशन भी कम हो गई है। चेतन शर्मा ने बताया कि मंडी शहर में सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की कोचिंग के लिए एमटीडब्ल्यू का ही रुख करते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा उदाहरण और चित्रों के माध्यम से पढ़ाया जाता है, ताकि उन्हें कुछ भी न भूले। उन्होंने बताया कि गणित के लिए सबसे पहले बच्चों को बेसिक से पढ़ाया जाता है और पढ़ाई का बोझ डालकर नहीं, बल्कि उन्हें आनंद और प्रेक्टिकली सिखाया जाता है, जिससे उन्हें हर चीज सालों साल याद रहती है। चेतन शर्मा ने बताया कि संस्थान को मांडव्य ट्यूशन वल्ड के नाम से जाना जाता है और करीब 14 साल पहले इस संस्थान कि शुरुआत 22 आर्मी भर्ती विद्यार्थियों के साथ हुई थी, जिनमें से 19 विद्यार्थियों ने आर्मी की वर्दी पहनी, जिसके बाद लगातार संस्थान बुलंदियों को छूता गया। उन्होंने बताया कि लगभग एक हजार से भी अधिक विद्यार्थी आज विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं।



एक समय ऐसा भी था, जब करीब छह बैच एक साथ आर्मी भर्ती के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए संचालित होते थे और हर बैच में करीब 40 विद्यार्थी अपने सपने को साकार करने के लिए तैयारी करते थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में करीब 47 बच्चों ने एमटीडब्ल्यू संस्थान से कोचिंग लेकर प्रतियोगी परिक्षाएं पास की हैं, जिसमें 27 बच्चों ने अग्निवीर की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

चेतन शर्मा ने बताया कि समय-समय पर संस्थान का जिम्मा अलग-अलग हाथों में जाता रहा है, क्योंकि संस्थान में पढ़ाने वाला हर अध्यापक भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उनका मानना है कि जो स्वयं तैयारी कर रहा हो वह अपने अनुभव से बता सकता है कि किस तरह से तैयारी कि जाए।

उन्होंने बताया कि एमटीडब्ल्यू में पढ़ा चुके कुछ टीचर विभिन्न सरकारी विभागों में मैनेजर, तहसीलदार, प्रोफेसर, सीडीपीओ, फॉरेस्ट रेंजर आदि पदों पर कार्यरत हैं। हमारे द्वारा युवाओं को उनकी मंजिल तक पहुंचने का रास्ता बताया जाता है, ताकि वे अपने जीवन को खुशहाली से व्यतीत कर सके। (अनंत ज्ञान)

# सरकारी सीमेंट के 98 बैग भरे और 29 खाली बरामद

## पंचायत सचिव के घर में इस्तेमाल हो रहा था सरकारी सीमेंट, विजिलेंस ने की कार्रवाई

**शीला कौल, बंजार**



महिला पंचायत सचिव के घर पर बरामद सीमेंट के साथ विजिलेंस की टीम।

कुल्लू जिले के बंजार में पंचायत सचिव महिला के घर में विजिलेंस की टीम ने सरकारी सीमेंट बरामद किया है। विजिलेंस कुल्लू थाना की टीम ने इस मामले में पंचायत सचिव सहित उसके पति के खिलाफ कुल्लू थाना में मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कुल्लू विजिलेंस थाना की टीम को सूचना मिली थी कि बंजार की देउठा पंचायत के सचिव के घर निर्माण में सरकारी सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद विजिलेंस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टीम ने मकान के लेंटल में इस्तेमाल किए जा रहे सीमेंट से भरे 98 बैग बरामद किए, जबकि इसके साथ ही 29 खाली बैग भी मौके से अपने कब्जे में ले लिए हैं।

उधर, डीएसपी विजिलेंस थाना कुल्लू अजय कुमार ने बताया कि विजिलेंस को गुप्त सूचना मिली थी कि यहां पंचायत सचिव के घर निर्माण में सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है, जिसके चलते टीम ने मौके पर जाकर सीमेंट बरामद किया है। ऐसे में पंचायत सचिव कविता और पति महेंद्र सिंह निवासी बर्दा तहसील बंजार जिला कुल्लू के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 411, 34 और पीएस एसवी एंड एसीबी के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पशु तस्करी मामले में एक और गिरफ्तारी

**नाहन।** पशु तस्करी मामले में सिरमौर की कालाअंब पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने तीसरे आरोपी मोहम्मद आलीम निवासी गांव सैखू मुहाइजपुर, डाकघर मुजफ्फराबाद, तहसील बेहट, उत्तर प्रदेश को गंदेवड़, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस इसे सिरमौर ले आई है, जिसे जल्द अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। बता दें कि ये आरोपी सोमवार के दिन पशु चोरी करते थे और अगले ही दिन यानी मंगलवार को यूपी की पशु मंडी में बेच देते थे। आरोपी कालाअंब के हिस्सों से पशु चोरी करते थे, जिनसे पुलिस ने पिस्टल और रौंद भी बरामद किए हैं। आरोपी हिमाचल, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पशु चोरी के मामलों में संलिप्त हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं।

### मौके से भागा ट्रक चालक गिरफ्तार महिला की हुई थी मौत

**नाहन।** सिरमौर के कालाअंब में हादसे को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हुए ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में लिया है। पुलिस ने इस मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

जानकारी के मुताबिक 13 मार्च को नाहन के साई अस्पताल के समीप रहने वाली अंजलि ने पुलिस थाना कालाअंब में शिकायत दर्ज करवाई थी कि शाम करीब 5:40 पर जब वह नाहन से मैनथापल में चंदेल ढाबे के पास पहुंची तो सड़क के बाईं तरफ कृष्णावती नाम की महिला मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। माहिला को किसी अज्ञात वाहन (ट्रक) ने टक्कर मारी थी और वाहन चालक अपने ट्रक सहित मौका से फरार हो गया था। दुघर्टना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना कालाअंब की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी।

### उम्मीदवारों पर कांग्रेस करेगी मंथन

**शिमला।** हिमाचल में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस किस पर दांव लगाएगी। इसके लिए दिल्ली में बैठक होने जा रही है, जिसमें हिमाचल की चारों संसदीय क्षेत्र शिमला, कांगड़ा, मंडी व हमीरपुर से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों के नाम पर मंथन होगा। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभा सिंह दिल्ली रवाना हो गई है। देश में लोकसभा चुनाव का ऐलान हो गया गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने चुनावी जंग के लिए अपने योद्धा उतारने के लिए मंथन शुरू कर दिया है। दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही चारों संसदीय क्षेत्रों में उतारे जाने वाले संभावित उम्मीदवारों का नाम फाइनल करेगी।

### नोटिस का भाजपा विधायकों ने सौंपा जवाब

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौजूदा सियासी उथल-पुथल के बीच हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 18 मार्च की तारीख तय की थी। वहीं, भाजपा के नौ विधायकों ने वरिष्ठ विधायक विपिन सिंह परमार की अगुआई में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिए गए नोटिस का जबाब सोमवार को दोपहर बाद विस उपाध्यक्ष सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को सदन में हंगामा करने के लिए भाजपा को यह नोटिस जारी किए गए थे, जिस दिन 15 विपक्षी विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। विधानसभा सचिवालय ने अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के निर्देश पर नौ भाजपा विधायकों को नोटिस जारी किया गया था। इन विधायकों में सतपाल सत्ती, विनोद कुमार, हंस राज, सुरेंद्र शौरी, विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, इंदर सिंह गांधी और लोकेंद्र कुमार, दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### हाटियों को जनजातीय का दर्जा देने को चुनौती देने वाली याचिका पर टली सुनवाई

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट में सिरमौर जिले के ट्रांसगिरी क्षेत्र के हाटियों को जनजातीय का दर्जा देने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टल गई। हाई कोर्ट ने इस संबंध में जारी कानून के अमल पर रोक लगा रखी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस रोक को बढ़ाने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने जनजातीय विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के एक जनवरी, 2024 को जारी उस पत्र पर भी रोक लगाई है, जिसके तहत उक्त क्षेत्र के लोगों को जनजातीय प्रमाण पत्र जारी करने बाबत जिलाधीश सिरमौर को आदेश जारी कर दिए गए थे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई।

# वीरभूमि में 'अग्निपथ' की अग्निपरीक्षा

## कांग्रेस ने सत्ता में आने पर पुरानी भर्ती योजना शुरू करने का किया दावा

**अरविंद शर्मा, शिमला**

देश और प्रदेश में बीते 22 वर्षों से उठ रही हिमाचल रेजिमेंट की मांग सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ विपक्षी नेताओं द्वारा दरकिनार की जा रही है। पिछले पांच साल में लोकसभा व राज्यसभा में इस मुद्दे को सत्ता पक्ष द्वारा कोई प्राथमिकता नहीं दी गई।

अब अग्निपथ योजना के चलते ऑल इंडिया ऑल क्लास से क्षेत्र व भाषायी आधार पर रेजिमेंट का गठन भी गौण होता दिख रहा है। इस प्रणाली में एक प्रदेश अथवा एक भाषायी सैनिकों के लिए अलग से रेजिमेंट की फिलहाल कोई प्रावधान और चर्चा नहीं है। वीरभूमि हिमाचल में लोकसभा चुनाव में नेताओं के साथ अग्निपथ भर्ती योजना की भी परीक्षा होगी। कांग्रेस ने इसे लेकर आवाज बुलंद की है। यह मुद्दा सीधे तौर पर केंद्र से जुड़ा है, ऐसे में इस योजना की स्वीकार्यता की भी चुनावों में परीक्षा होगी। कांग्रेस की तरफ से इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर रणनीति तैयार की गई है।

इस योजना के लागू होने के वक्त भी हमीरपुर समेत प्रदेशभर में प्रदर्शन हुए थे। हालांकि, अग्निवीर की भर्तियों में युवाओं की खासी भीड़ उमड़ी थी। यहां पर सेना में सेवाएं देना सबसे बड़ा स्थायी रोजगार है, लेकिन अब वह भी चार साल का रह गया है।

यह जरूर है कि 25 फीसदी को अन्य सैन्य बलों में नौकरी मिलेगी। ऐसे में कांग्रेस इस मसले को प्रमुखता से भुनाना चाहेगी। कांग्रेस नेता और हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के पूर्व सीएमडी बीसी लगवाल का कहना है कि अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखा है। योजना से सेना की सेहत के साथ भी खिलवाड़ होगा। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव ड्यूटी वाले कर्मियों की सॉफ्टवेयर में दर्ज होगी एंट्री

**शिमला।** प्रदेश में चुनावी ड्यूटी देने वाले सभी कर्मचारियों की एंट्री वेब डाइस सॉफ्टवेयर में की जाएगी। राज्य निर्वाचन विभाग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी कर्मियों की एंट्री वेब डाइस सॉफ्टवेयर में दर्ज करने के निर्देश दे दिए हैं। वेब डाइस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही इस बार कर्मियों को ड्यूटी के स्टेशन मिलेगा। इसके लिए न तो किसी की सिफारिश चलेगी न किसी से भेदभाव होगा। सॉफ्टवेयर में प्रोग्रामिंग के जरिये यह भी दर्ज होगा कि कर्मचारी कहां का रहने वाला है और कहां पर सेवारत है, ऐसे दोनों ही स्थानों पर संबंधित मतदान कर्मी की सेवाएं नहीं ली जाएंगी। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन विभाग मनीष गर्ग ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को हर हाल में निर्धारित संख्या में चुनाव कर्मियों की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

# हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की सरकार लोगों की उम्मीदों के तहत कर रही काम: सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरी है और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार किया जा रहा है।

राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक इसे देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने जनता से जो वादे किए थे, प्रदेश सरकार उनको पूरा करने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने जो गारंटी दी थी, उनमें से अधिकतर पूरी की जा चुकी हैं और बाकी जल्दी ही धरातल पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी गारंटी के मुताबिक प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख, सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत सालाना 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में 204 ग्राम चिट्टे संग दबोचे चार तस्कर

**शिमला।** शिमला पुलिस की स्पेशल सैल की टीम ने रोहड़ू उपमंडल के ननखड़ी में चार तस्करों को चिट्टे के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 204 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। चिट्टे के साथ पकड़े गए तीन आरोपी हिमाचल और एक दिल्ली का रहने वाला है। रविवार शाम चारों आरोपी एक पिकअप गाड़ी (एचपी63-6389) में सवार होकर खोलीघाट की तरफ से आ रहे थे कि टिक्कर के पास पुलिस ने पिकअप को रोका और तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से उक्त मात्रा में चिट्टा पकड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद हुए चिट्टे की कीमत 40 लाख रुपए के करीब है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिमला के कोटखाई निवासी (34) राकेश कुमार व विवेक चौहान (35), मंडी जिला के गोहर निवासी डोमेश्वर दत्त (41) और दिल्ली के मयूर बिहार निवासी अमित गुप्ता (39) के रूप में हुई है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने खबर की पुष्टि की है।

### सोलन में चिट्टे सहित तीन आरोपी पकड़े

**सोलन।** सोलन पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर नाकाबंदी करके एक बाइक को रोककर चेक किया। बाइक पर बैठे आरोपियों अभिषेक (29) निवासी कसौली जिला सोलन व रजत शर्मा (30) निवासी तह. व जिला सोलन को 9.29 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि वह चंडीगढ़ से नशा तस्कर आरोपी कपिल से चिट्टा खरीद कर लाए थे, जिस पर उक्त अभियोग में 17 मार्च को आरोपी कपिल देव पुत्र उदयभान निवासी चंडीगढ़ को पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया। एक अन्य मामले में जिला की स्पेशल टीम ने एचआरटीसी बस, जो परवाणू की तरफ से शिमला जा रही थी, में आरोपी अक्षय शर्मा, जो शिमला में चिट्टे की अवैध खरीद-फरोख्त के कारोबार में संलिप्त है, को टोल प्लाजा सनवारा के समीप नाकाबंदी कर पकड़ा है। आरोपी अक्षय शर्मा (25) निवासी रामनगर हमीरपुर की तलाशी कर उसे 10.38 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया।

### चिट्टे के साथ तीन आरोपी पुलिस ने दबोचे

**हमीरपुर।** जिला पुलिस ने पास लगता चौकी जंबाला क्षेत्र में तीन लोगों से 10.67 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें मॉडल टाउन होशियारपुर पंजाब की रजनी शर्मा, हमीरपुर के विशाल और घरयानी ब्राह्मणा चौकी जंबाला के सुनील शर्मा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इनमें एक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत है। चिट्टे को लेकर हमीरपुर और इसके आसपास के इलाकों में पिछले काफी समय से जितने भी मामले सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। कई संपन्न परिवारों के लोग इसमें शामिल पाए गए हैं। क्योंकि इसके तार पंजाब के साथ जुड़े हुए हैं और माना यही जा रहा है कि सप्लायरों की यह चेन टूट पाएगी या नहीं? इस पर अभी भी संशय है।

### चिट्टा तस्कर को 4 वर्ष का कठोर कारावास

**सुंदरनगर।** अतिरिक्त सत्र विशेष न्यायधीश सुंदरनगर ने चिट्टा रखने के मामले के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे चार वर्ष का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना ने देने की सूरत में दोषी को चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषी रिंकू तमांग पुत्र रामलाल गांव सरवरी डाकखाना ढालपुर तहसील सदर से 14 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। उपजिला न्यायवादी सुंदरनगर विनय वर्मा ने बताया कि 13 अप्रैल 2023 को एंटी नारकोटिक्स की टीम ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित सलापड़ में नाका लगाया हुआ था। रात करीब एक बजे बिलासपुर से मंडी की ओर जा रही चंडीगढ़ रोडवेज की बस को चेकिंग के लिए रोका गया। बस में चेकिंग के दौरान बस में सवार आरोपी के सामान की तलाशी ली गई, तो उसके बैग से पालीथीन के पाउच में चिट्टा बरामद हुआ था।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में एक हिरासत में

**कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हेरोइन तस्करी का मामला रविवार देर शाम उस दौरान सामने आया जब टीम चोहकी के समीप डोडनी आगे नाके पर मौजूद थी। उसी समय सामने से एक व्यक्ति आया, जो कि टीम को देखकर घबरा गया। टीम ने शक के आधार पर जब उसे दबोच लिया तो उसके कब्जे से 16.09 ग्राम हेरोइन बरामद की। टीम ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हेमराज वर्मा ने बताया कि टीम ने आरोपी शुभम सिंह (31) बलदेव सिंह निवासी डुगरी बसंत एवन्यू लुधियाना, पंजाब के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जातिसूचक शब्दों का उच्चारण करने पर मामला दर्ज

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में प्रताप सिहं पुत्र स्व. कली राम निवासी गांव खनलग डा. मांजु के बयान पर एसटीएससी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। प्रताप सिंह के बयान अनुसार वह सरकारी नौकरी से रिटायर है। इसका बेटा जितेंद्र दिल्ली में अपना काम करता है। प्रताप सिंह का कहना है कि वह घर पर था तो इसके पड़ोस में रहने वाले जोगिंद्र सिंह पुत्र स्व. सूरत राम, सुनील पुत्र राम सरण तथा धर्म सिंह का बड़ा बेटा इसके घर के नीचे इसकी जमीन में जो सड़क है, उसे चौड़ा करने लगे। वह लोग जीसीबी के साथ खुदाई का काम कर रहे थे, जिससे नुकसान हो सकता था। जब इसने उन्हें इस काम को रोकने के लिए कहा तो जोगिंद्र सिंह ने उसे जातिसूचक शब्दों उच्चारण करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टीचिंग व नॉन टीचिंग में 'फुटबॉल' बने असिस्टेंट लाइब्रेरियन

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी असिस्टेंट लाइब्रेरीयनों को उच्चतम वेतनमान देकर 'नॉन टीचिंग' कैटेगरी में रखा है। इनकी टाइमिंग 10 से 5 बजे तक की है। हर रोज दिन-रात पुस्तकालय खुला रखने का सुझाव भी दिया है। इसी पत्र में कहा गया है कि न्यायालय के आदेशों के तहत उच्चतम वेतनमान देकर कॉलेज व पुस्तकालयों में तबादले करने के बाद भी पदनाम नहीं बदला है।

अब हैरानी जनक पहलू यह है कि यह सब चीजें तब उभारी जा रही हैं जब न्यायालय में लंबी लड़ाई लड़ने के बाद सभी को उच्चतम वेतनमान मिला। इनसे पहले वालों जब यह वेतनमान दिया गया था, तो वे स्कूलों में कार्यरत। काफी समय बाद जब तबादले हुए तो भी कई असिस्टेंट लाइब्रेरियन स्कूलों में ही तैनात रहे। यही नहीं विभाग प्रस्तावित तबादला एक्ट जो ठंडे बस्ते में चला गया है में इन्हें टीचिंग कैटेगरी में रखा गया था। ऐसे में असिस्टेंट लाइब्रेरियन टीचिंग व नान टीचिंग के बीच 'फुटबॉल' जैसी स्थिति में हैं। इस बारे में उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने कहा कि सभी कार्रवाइयां नियमों के अनुसार ही की जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भर्ती व पदोन्नति नियमों में यह है प्रावधान

**असिस्टेंट** लाइब्रेरियन के भर्ती व पदोन्नति नियमों में कहीं नान टीचिंग जैसा शब्द दर्ज नहीं है। वर्ष 1971 के नियम 1973 में प्रकाशित हुए हैं। इनमें इस पद को क्लास थ्री (टैक्नीकल) सर्विसिस लिखा गया है। वर्ष 2000 में इसे क्लास थ्री (नान गजटिड) टेक्निकल लिखा गया है। वर्ष 2010 में क्लास थ्री (नान गजटिड) लिखा गया है। वर्ष 2010 में इस पद को डाइंग व कनवर्टिड घोषित करने के बाद 2023 में इस पद को जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) घोषित करते हुए ग्रुप-सी में रखा हुआ। वेतनमान व ग्रुप निर्धारण के हिसाब से असिस्टेंट लाइब्रेरियन का पद ग्रुप-ए में आएगा और जो गैजेटेड क्लास है।

# लोकसभा चुनाव के लिए राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग हुआ 'अलर्ट'

**जय ठाकुर, शिमला**

- चोर रास्तों पर नजर रखने के लिए 59 मोबाइल टीमों का गठन
- विभाग के कर्मचारियों को चौबीस घंटे चौकन्ना रहने के निर्देश

**लोकसभा** चुनाव के चलते आचार संहिता लगने से आबकारी विभाग भी अब अलर्ट हो गया है। राज्य के किसी भी क्षेत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए विभाग द्वारा अवैध शराब पर रोक लगाने के साथ ही मतदाताओं को लुभाने के लिए दिए जाने वाले मुफ्त उपहार को लेकर कड़ी निगरानी की जाएगी।

राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा मुफ्त व कीमती धातु, आभूषणों की पेशकश करने की रोकथाम लगाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया है।

विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में 22 अंतर्राज्यीय नाके लगाए गए हैं वहीं विभिन्न अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए 59 मोबाईल टीमों का भी विभाग द्वारा गठन किया गया है।

विभाग की विभिन्न टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों, चोर रास्तों व प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयारी की गई है। विभाग द्वारा सभी गठित टीमों को चौबीसों घंटे कार्रवाई के लिए चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध शराब तथा कर चोरी के मामलो में जीरो टॉलरेंस की नीति सुनिश्चित की जा सके। (अनंत ज्ञान)

> "लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई अम्ल में लाई जाएगी। इस संबंध में चौबीस घंटे कार्य करने वाले कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। अवैध शराब तथा मुफ्त उपहारों की पेशकश के मामले संज्ञान में आते ही विभाग द्वारा जारी नंम्बर पर सूचना प्रदान करें ताकि सयम पर कार्रवाही सुनिश्चित की जा सके।
>
> -डॉ युनुस, आयुक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग

### एक वर्ष में 16718 लीटर अवैध शराब जब्त

इस वित वर्ष में राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में अब तक 16,718 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। इसके साथ ही 1,15,666 लीटर लाहन को भी नष्ट किया गया है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई प्रदेश भर में की जा रही है ताकि शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

### यहां करें शिकायत

राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी लोगों से लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब बेचने वाले कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए टॉल फ्री नम्बर जारी किया गया है। विभाग द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्रदान करने के लिए टॉल फ्री नम्बर 18001808062, दूरभाष नम्बर 0177-2620426 तथा व्हाट्सएप नम्बर 94183-31426 पर जानकारी देने का आग्रह किया है ताकि कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए सड़कों पर जनता

## कोतवाली बाजार धर्मशाला से कचहरी अड्डा तक रैली निकाली, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश सरकार के सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपए जमा न करवाने के मुद्दे पर सोमवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने अधिकार रैली निकाली। लोगों ने काफी संख्या में सड़कों पर उतर सरकार को चेताया है कि जदरांगल में बनने वाले सीयू के भवन के लिए 30 करोड़ रुपए जल्द जमा करवाए, अन्यथा लोकसभा चुनावों में इसका जवाब दिया जाएगा। विरोध के लिए जुटे लोगों ने कोतवाली बाजार धर्मशाला से कचहरी अड्डा तक रैली निकाली। गौरतलब है कि इससे पहले भी धर्मशाला की जनता ने कचहरी अड्डा में क्रमिक धरना-प्रदर्शन किया था।

उसके बावजूद सरकार ने अभी तक 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवाए हैं। इसके विरोध में सोमवार को आक्रोशित लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। सड़कों पर उतरी जनता में महिलाओं की संख्या अधिक थी। महिलाओं सहित जनता का कहना है कि सरकार सीयू के 30 करोड़ रुपए जमा न करवाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। यहीं वजह है कि अब जनता को सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है। सरकार इसी तरह धर्मशाला की अनदेखी करती रही तो आगामी लोकसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतने को तैयार रहे।

**रैली के दौरान काफी तादाद में मौजूद रहीं महिलाएं**

**30 करोड़ रुपए जमा न करवाने पर भड़के लोग**



सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपये जमा न करवाने पर धर्मशाला में रैली निकाल प्रदर्शन करते हुए लोग।

# सीयू के फंड रोकने वालों को जनता देगी जवाब : अतुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



सीयू फंड के मामले में सोमवार को निकाली गई रैली के बाद एक बयान में समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कहा धर्मशाला में सीयू को लेकर जन दबाव था। स्थानीय विधायक इस बात को महसूस कर रहे थे।

इसलिए उन्होंने जनता की आवाज में आवाज मिलाते हुए विधानसभा में भी मुख्यमंत्री को स्थिति स्पष्ट करने को कहा, जिसे विरोध समझ लिया गया। इसके कारण से सरकार पर आज भी संकट बना हुआ है । कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के विधायक, नेता व धर्मशाला का नेतृत्व करने का दावा करने वाले अन्य नेता सीयू पर मुखर ढंग से नहीं बोल रहे थे। ऐसे में सीयू के पक्ष में खुलकर बोलना सरकार के लिए असहनीय हो गया था। किसी भी लोकतंत्र में मतदान जनता को मिलने वाली सबसे बड़ी शक्ति होती है, यदि इसका सही उपयोग किया जाए तो जनता को अपना अधिकार मिल ही जाता है।

धर्मशाला की जनता के लिए इससे बड़ा मौका नहीं मिल सकता कि वह सीयू के पक्ष में बोलने वाले, लड़ने वाले लोगों को साथ देने का संकल्प लेकर राजनेताओं को स्पष्ट संदेश भेजे।

### सरकार को चुनावों में भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**पेंशन** वेलफेयर एसोसिएशन के जिला के प्रधान सुरेश ठाकुर ने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो राजनेताओं जो धर्मशाला के लोग नजर आने लग जाते है, लेकिन सीयू के मुद्दे पर आज तक राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक रोटियां ही सेकी गई है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में सीयू का निर्माण को इसके लिए प्रदेश सरकार को 30 करोड़ रुपए जमा करवाने है, लेकिन न जाने सरकार की ऐसी कौन सी मजबूरी है कि वे 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार पैसे जमा नहीं करवाती है तो उन्हें इसका खामियाजा उपचुनाव व लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ सकता हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे की ओवरडोज से युवक की मौत

**फतेहपुर।** पंचायत तलाड़ा के एक 23 वर्षीय युवक की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। मृतक सौरभ निवासी तलाड़ा के भाई गौरव पठानिया पुत्र दलजीत सिंह निवासी तलाड़ा की शिकायत पर नूरपुर पुलिस ने आईपीसी की धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया है। पहले यह मामला धारा 176 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका भाई सौरभ बद्दी में एक कंपनी में नौकरी करता था तथा दस मार्च को अपने दोस्तों की पार्टी में गया था जहां चिट्टे के सेवन से उसकी मौत हो गई। डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। अब यह मामला आईपीसी की धारा 304 में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### 25.38 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत दियोग्रां में गाड़ी नबर (एचपी 53बी-1827) में 25.38 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस संदर्भ में मुनीष कुमार, मंजीत कुमार व अशोक कुमार निवासी मझेरना तहसील बैजनाथ के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### योल बाजार में दुकान से पकड़ी शराब

**योल।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत योल बाजार में रघुवीर निवासी टीका वणी डाकघर योल की दुकान से पांच बोतलें देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### 5,250 मिलीलीटर देसी शराब जब्त

**पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत पाहड़ा बाजार में लाल सिंह निवासी टिक्कर तहसील पालमपुर की दुकान से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना पंचरुखी में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामला पंजीकृत किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मारपीट को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत रविवार को संजय कुमार, उर्मिला देवी, हिमांशू राणा व अमन राणा निवासी ब्याड़ा तहसील पालमपुर ने योजना रानी निवासी निवासी ब्याड़ा के साथ मारपीट की है। इस संदर्भ में आईपीसी की धारा 341, 323, 504, 506 व 34 के तहतह मामला दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष की ओर दर्ज एफआईआर के अनुसार योजना चम्बयाल, साहिल राणा, विशाल राणा, मीना देवी व मंलका देवी निवासी ब्याड़ा ने संजय राणा व इसकी पत्नी निवासी ब्याड़ा का रास्ता रोककर इनके साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है । वहीं, उसकी बाइक भी तोड़ दिया है। इस संदर्भ में थाना पंचरुखी में आईपीसी की धारा 147, 149, 341, 323, 504, 427 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### तीन मतदान केंद्रों के भवन में बदलाव

**धर्मशाला।** आगामी चुनावों के दृष्टिगत जिला कांगड़ा के तीन निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में परिवर्तन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन क्षेत्र 13-जयसिंहपुर के मतदान केंद्र 57-नाहलना को राजकीय माध्यमिक पाठशाला नाहलना से बदलकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला कसेहड़ा स्थित बकारग किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र 14-सुलह के मतदान केंद्र 6-झरेट को राजकीय प्राथमिक पाठशाला झरेट से बदलकर राजकीय उच्च पाठशाला झरेट किया गया है। वहीं निर्वाचन क्षेत्र 18-धर्मशाला के मतदान केंद्र 42-सकोह-1 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकोह से बदलकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला सकोह किया गया है।

### मनजीत सिंह ने संभाला हरिपुर थाने का कार्यभार



**हरिपुर ।** पुलिस थाना हरिपुर में मनजीत सिंह मनकोटिया ने बतौर एसएचओ कार्यभार संभाल लिया है। वह इससे पूर्व देहरा पुलिस स्टेशन में बतौर एडिशनल एसएचओ कार्यरत थे। हरिपुर में उनकी बतौर थाना प्रभारी ज्वाइनिंग हुई है। अब वह सब इंस्पेक्टर के रूप में यहां पर अपनी सेवाएं देंगे। कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्तालाप में कहा कि क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नशा खोरी पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही अवैध गतिविधियों में संलित लोगों के ऊपर भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के समस्त लोगों से आग्रह किया है सामजिक कार्यों में पुलिस का भी सहयोग करें।

### 23 मार्च तक जमा करवाएं बिजली के बिल

**हरिपुर।** मार्च माह के बिलों को अदायगी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को बोर्ड ने चेताया है। बोर्ड ने उपमंडल हरिपुर के आधीन आने वाले उनसे सभी उपभोक्ताओं को 23 मार्च तक का समय दिया है जो निर्धारित तिथि से पहले बिल नहीं जमा करवाते हैं के ऊपर एक्शन लिया जाएगा। ऐसे उपभोक्ता विभाग की चेतावनी को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इस पर उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सहायक अभियंता त्रिलोक मतलोटिया ने बताया कि उपभोक्ता 23 से पहले पहले अपने विद्युत बिलों का भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई निश्चित है। बिना किसी आगामी सूचना उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### कुलविंदर डोगरा को सौंपी कमान

**डाडासीबा।** देहरा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बनने पर कुलविंदर डोगरा ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नरदेव कंवर कर्मचारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन, विनीत कंबोज राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के महासचिव और हिमाचल के इंचार्ज, योगेश होंडा सह इंचार्ज, निगम भंडारी प्रेसिडेंट यूथ कांग्रेस हिमाचल प्रदेश, अंकुश कालिया जनरल सेक्रेटरी हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस, रजनीश मेहता वाइस प्रेसिडेंट हिमाचल प्रदेश इंचार्ज हमीरपुर लोकसभा युवा कांग्रेस का तहे दिल से धन्यवाद किया है और विश्वास दिलाया है कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं संपूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पालन करुंगा।

## अब्दुल्लापुर में छिंज मेला 24 से

**गगल।** अब्दुल्लापुर छिंज मेले में खेल प्रतियोगिताएं 24 व 25 मार्च को करवाई जाएगी। मेला कमेटी के प्रधान देशराज ने कहा के 24 व 25 मार्च को हर वर्ष की तरह अब्दुल्लापुर छिंज मेले में खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। 24 मार्च को महिलाओं के लिए रस्साकसी, मटका फोड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी और 24 को ही कबड्डी, व वॉलीबाल आदि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विजेता टीमों को 32000 के इनाम वितरित किए जाएंगे। बैठक में प्रधान अश्विनी कुमार, सुदर्शन सिंह, कुलदीप कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कौंडल, पूर्व प्रधान संजय कांचा, छींज मेला प्रधान देशराज व अन्य सदस्यों बैठक में मौजूद रहे।

# अंबटियालु में बस-बाइक की टक्कर से दो युवक घायल

अंकुश वशिष्ट, हरिपुर


हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

पठानकोट से शिमला जा रही एचआरटीसी पठानकोट डिपो की बस ने रविवार को हरिपुर के आगे अंबटियालु नामक क्षेत्र में एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए हैं। प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल युवकों को उपचार हेतु डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया है।

बस रोजाना की तरह पठानकोट से शिमला रूट पर जा रही थी। रविवार शाम के समय करीब अंब टियालु में इस बस द्वारा सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी गई। बाइक पर दो युवक सवार थे। जोकि हरिपुर की ओर आ रहे थे। इस हादसे में पंकज कुमार पुत्र जगदीश चंद और प्रिंस पुत्र केवल चंद निवासी भटोली फकोरियां दोनों चोटिल हुए हैं, जिन्हें एमएलसी हरिपुर में करवाने के उपरांत टांडा रेफर किया है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# मैक्लोडगंज से दलाईलामा की प्रार्थना सभा का होगा लाइव वेबकास्ट

अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज



बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए होने वाले विशेष प्रार्थना सभा और टीचिंग को लेकर पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जगी है।

तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा और 19 से 20 अप्रैल तक होने वाले टीचिंग को लेकर आने वाले दिनों में एक बार फिर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही पहाड़ पर पर्यटन कारोबार भी उड़ान भरेगा। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रार्थना सभा का आयोजन विभिन्न तिब्बती समूहों द्वारा किया जा रहा है। इस प्रार्थना सभा का लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा। इस वेबकास्ट को न केवल भारत बल्कि चीन, जर्मन, वियतनाम, मंगोलियन तथा ताईवान व रशियन भाषा में भी उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रवचन और दीर्घायु प्रार्थना कार्यक्रम का तिब्बती, चीनी, जापानी, हिंदी, स्पेनिश, फ्रेंच नेपाली, लद्दाखी, नेपाली सहित अन्य भाषाओं में लाइव प्रसारण किया जाएगा। प्रवचन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के इच्छुक अनुयायी दलाईलामा टीचिंग वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

### दलाईलामा 19 व 20 अप्रैल को देंगे प्रवचन

**हिमाचल** के धर्मशाला में तिब्बतियों के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा 19 से 20 अप्रैल तक तुशिता स्वर्ग के 100 देवताओं (गादेन ल्हाग्यामा) पर प्रवचन देंगे। मैक्लोडगंज रह रहे निर्वासित तिब्बती और बौद्ध अनुयायी तिब्बतियन न्यू ईयर लोसर उत्सव में पहली बार दलाई लामा के सार्वजनिक दर्शन कर आशीर्वाद ले सकेंगे। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में 19 से 20 अप्रैल में होने वाली धर्मगुरु दलाईलामा की टीचिंग पर्यटन कारोबार के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। दलाईलामा टीचिंग के लिए पर्यटन नगरी के होटलों में इस माह से ऑनलाइन एडवांस बुकिंग का दौर शुरू हो जाएगा। ऐसे में पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज देश-विदेशों से बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के अनुयायी पर्यटन नगरी का रुख करेंगे।


कांगड़ा। विधानसभा कांगड़ा के गांव ग्राम पंचायत हारजलाड़ी, जनयानकड़ व दौलतपुर में भाजपा महिला कार्यकताओं द्वारा लोगों के घरों में जाकर उनकी मन की बात जानने के लिए सुझाव पेटियां रखी गईं, ताकि लोग उन पेटियों में अपने सुझाव को एक पत्र में लिखकर डाल सकें। इसमें कि लोग अपने हर एक सुझाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेखा चौधरी, जिला सचिव शिखा चौधरी, स्थानीय प्रधान और महिलाओं का सहयोग भी रहा।

### जिला स्तर पर कंट्रोल रूम किए स्थापित : हेमराज बैरवा

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। इसके साथ ही निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए विभिन्न स्तरों पर कमेटियां भी गठित कर दी गई हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में निर्वाचन के लिए गठित कमेटियों के नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक भी किया जाएगा, ताकि कोई भी मतदाता वोट डालने के अधिकार से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि व्यय निगरानी समिति राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की पूरी तरह से निगरानी करेगी। जबकि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एमसीसी कमेटी का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनाव विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को समाचार पत्रों, संचार माध्यम इंटरनेट में कोई भी विज्ञापन देने से पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन निगरानी समिति की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नोडल अधिकारियों को नियमित तौर को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर रिपोर्ट भी प्रेषित करने के आदेश दिए गए हैं।

## जैन समुदाय धूमधाम से मनाएगा होली उत्सव

**कागड़ा।** पुराना कागड़ा स्थित ऐतिहासिक दुर्ग में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा होली महोत्सव। पुराना कागड़ा स्थित किले में जैन समुदाय द्वारा इस पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस दुर्ग में जैनियों के क्षेतांबर समाज के भगवान श्री श्री अदिनाथ जी की करीब 5000 हजार साल पुरानी मूर्ती स्थापित है। यहा पर व हर वर्ष होली से एक सप्ताह पहले हो एकत्रित होकर इस पर्व को मनाने की तैयारियां शुरू कर देते है। इसमे बाहरी राज्यों खासतोर पर पंजाब से भारी संख्या मे जैनी यहां एकत्रीत होते है।

# कोर्ट ने दिया सच्चाई का साथ : नीनू शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सच्चाई का साथ दिया है और कांग्रेस पार्टी से बगावत करने वाले छह बागी विधायकों को किसी भी प्रकार राहत नही दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल के छह बागी विधायकों की स्टे देने की मांग को सोमवार को खारिज कर दिया। मगर सुप्रीम कोर्ट ने छह मई तक हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव का प्रोसेस शुरू करने पर रोक लगा दी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल विधानसभा स्पीकर और सेक्रेटरी को नोटिस जारी किया है और दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। नीनू शर्मा ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम के सभी पार्षद सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद इन बागी विधायकों के विधानसभा की जनता के साथ भी इंसाफ हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन वोटरों ने अपना कीमती वोट देकर इन्हें विधानसभा पहुंचाया था लेकिन इन छह बागी विधायकों ने कांग्रेस पार्टी से दगा करते हुए क्रॉस वोटिंग की थी। इस फैसले के बाद यह उन लोगों की भी जीत है जिन्होंने इन्हें वोट देकर विधानसभा में बिठाया था। नीनू शर्मा ने कहा कि इस प्रकरण के बाद हिमाचल प्रदेश की जनता काफी आहत हुई है और लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा था। उन्होंने कहा कि जो लोग इन बागी विधायकों के साथ जुड़े हुए थे व भी आज काफी निराश है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे भी सुप्रीम कोर्ट हिमाचल के लोगों के साथ न्याय ही करेगा और इन बागी विधायकों को राहत नहीं देगा।

# एबीवीपी ने कुलपति का घेराव कर उठाई मांगें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला


कुलपति से बात करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला इकाई ने सोमवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय की मांगों को लेकर कार्यकर्ताओ द्वारा कुलपति सत प्रकाश बंसल का घेराव किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं ने कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनकी मांगों में लाइब्रेरी, योगा के छात्रों के लिए हाल की व्यवस्था न होना, शौचालय में साफ-सफाई न होना इत्यादि मुद्दों को उठाया। साथ ही छात्रों का कहना हे कि वह लगभग चार महीनों से इन मांगों को लेकर बार बार कुलपति कार्यालय के चक्कर काट रहे है लेकीन अभी तक उन्हें केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है।

वहीं, साथ ही उनका कहना हे कि छात्रों द्वारा धर्मशाला के जद्रांगल में बनने वाले कैंपस को लेकर सरकार द्वारा जो 30 करोड़ रुपए जमा करवाने के उसको लेकर बार-बार आवाज उठाते रहे है लेकिन सीयू प्रशासन इस संदर्भ में चुप्पी साधे हुए है । कुलपति सत प्रकाश बंसल ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा की केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन बार-बार इस मामले को लेकर सरकार से मिल रहा है तथा मुख्यमंत्री द्वारा भी उन्हें आश्वासन दिया गया है कि सरकार जल्द से जल्द 30 करोड़ जमा कर देगी तथा इसके बाद परिसर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा की लाइब्रेरी के समय को आज से ही बढ़ा दिया जाएगा।


**चुनाव** | विधानसभा चुनाव-2022 में तीन प्रतिशत ज्यादा हुआ था मतदान

# 10441 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश में महिलाएं, पुरुषों के मुकाबले लंबा जीवन बिताती हैं। यही कारण है कि इस बार के लाकसभा चुनाव में कांगड़ा जिला के कुल 488 शतकवीरों में से 60 फीसदी से ज्यादा यानी 332 महिलाएं है।

पहली बार वोट करने वालों में सबसे ज्यादा बैजनाथ में होंगे। कांगड़ा जिला में कुल 1307167 मतदाता लोकसभा चुनावों में अपने वोट का प्रयोग करेंगे। इनमें 658248 पुरुष तथा 648915 महिलाएं हैं। देहरा तथा जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों में महिलाओं का अनुपात पुरुषों के मुकाबले कम है। चुनावों में कुल 21601 कर्मचारियों में 21224 पुरुष तो 377 महिलाएं हैं। साल 2022 के चुनावों में 653155 महिला तथा 659613 पुरुषों समेत कुल 1312774 मतदाता सूचियों में दर्ज थे। सबसे ज्यादा मतदाता जवाली विधानसभा क्षेत्र से 100390 हैं तो पालमपुर में सबसे कम 75190 मतदाता हैं।




### 488 मतदाता 100 साल से है ऊपर

**पहली** बार वोटिंग कर रहे युवाओं में कुल 10441 में 1062 के आंकड़े के साथ बैजनाथ पहले, 868 के साथ इंदौरा दूसरे स्थान पर तथा 775 के साथ सुलाह विधानसभा क्षेत्र तीसरे नंबर पर है। जिले में 6775 युवक तथा 3666 युवतियां पहली बार चुनावों में मतदान करेंगे। 80 वर्ष के ऊपर तथा उम्र का शतक लगा चुके मतदाताओं की जिले में कुल संख्या 37705 है। इनमें 80 से 99 साल के कुल 37217 मतदाताओं में से 20733 महिलाएं तथा 16484 पुरुष हैं। वहीं, उम्र का शतक पूरा कर चुके 100 साल के ऊपर के शतकवीरों की कुल आबादी 488 है। इसमें 156 पुरुष तो 332 महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा 72 शतकवीर फतेहपुर से हैं, तो 15 के साथ पालमपुर में सबसे कम हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों 69.41 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा मतदान कांगड़ा हलके में 74.16 प्रतिशत जबकि सबसे कम मतदान जयसिंहपुर में 62.37 प्रतिशत हुआ। 2022 के विधानसभा चुनावों में कुल 72.58 प्रतिशत मतदान में से सबसे ज्यादा मतदान नगरोटा में 77.57 तथा सबसे कम बैजनाथ में 64.40 प्रतिशत हुआ।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**


**मैं, राज कुमार** आयु 66 साल पुत्र श्री सूंका राम निवासी टीका बगियां, गांव हटवास, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल धीमान व उसकी पत्नी श्रीमति रुचि धीमान मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। आए दिन मुझसे लड़ाई-झगड़ा करते और मुझे तंग करते हैं। जिस कारण मैं अपने पुत्र राहुल धीमान व उसकी पत्नी रुचि धीमान को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

विहाय कामान् यः कर्वान्पुमांश्चरति निस्पृहः। निर्ममो निरहंकार स शांतिमधिगच्छति।।

**भावार्थ :** जो मनुष्य सभी इच्छाओं व कामनाओं को त्याग कर ममता रहित और अहंकार रहित होकर अपने कर्तव्यों का पालन करता है, उसे ही शांति प्राप्त होती है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 19 मार्च 2024

# राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी



## होलिका दहन 24 को और होली 25 मार्च को

**हिंदू** पंचांग के अनुसार, फाल्गुन महीने की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन के अगले दिन रंग वाली होली खेलते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हैं। इस दिन को देश कुछ हिस्सों में धुलेंदी, धुरखेल, धूलिवंदन और चैत बदी आदि नामों से जाना जाता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च को है, जबकि होली 25 मार्च को।

होलिका दहन के लिए 24 मार्च की रात 11.13 से देर रात 12.07 तक का शुभ मुहूर्त है। शास्त्रों के अनुसार, सूर्यास्त के बाद ही होलिका की पूजा कर उसे जलाया जाता है। होलिका दहन के दिन भद्रा भी लग रही है। फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09: 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12: 29 मिनट पर होगा। होली इसी दिन मनेगी। मान्यता है कि प्राचीन समय में इस दिन लोग एक-दूसरे को धूल या मुल्तानी मिट्टी लगाते थे, इसलिए इसे धुलेंदी कहा जाता है। इस दिन लोग रंग से होली खेलने के साथ ही अपनों को मैसेज या इमेज भेजकर भी होली की बधाई देते हैं। इस होली आप भी ऐसे बेस्ट शुभकामना संदेश से होली की बधाई दे सकते हैं।

- चलो आज हम बरसों पुरानी अपनी दुश्मनी भुला दें। कई होलियां सूखी गुजर गई इस होली पर आपस में रंग लगा लें।
- हमेशा मीठी रहे आपकी बोली, खुशियों से भर जाए आपकी झोली, आप सबको मेरी तरह से हैप्पी होली।
- राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी, प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी, ये रंग न जाने कोई जात न कोई बोली, मुबारक हो आपको रंगों से भरी होली।
- लाल गुलाबी रंग गुलाल उड़ रहा, झूम रहा है सारा संसार, खुशियों की आई है बहार अपार, मुबारक हो आपको होली का त्योहार।
- भगवान करे हर साल चांद बन कर आए, दिन का उजाला शान बन के आए, कभी न दूर हो आपके चेहरे से हंसी, ये होली का त्योहार ऐसा मेहमान बन कर आए।
- निकलो गलियों में बना कर टोली, भिगो दो आज हर एक की झोली, कोई मुस्कुरा दे तो उसे गले लगा लो, वरना निकल लो, लगा के रंग और कह के हैप्पी होली।
- लाल गुलाबी रंग है, झूम रहा संसार, सूरज की किरण, खुशियों की बहार, चांद की चांदनी अपनों का प्यार, मुबारक हो आपको होली का त्योहार।
- मथुरा की खुशबू, गोकुल का हार। वृंदावन की सुगंध, बरसाने की फुहार.. मुबारक हो आपको होली का त्योहार।
- सभी रंगों का रास है होली, मन का उल्लास है होली जीवन में खुशियां भर देती है, बस इसीलिए तो खास है होली। हैप्पी होली...

### होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त 24 मार्च की रात 11.13 से देर रात 12.07 तक





## होली से पहले घर से बाहर करें ये चीजें

होली से पहले कुछ चीजों को घर से बाहर कर देना चाहिए। ऐसा करने से पूरे साल धन की कमी नहीं होती है। इससे वास्तु से जुड़े दोष भी दूर होने लगते हैं। होली से पहले इन चीजों को घर से बाहर करने पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### टूटे हुए बर्तन

**कभी** भी टूटे हुए बर्तन का उपयोग नहीं करना चाहिए। होली से पहले टूटे-फूटे बर्तनों को घर से बाहर कर देना चाहिए। इन बर्तनों को रखने से सुख-समृद्धि में बाधा आती है।

### पुराने कपड़े

**होली** से पहले पुराने कपड़े को घर से बाहर कर देना चाहिए। इन कपड़ों को घर में रखने से मां लक्ष्मी नाराज होने लगती है। जिससे व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

### खंडित मूर्ति

**घर** में खंडित मूर्ति रखना अशुभ माना जाता है। होली से पहले इन खंडित मूर्तियों को घर से बाहर कर देना चाहिए। ऐसी मूर्ति घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

## रंग और अबीर कहीं बन न जाए स्किन इंफेक्शन का कारण

**होली** आने वाली है। भारत में यह त्योहार बेहद खास होता है, क्योंकि इस दिन लोग रंग खेलते हैं और खुलकर त्योहार मनाते हैं। हर तरफ रंग, अबीर और गुलाल उड़ता नजर आता है और लोग इन चीजों को एक-दूसरे के चेहरे पर लगाते हैं, लेकिन कई बार ये रंग स्किन इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं।



दरअसल, अबीर और गुलाल में तरह- तरह कैमिकल्स मिलाए जाते हैं जो स्किन रैशेज समेत खुजली व खुश्की की समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इतना ही नहीं कुछ रंग तो आपकी स्किन को जला सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि स्किन को हेल्दी रखने के लिए होली से आप इन टिप्स को अपना लें।

### इन बातों का रखें ध्यान

#### चेहरे पर नारियल तेल लगाएं

अगर आप अपनी स्किन को होली के रंगों के कारण होने वाले इंफेक्शन से बचाना चाहते हैं तो सबसे पहले हाथों पर नारियल तेल लगाकर पूरे चेहरे और शरीर के हर स्किन पर लगा लें। हल्के हाथों से मालिश करें और तय करें कि नारियल तेल शरीर के हर अंग पर लगा हो। इससे स्किन पर रंगों का असर नहीं होगा और इंफेक्शन से बचाव होगा।



#### होली खेलने से पहले पूरे कपड़े पहनें

अगर आप किसी भी प्रकार के स्किन इंफेक्शन से बचना चाहते हैं तो पूरे कपड़े पहनें। होली खेलने से पहले उन कपड़ों का चुनाव करें जो कि पूरे बदन वाले हों जिससे आपकी स्किन का बचाव हो और इंफेक्शन खतरा कम हो। तो, होली खेलने जाएं तो पूरे कपड़े पहन कर जाएं।

#### अपने पास ही रखें वेट वाइप्स

अगर आप होली खेलने जा रहे हैं तो अपने पास वेट वाइप्स लेकर रखें। जैसे ही रंग शरीर के किसी भी अंग पर लग जाए आप इससे साफ कर सकते हैं। यह स्किन को पूरी तरह से तुरंत साफ कर देगा और रंगों के असर को स्किन ते अंदर तक नहीं जाने देगा। जिससे आप इंफेक्शन से बचे रहेंगे।

#### एलोवेरा जेल लगा लें

एलोवेरा जेल स्किन इंफेक्शन को कम करने में मदद करता है। ये स्किन को मॉइस्चराइज करता है और साथ ही इंफेक्शन से भी बचाता है। तो, इन तमाम टिप्स को अपनाएं होली खेलने से पहले इन बातों का ध्यान रखें। साथ ही एक होली के तुरंत बाद अपनी स्किन को पूरी तरह से साफ कर लें ताकि आपको रैशेज और खुजली न हो। इसके अलावा कोशिश करें कि नेचुरल कलर्स के साथ ही होली खेलें।




# अनूठे उपायों से मिलेगा मनोवांछित फल

## गोविंद द्वादशी व्रत

**हिंदू** धर्म में द्वादशी का विशेष महत्व होता है। हर द्वादशी के अलग-अलग लाभ बताए जाते हैं और इसी कारण भक्त द्वादशी पर अपने आराध्य की पूजा और आराधना करते हैं।

इस बार गोविंद द्वादशी 21 मार्च को आ रही है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा-पाठ करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है और सभी परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु के नरसिम्हा अवतार की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है इसलिए गोविंदा द्वादशी को नरसिम्हा द्वादशी के नाम से जाना जाता है।

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष द्वादशी को गोविंदा द्वादशी व्रत विधान है। गोविंदा द्वादशी का व्रत पूर्णरूप से भगवान विष्णु का समर्पित है। यह व्रत करने वालों को संतान की प्राप्ति, समस्त धन-धान्य, सौभाग्य का सुख मिलता है। इस व्रत के करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पुराणों में यह व्रत समस्त कार्य को सिद्ध करने वाला होता है।



### इन मंत्रों का करें जाप

फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की द्वादशी परम पूजनीय कल्याणिनी है। इस व्रत में 'ॐ नमो नारायणाय नमः, श्रीकृष्णाय नमः, सर्वात्मने नमः' आदि नामों से भगवान विष्णु की पूजा-आराधना की जाती है।

### ऐसे मिलता है व्रत का फल

हिंदू धर्म में हर गोविंद द्वादशी का बड़ा महत्व है। गोविंद द्वादशी का व्रत करने वालों को दान, पुण्य, हवन, तर्पण आदि का बड़ा महत्व बतलाया गया है। मान्यता है कि जो कोई भी मानव इस दिन दान करता है उसको भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। वह मृत्यु के बाद ऐसे व्यक्ति को वैकुंठ धाम मिलता है। वैदिक शास्त्रों के अनुसार, विधि-विधान से पूजा के बाद इस व्रत को करने से समस्त पापों का नाश होता है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

### गोविंद द्वादशी शुभ समय

द्वादशी तिथि प्रारंभ 21 मार्च को प्रातः 02:23 बजे से लेकर इसका समापन दिनांक 22 मार्च को शाम 04:44 बजे पर होगा।

# जीवन में सुख-समृद्धि लाती है आमलकी एकादशी

अनिल शर्मा, मंडी

सभी एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णुन और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। एकादशी व्रत रखना बेहद पुण्यीदायी माना गया है। इससे अपार सुख-समृद्धि मिलती है। फाल्गुजन माह के शुक्श पक्ष की एकादशी को आमलकी एकादशी कहते हैं। आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णुल के साथ-साथ आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। ऐसा करने से सारे कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य आता है। (अनंत ज्ञान)



### पूजा का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल फाल्गुन माह शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी कि आमलकी एकादशी तिथि 20 मार्च की मध्य रात्रि 12 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 21 मार्च को अल सुबह 2 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगी। उदयातिथि के अनुसार, 20 मार्च को आमलकी एकादशी मनाई जाएगी। वहीं, आमलकी एकादशी व्रत की पारण का समय 21 मार्च की दोपहर 1 बजकर 7 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 32 मिनट तक रहेगा।

### व्रत वाले दिन जरूर करें ये काम

**आमलकी** एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्ना न करें। इसके बाद साफ कपड़े पहनें। यदि व्रत कर रहे हैं तो भगवान विष्णुब का स्मरण करते हुए आमलकी एकादशी व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। पूजा में आंवले का भोग लगाएं। साथ ही आमलकी एकादशी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा जरूर करें। आंवले के पेड़ की रोली, चंदन, फूल और अक्षत चढ़ाएं। आरती करें। इस दिन आंवले का सेवन करना बहुत अच्छाक माना जाता है। साथ ही व्रत-पूजा के बाद दान जरूर करें।

# 135 साल पहले शुरू हुआ था बिलासपुर का नलवाड़ी मेला



प्रस्तुति : वसुंधरा धर्माणी, घुमारवीं

**देवभूमि** हिमाचल के मेले प्राचीन संस्कृति व सभ्यता की धरोहर हैं। मेले और त्योहार हमारी प्राचीन संस्कृति के परिचायक तो होते ही हैं। साथ ही हमारी पुरातन सभ्यता के संरक्षण और संवर्धन का जरिया भी होते हैं। मेले हमारे आपसी भाईचारे के आत्मीय प्रेम को बनाए रखने का संदेश भी देते हैं। मेले और उत्सव लोगों के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह मेले और त्योहार यहां के लोगों की सांस्कृतिक धरोहर हैं।

बिलासपुर में नलवाड़ी का मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस मेले का इतिहास 135 साल पुराना है। गुणवत्ता वाले मवेशियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मेले का शुभारंभ साल 1889 में किया गया था। उस समय इसे वसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता था। कहलूर रियासत के राजा के समय बिलासपुर का नाम पहले इंद्रपुरी हुआ करता था। ऐसे में जब कहलूर रियासत के अंतिम राजा विजय चंद के बेटे 1936 में आनंद चंद पैदा हुए थे, तब से इस मेले का नाम नलवाड़ी रख दिया गया।

बिलासपुर का वर्तमान राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला रियासतकाल से वास्तविकता के धरातल से जुड़ा ऐसा मेला है इसका सीधा संबंध पशुधन के माध्यम से किसानों की आर्थिक दशा में सुधार लाना रहा है। यह पशु व्यापार मेला है जो आसपास के इलाके में पशु व्यापार विशेषकर बैलों के लिए सुप्रसिद्ध है। एक समय ऐसा था जब हजारों की संख्या में बैलों की जोड़ियां मेले में आती थी और अच्छी गुणवत्ता वाले बैलों के आने से नलवाड़ी मेले की शान और भी बढ़ जाती थी। एक दिन में ही लाखों की खरीद-फरोख्त की जाती थी। लोग योग्य पशुधन का आदान- प्रदान करते थे।

## फाल्गुन महीने से बैलों को सजाने-संवारने में जुट जाते थे ग्रामीण



**एक** समय था जब ग्रामीण किसानों में इस मेले के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखने को मिलता था। ग्रामीण बड़ी बेसब्री से नलवाड़ी के मेले का इंतजार करते थे। वे फाल्गुन महीने से अपने बैलों को सजाने संवारने में जुट जाते थे। बैलों को नहलाकर चमकाया जाता था। उनके लिए नई रस्सियों ,नुकेलों, घंटियों और घुंघरूओं का इंतजाम किया जाता था। किसान पूरे आत्मविश्वास और उत्सुकतापूर्वक अपने बैलों के साथ खूंटी गाड़ने की रस्म में बड़े आनंद और उत्साह से पहुंचते थे। उन्नत नस्ल के बैलों और अन्य पशुओं के साथ इस मेले का आगाज होता था। भारी संख्या में आकर किसान एक दूसरे के पशुओं को देखकर उनका मोल भाव कर खरीद-फरोख्त करते थे। वर्तमान समय में यह पशु व्यापार केवल औपचारिकता मात्र ही रह गया है।

### पहले सांडू मैदान में और अब लुहनू मैदान में होता है मेला

**मेले** का शुभारंभ परंपरागत ढंग से 'खूंटी गाढ़ने' के साथ होता है। इस आयोजन के लिए वर्तमान समय में एक बैल की जोड़ी मिलना भी मुश्किल हो जाता है। 1962 तक यह मेला सांडू मैदान में मनाया जाता रहा। इस मैदान के गोबिंदसागर झील में डूबने के बाद यह मेला लुहनू मैदान में मनाया जाता है। पशु मेले के साथ-साथ झूले, कपड़े, घरेलू सामान, खिलौने, खाने की दुकानें आदि लगाकर लोग खूब मुनाफा कमाते हैं।

### झूलों का रोमांच और पैराग्लाइडिंग रहता है मेले का मुख्य आकर्षण

**चंबा** का मिंजर मेला, मंडी की शिवरात्रि, रामपुर का लवी मेला जैसे अंतरराष्ट्रीय मेलों में भी हेलिकॉप्टर की सवारी लोगों को उपलब्ध नहीं हो सकी जो बिलासपुर के नलवाड़ी मेले में 2018 में जनसाधारण के लिए रोमांच और उत्साह लेकर आई। मेले में झूलों के रोमांच के साथ पैराग्लाइडिंग के माध्यम से बंदलाधार से उड़ान भरने वाले मानव परिंदों को मेला मैदान में उतरते देखने का रोमांच भी इस मेले का मुख्य आकर्षण रहा है।

### समय के साथ मेले के स्वरूप में आता गया निखार

**समय** बीतने के साथ इस मेले के स्वरूप में और भी निखार आता गया और आज यह मेला केवल मवेशियों की खरीद-फरोख्त तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लोक मनोरंजन और सामुदायिक उत्सव की भावना से मनाया जाता है।

इस मेले में होने वाली सांस्कृतिक संध्या पर बड़े-बड़े कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है जो अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। युवा मंडल, महिला मंडल सहित अन्य युवा क्लब नलवाड़ी मेले में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इनके अलावा भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से साहित्यिक गोष्ठी भी मेले में आयोजित होती हैं। ये सांस्कृतिक कार्यक्रम वास्तव में आनंद और उल्लास का एक रंगीन संयोजन है।

## टोटके

- अगर किसी को नजर लग गई है, तो व्यक्ति के सिर से पैर तक सात बार नींबू वार लें। इसके बाद नींबू के चार टुकड़े करके सुनसान जगह पर फेंक दें।
- व्यापार ठीक नहीं रहा है तो शनिवार के दिन एक नींबू को दुकान या कार्यस्थल की दीवारों पर स्पर्श कराएं। इसके बाद चार टुकड़ों में काटकर चारों दिशाओं में एक-एक टुकड़ा फेंक दें।



- सोई किस्मत जगाने के लिए एक नींबू लें। उसको अपने सिर के ऊपर से वार कर दो टुकड़े करें। बाएं हाथ का टुकड़ा दाएं तरफ और दाएं हाथ का टुकड़ा बाईं तरफ फेंक दें।
- एक नींबू के ऊपर चार लौंग गाड़ दें। फिर ओम श्री हनुमते नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। फिर नींबू को अपने साथ इंटरव्यू में लेकर जाएं, निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी।

# जिले में 14,15,724 मतदाता, 532 मतदान केंद्र स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुल 17 विधानसभा क्षेत्रों में इस समय कुल 14,15,724 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 708153 पुरुष और 707556 महिलाएं और 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इनके अलावा सर्विस वोटर्स की संख्या 23,269 है, जिनमें 556 महिला सर्विस वोटर्स शामिल हैं।

अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1784 है, जिनमें 113 क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में इस समय कुल मतदाताओं की संख्या 413883 है, इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 210009 और पुरुषों की संख्या 203869 है। जिला में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 4621 है। उपायुक्त ने बताया कि जिला के कुल 532 मतदान केंद्रों में से 17 को क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किया गया है।

## तैनात रहेंगी 51 टीमें

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना के लिए जिले भर में 51 टीमें तैनात की गई हैं। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 उड़न दस्ते, 3-3 स्टैटिक सर्विलांस टीमें, 2-2 वीडियो सर्विलांस टीमें, एक-एक वीडियो व्यूइंग टीम और एक-एक अकाउंटिंग टीम तैनात रहेंगी। जिला स्तर पर भी एक अकाउंटिंग टीम तैनात रहेगी। चुनावी खर्च पर इन सभी 51 टीमों की कड़ी नजर रहेगी।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों से की बैठक

**बिझड़ी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने राजनीति पार्टियों के साथ बैठक की, जिसमें कांग्रेस की ओर से एनएसयूआई के नेशनल कोऑर्डिनेटर रुबल ठाकुर तथा भाजपा की ओर से बड़सर किसान मोर्चा के महामंत्री संदीप अग्निहोत्री ने भाग लिया। उन्होंने पार्टी के प्रतिनिधियों को आदेश दिया है कि हर बूथ पर पार्टी का एक एजेंट होना आवश्यक है।

# राजकीय टीजीटी कला संघ ने सेमिनार का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**परीक्षाओं में सेमिनार से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित**

समग्र शिक्षा अभियान ने फरवरी और मार्च माह में अनेक सेमिनार आयोजित किए हैं। स्कूलों में रिवीजन से लेकर फाइनल पेपर और पेपर चेकिंग के समय भी समग्र शिक्षा अभियान तरह-तरह के सेमिनार आयोजित कर रहा है।

स्टार प्रोजेक्ट के तहत फरवरी माह में एक या दो सेमिनार आयोजित किए गए, जिनमें 12 दिन शिक्षक व्यस्त रहे। अब विषय आधारित प्रशिक्षण हेतु फिर से 5 दिन के सेमिनार हो रहे हैं, कुछ शिक्षकों की डेढ़ माह में 17 दिन ट्रेनिंग पूरी होने जा रही है, जबकि यह समय वार्षिक परीक्षाओं और मूल्यांकन का है।

दिसंबर माह तक अगर इन सेमिनारों का आयोजन किया जाता है तो कोई दिक्कत नहीं आती, मगर अब विषय आधारित प्रशिक्षण, इंडक्शन ट्रेनिंग, स्वास्थ्य संबंधी ट्रेनिंग के नाम पर स्कूलों से शिक्षकों को अलग-अलग स्थानों पर भेजा गया है। इसके चलते कई मिडल स्कूल में सिंगल टीचर हो रहे हैं। ऐसे में परीक्षाओं का संचालन और समय पर परीक्षा परिणाम तैयार करना मुश्किल हो रहा है। इस बार 24, 25 और 31 मार्च को अवकाश है और परीक्षा परिणाम 30 मार्च को घोषित करने हैं। ऐसे में 23 मार्च तक सेमिनार लगाने का राजकीय टीजीटी कला संघ ने पुरजोर विरोध किया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, दुनी चंद ने कहा कि सेमिनारों का आयोजन परीक्षाओं के मध्य और पेपर चेकिंग के मध्य नहीं किया जाना चाहिए।

## अकादमिक क्लस्टर में होना चाहिए मूल्यांकन

**वहीं** नया क्लस्टर सिस्टम अकादमिक कार्यों के लिए बनाया गया है मगर आठवीं कक्षा के पेपर केंद्र स्कूलों में पुराने क्लस्टर सिस्टम की तरह लेने के आदेश जारी किए गए हैं, अगर ऐसे अकादमिक कार्य पुराने क्लस्टर सिस्टम में करने हैं तो नए क्लस्टर सिस्टम का औचित्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में प्रशासनिक कलस्टर की बजाय अकादमिक क्लस्टर में ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर में लगाया नमो टी स्टॉल

**सुजानपुर।** भाजयुमो सुजानपुर द्वारा नमो टी स्टॉल सुजानपुर शहर में लगाया गया।



सुजानपुर अध्यक्ष शुभम राणा ने बताया कि इसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा, जिला परिषद सदस्य रणजीत सिंह राणा, मंडल महामंत्री जगन कटोच, संसार चंद, भाजयुमो महामंत्री अक्षय राणा, अमित कुमार, अजय शर्मा और मंडल के सदस्य शामिल रहे।

### गो सदन भरेड़ी में चलाया सफाई अभियान

**जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने भरेड़ी में गो सदन में सफाई अभियान चलाया। गो सदन की साफ-सफाई के पश्चात ट्रस्ट के सदस्यों ने गऊओं को चारा भी खिलाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, वित्तीय सचिव प्रदीप कुमार, कानूनी सलाहकार बलदीप जस्वाल, कमल डोगरा, आदित्य, निशा, रीना, राकेश भारद्वाज रहे।



### रस्साकशी में धिरड़ की टीम रही विजेता

**भरेड़ी।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का



आयोजन युवक मंडल बधानी व स्वामी विवेकानंद बीएड कॉलेज तरक्वाड़ी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. कुलदीप चंदेल व युवक मंडल बधानी के प्रधान राजकुमार उपस्थित रहे। वालीबॉल में डुंगरी की टीम विजेता व भोरंज टीम को उपविजेता रही। दौड़ में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में धिरड़ टीम व बैडमिंटन में दड़ोल की टीम विजेता रही।

### महाराष्ट्र के दादा सिल्के ने जीता ताल का दंगल

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत ताल की जय लखदाता पीर हनुमान छिंज मेला कमेटी द्वारा महा दंगल का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जय लखदाता पीर हनुमान छिंज कमेटी ने किया। छोटी माली में अंकुश विजेता बने। जबकि बड़ी माली महाराष्ट्र के दादा सिल्के और पंजाब के रवि बेहड़ा के बीच हुई। इसमें महाराष्ट्र के दादा सिल्के विजेता रहे। इस अवसर पर कमेटी मैंबर प्रधान सोनू शर्मा, सुरेंद्र जस्वाल, रोहित, विजय पटियाल, किशोरी लाल अन्य उपस्थित रहे।

### सीएमओ बने रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक

**हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह की विशेष पहल के बाद अब मुख्य चिकित्सा



अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री भी जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक बन गए हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी में लोगों को जोड़ने के लिए सोसायटी द्वारा की जा रही। उन्होंने उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह को 25 हजार रुपए का चेक सौंपा। इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव ने भी पांच हजार रुपए का अंशदान करके जिला रेडक्रॉस सोसायटी की संस्थागत सदस्यता ली। इनके अलावा एसडीएम मनीष सोनी और पत्रकार संतोष कुमारी ने भी एक-एक हजार रुपए के शुल्क के साथ सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

### ईसीएचएस को मंजूरी मिलने पर जताया आभार

**भोरंज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई हमीरपुर द्वारा भोरंज में एक बैठक का आयोजन सूबेदार मिलाप चंद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मेजर रमेश चंद वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्या अतिथि ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का उनकी पुरानी मांग ईसीएचएस की मांग को मंजूरी दिलाने में सहयोग करने के लिए आभार जताया। इस मौके पर कर्नल अशोक कुमार, कर्नल विनय, मेजर प्रकाश बर्मा, कैप्टन ध्यान चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों की व्यवस्था के आदेश

**हमीरपुर।** जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. आरके अग्निहोत्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सीएमओं ने सभी बीएमओ को निर्देश दिए गए कि सभी गर्भवती महिलाओं व बच्चे के टीकाकरण का पूरा विवरण समय पर एक्सेल शीट पर तैयार करें ताकि जो टीकाकरण से छुटे हुए गर्भवती महिलाएं व बच्चे हैं उनका आसानी से पता चल सके। जिससे इन लाभार्थियों का शत प्रतिशत टीकाकरण करने में आसानी हो।

### विद्यार्थियों से की मतदान की अपील

**भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज (कंज्याण) में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के तहत एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अधिकारी संजय कुमार ने छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, महाविद्यालय की प्राचार्य आशा कुमारी और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

### गेहूं की फसल में सुधार के लिए हो रहे शोध

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग द्वारा एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। असिस्टेंट प्रो. डॉ. प्रियंका ने बताया कि इडाहो यूनिवर्सिटी यूएसए से ऑनलाइन माध्यम से डॉ. अमनदीप कौर उपस्थित रही। डॉ. अमनदीप कौर ने बताया कि सिंथेटिक गेहूं उच्च उपज और गेहूं सुधार में जैविक और अजैविक तनावों के प्रतिरोध के लिए एक अनिवार्य पूर्व-प्रजनन स्रोत है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, रीना रोहिला पत्नी संजय कुमार गांव छौंट, डाकघर सुरानी, तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा, हि.प्र. मेरे पति के सेना रिकॉर्ड में मेरा नाम रीना कुमारी गलत दर्ज हो गया है। लेकिन मेरे दसवीं कक्षा और पेन नं., आधार कार्ड में सही नाम रीना रोहिला दर्ज है।

### छात्रों ने किया विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**टौणीदेवी।** राष्ट्रीय नेचर कैंपिंङ्ग अभियान के अंतर्गत पाठशाला के विज्ञान अध्यापिका कुमारी तान्या तथा होनहार विद्यार्थी शगुन गांव टपरे व अभिमन्यु गांव भरनोट ने जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम की देख-रेख में विज्ञान केंद्र शोघी शिमला का भ्रमण किया।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों पक्षियों के रहन-सहन, पर्यावरण की समस्त जानकारियों से अवगत करवाया गया। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह डोगरा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैठक: पेंशनर्स को नहीं मिल रही ग्रेच्युटी

**रोष जताकर बोले; अब कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम जिला हमीरपुर का छठा जिला सम्मेलन हमीरपुर में आयोजित किया गया, जिसमें सरकार और बोर्ड प्रबंधन को जमकर कोसा गया। फोरम के नेताओं ने कहा कि रिटायरी लोगों को न ग्रेच्युटी और न कैश इन लीवमेंट का लाभ मिल रहा है। जिला अध्यक्ष जेपी चौहान की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में हमीरपुर, बड़सर नादौन, भोरंज, सुजानपुर से पेंशनर्स उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष जेपी चौहान, महासचिव विजय शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड का प्रबंधन वर्ग कर्मचारियों के मसलों का समाधान करने में आनाकानी कर रहा है।

जिला अध्यक्ष जेपी चौहान ने जिला कार्यकारिणी को भंग किया और कांगड़ा के जिला संगठन सचिव की अध्यक्षता में जगमेल सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश शर्मा, नरसिंह रावत चार सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।




बैठक को संबोधित करते हुए नेता और मंच पर बैठे अन्य प्रमुख पदाधिकारी।

## पुरानी पेंशन बहाल न कर पाना बोर्ड प्रबंधन की नाकामी

**पुरानी** पेंशन को बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के लिए बहाल न कर पाना बोर्ड प्रबंधन की नाकामियों को दर्शाता है। पेंशनर्स को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## एचआरटीसी जैसे विभाग कर रहे समय पर अदायगी

**आज** एचआरटीसी जैसे विभाग जिनको कभी समय पर न आर्थिक लाभ मिलते थे, न कभी समय पर महंगाई भत्ता मिलता था, वे भी समय पर आर्थिक लाभों की अदायगी कर रहे हैं। लेकिन बोर्ड प्रबंधन ने बिजली बोर्ड को आर्थिक तौर पर इतना नीचे लगा दिया कि न तो आर्थिक लाभों की अदायगी हो पा रही है और न ही महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी हो पा रही है।

## नए चुने हुए पदाधिकारी

- प्रधान कुलदीप सिंह खरवाड़ा।
- वरिष्ठ उप प्रधान इं. देशराज शर्मा।
- उपप्रधान जोगिंद्र शर्मा, उपप्रधान इ. उत्तम चौहान, उपप्रधान राजकुमार, उपप्रधान कैलाश शर्मा, उपप्रधान देवराज।
- उपप्रधान राजेंद्र शर्मा, उपप्रधान सीमा शर्मा।
- महासचिव विजय शर्मा।
- उप महासचिव जितेंद्र धीमान।
- कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा।
- निरीक्षक सुभाष ठाकुर।
- मुख्य संगठन सचिव चैन सिंह ठाकुर।
- संगठन सचिव ओम प्रकाश शर्मा मुख्य सलाहकार इंजीनियर जेपी चौहान
- मुख्य सलाहकार इंजीनियर विजय डोगरा।

## बैलों से भरे दो वाहन जब्त

**भरेड़ी।** समकरी खड्ड पुल के पास गोरक्षक दल के अध्यक्ष दीपक कुमार व उपाध्यक्ष अभिमन्यू कालिया ने अवैध रूप से दो ट्राला जीपों में भर कर ले जा रहे 6 बैलों को पकड़ा है और जाहू पुलिस चौकी में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्राला जीप नंबर एचपी 67-1874 व एचपी 67-5333 के चालक विजय कुमार व सुरेश नादौन जिला हमीरपुर के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चंदेल ने बताया कि पुलिस न मामला दर्ज करके दोनों ट्राला जीपों को बाउंड कर लिया है तथा छानबीन जारी है।

## सलौनी-दियोटसिद्ध सड़क नहीं हुई डबललेन

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू बाबा बालक नाथ से आशीर्वाद लेने के लिए आए थे। उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व सलोनी से दियोटसिद्ध को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को एक वर्ष के भीतर डबल करने की घोषणा की थी, परंतु प्रदेश में सरकार को लगभग 2 वर्ष पूरे होने को हैं परंतु सलौनी दियोटसिद्ध सड़क मार्ग पर डबल लाइन तो दूर सड़क में पैचवर्क का कार्य भी पिछले का काफी अरसे से नहीं हुआ है।

मंदिर में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कई बार भारी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

पीडब्ल्यूडी बड़सर एक्शन राजेंद्र पाल ने बताया कि इस मार्ग की डबल लाइन कार्य की डीपीआर नाबार्ड को भेज दी गई है। 34 करोड़ रुपए का बजट नाबार्ड से मंजूरी मिलने के बाद मार्ग का कार्य आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## भाजपा ने की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भाजपा मंडल सुजानपुर के पदाधिकारियों ने एसडीएम रोहित से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की व मांग-पत्र भी सौंपा।

भाजपा मंडल का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम सुजानपुर से मिला तथा इस संबंध में उन्हें मांग-पत्र सौंपा। अध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा कि सुख सम्मान निधि योजना के फार्म भरवाए जा रहे हैं, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।



भाजपा मंडल सुजानपुर के पदाधिकारी एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए।

## फोरलेन निर्माण से संपर्क सड़क बाधित

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भरमोटी पंचायत के गांव कुठार के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व पंचायत प्रधान निशु जाट के नेतृत्व में एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल से मिला तथा उन्हें मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कुठार गांव के निवासी।

भुपेंद्र सिंह ने कहा कि फोरलेन निर्माण के कारण 15 से 20 दिनों से गांव का रास्ता बंद पड़ा हैं, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव वासियों ने चेताया कि समस्या का समाधान न हुआ तो धरना दिया जाएगा।

एसडीएम अपराजिता चंदेल ने कहा कि दो बार मौका देखा जा चुका है। फिर भी स्वयं मौका देखूंगी, समस्या बरकरार होगी तो समाधान करवाया जाएगा।

# बाबा बालक नाथ मंदिर में 15000 श्रद्धालुओं ने किए गुफा के दर्शन

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में आजकल चैत्र माह के मेले चले हुए हैं। चौथे दिन बाबा के भक्तों ने गुफा दर्शन करके 28 लाख 59 हजार 619 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि सोमवार को लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। गुफा में 20 लाख 59 हजार 327 रुपए तथा 8 लाख 292 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। सोना 7 ग्राम 530 मिलीग्राम, चांदी 109 ग्राम 140 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 2600, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 100, कनाडा डॉलर 855, यूएसए डॉलर 29, यूरो 225, यूएई 50 दराम, कतर 50 रियात, न्यूजीलैंड 10 डॉलर प्राप्त हुए हैं।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास और जुर्माना

**हमीरपुर।** एल.डी. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर गौरव महाजन ने आरोपी व्यक्ति राजवीर सिंह पुत्र प्यारे लाल निवासी सिंगोटी डाक्घर राठ तहसील बेहड़ी जिला बांस, बरेली यूपी को दोषी ठहराया है। उप जिला अटार्नी राहुल चोपड़ा के अनुसार आरोपी व्यक्ति ने पीड़िता को पैसे देने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके तहत आईपीसी की धारा 376 के तहत दस साल का कठोर कारावास और 50,000 रुपए का जुर्माना, जुर्माना न देने पर 6 महीने का साधारण कारावास।

## यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाकर कई महिलाएं निकाल रही दुश्मनी : सेन

**हमीरपुर।** कई महिलाएं, पुरुषों पर यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगा कर अपनी दुश्मनी निकाल रही हैं, जिससे सद्भावना के साथ रहने वाले गांवों में भी संबंधों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है। यह बात प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने कही। सेन का कहना है कि पुलिस व प्रशासन इस तरह के केस आने पर छानबीन करने के बाद आरोपी पर आरोप सिद्ध होता हो, तो ही उस पर कार्रवाई की जाए।

## प्रकाश बने विश्व हिंदू परिषद सुजानपुर इकाई के उपाध्यक्ष

**सुजानपुर।** प्रकाश सडयाल को विश्व हिंदू परिषद सुजानपुर इकाई का उपाध्यक्ष चुना गया है। जिला स्तरीय बैठक में सुजानपुर के प्रकाश सडयाल को पद सर्वसम्मति से सौंपा गया। प्रकाश सडयाल ने कहा कि वह विश्व हिंदू परिषद की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रय करेंगे।

## गाड़ियों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट आज

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत मार्च माह की ड्राइविंग टेस्ट व गाड़ियों के पासिंग इस बार कंज्याण हैलीपैड पर की जाएगी। एसडीएम भोरंज संजय कुमार ने बताया कि 19 मार्च को कंज्याण हेलिपैड पर गाड़ियों के ड्राइविंग टेस्ट 10 से 2 बजे तक व पासिंग 2 से 4 बजे तक होगी।

## कलाकारों के ऑडिशन 19 व 20 को

**हमीरपुर।** सुजानपुर में 23 से 26 मार्च तक किए जाने वाले चार दिवसीय होली उत्सव-2024 की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में लोक कलाकारों के चयन के लिए 19 और 20 मार्च को हमीरपुर के बचत भवन में ऑडिशन लिए जाएंगे।

**सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव ( सर्वे )**

# लोगों की पहली पसंद बना पढ़ा-लिखा उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

लोकसभा चुनाव-2024 का बिगुल बज चुका है। इसके साथ हिमाचल प्रदेश में बागी 6 विधायकों की खाली सीटों पर भी एक जून को ही उपचुनाव होंगे जिसमें एक सीट सुजानपुर की भी है। लोग लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे।

इस उपचुनाव का कारण यह है कि सुजानपुर के विधायक ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी।

अब इलाके में चर्चा हो रही है कि किसी पार्टी के नेता को वोट देने के बजाए एक ऐसे पढ़े लिखे उम्मीदवार नेता को वोट किया जाए जो लोगों की जरूरतों में काम आए और जमीनी स्तर से जुड़ा हुआ हो। इलाके से बहुत उम्मीदवारों के नाम सामने आ रहे हैं लेकिन एक सर्वे में जब पता लगाया गया तो इस समय आजाद उम्मीदवार के तौर पर पसंदीदा नाम जंगलबैरी अस्पताल के डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा का आ रहा है जो कि अपनी ड्यूटी के साथ-साथ समाज सेवा में भी आगे रहते हैं। इलाके में कोई भी कार्यक्रम हो डॉक्टर डोगरा अपनी भागीदारी से पीछे नहीं रहते हैं, चाहे वह खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन राशि देना हो या अपने सतर पर मैडिकल कैंप लगाना, शादियों में योगदान करना, स्कूलों में बच्चों को मोटिवेट करना, धार्मिक स्तर पर सामाजिक उत्थान करवाना, सभ्यता संस्कृति को सबसे उपर रखना और धर्म कर्म के काम आदि शामिल है। जो काम एक विधायक को करने चाहिए वह डॉक्टर डोगरा ड्यूटी के साथ-साथ कर रहे हैं।



डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की आम जनता ने बतौर उम्मीदवार अंदरुनी तरीके से राजनीतिक गठजोड़ शुरू कर दी है जिसके चलते डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने ग्राम पंचायत जोल पलाही, बजरोल, उटपुर, कक्कड़, बगेहड़ा, खनौली, पौंज, ऊलह, जंदड़ू, कुठेड़, रंगड़ धैल, सुजानपूर ग्रामीण व शहरी और चमियाना डूहक़, जंगल खास, खैरी, पनोह, लंबरी और सपाहल आदि में अपना अच्छा रसूख भी कायम कर लिया है।

लोगों का कहना है कि डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा सत्तापक्ष की नीतियों व कार्यों को आम जनता में बेहतर तरीके से पहुंचा सकते हैं। लोग जमीनी स्तर पर इनके साथ गुपचुप तरीके से जुड़ते जा रहे हैं लेकिन ये अभी तक खुले तौर पर सार्वजनिक ढंग से अपनी राजनीतिक मंशा को उजागर नहीं कर रहे हैं लेकिन विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर के कुछ हिस्से में यह भीतर ही भीतर जनता में एक उम्मीदवार के तौर पर देखे जा रहे हैं। लोग इन्हें सुजानपुर से सत्ता पक्ष के नए नेतृत्व का विकल्प का नाम दे रहे हैं।

# माथुर धीमान ने पकड़ा आठ फुट लंबा रॉक पायथन



लाहड़ू गांव में पकड़े पायथन के साथ माथुर धीमान व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

लाहड़ू गांव के मंदिर में घुसा लगभग 8 फीट लंबा रॉक पायथन प्रजाति के सांप को स्नेक मैन से मशहूर माथुर धीमान पकड़ कर लोगों को इससे निजात दिलाई है।

उन्हें गांव के निवासी अनूप कुमार ने बताया कि गांव में एक बड़ा सांप है जो लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

इसके अलावा मंदिर में यह सांप शरण लिए हुआ था। माथुर धीमान ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने सांप को पकड़ा और लोगों को इस सांप के डर से निजात दिलाई। वह अब तक 1000 के करीब जहरीले से जहरीले सांपों को पकड़ चुके हैं।

**रोष** | मजदूरों का श्रम कल्याण बोर्ड में नहीं हो रहा पंजीकरण व नवीनीकरण

# श्रम कल्याण बोर्ड व सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (संबंधित सीटू) ने श्रम कल्याण बोर्ड व प्रदेश सरकार के खिलाफ नादौन ब्लॉक में प्रदर्शन किए। उन्होंने कहा कि मजदूर लगातार मांगों को लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं, लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

श्रम कल्याण बोर्ड के सचिव से बात करें तो वह कुछ और बातें करते हैं और श्रम कल्याण अधिकारी अपनी बात रखते हैं। अपनी मनमर्जी के मुताबिक श्रम कल्याण अधिकारियों द्वारा 1996 में बने कानून को अब नए तरीके से परिभाषित किया जा रहा है और नए बहाने बनाकर गरीब मजदूरों को परेशान किया जा रहे हैं जिससे मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




सीटू से संबंधित मजदूर श्रम कल्याण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

आज के प्रदर्शनों को हिमाचल भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार ने संबोधित किया व सुनीता, वनिता, सरिता, कांता बौबी सहित दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया।

## पंजीकरण न होने पर करेंगे आंदोलन को और तेज

**नादौन** ब्लॉक के बेहा, बाड़ी, सलोह, कोहला पलासड़ी गांवों में मजदूरों ने प्रदर्शन किए और सरकार और श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ रोष निकाला। मजदूरों का कहना है कि मजदूरों का नवीनीकरण व पंजीकरण पहले की तरह नहीं शुरू किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

| फिक्स साइज | |
| --- | --- |
| Size | Rate |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को समझाया मतदान का महत्व




मतदान जागरूकता अभियान के दौरान जेएनजीईसी कॉलेज के छात्र सामूहिक चित्र में।

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रतिशता बढ़ाने, अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत के महत्व बारे जागरूक करने के लिए उपमंडल में स्वीप टीम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जवाहरलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर में युवाओं को जागरूक किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को अपना वोट बनाने के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही युवाओं को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक डीन जवाहरलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज डॉ. रितेश व स्वीप टीम के सदस्य देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, दिनेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, नैना व दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक मैटीरियल का उपयोग न करें

**मंडी।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उपयोग होने वाली वस्तुएं फर्नीचर, टेंट, झंडे, बैनर, वाहन और भोजन आदि की दरें उपायुक्त व जिला चुनाव अधिकारी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में निर्धारित की गई हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रतिनिधियों को इन दरों की जानकारी पहले दी जा चुकी थी। अब उनकी सहमति से ये दरें तय कर दी गई हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इन दरों को प्रत्याशियों को अवगत करवाने का आग्रह किया ताकि वे चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर व्यय करें। उन्होंने प्रचार के दौरान प्लास्टिक मैटीरियल का उपयोग न करने के भी निर्देश दिए। अपूर्व देवगन ने इस दौरान आम नागरिकों से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान 50,000 रुपए से अधिक की नकदी या 10,000 रुपए से अधिक का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की सूरत में संबंधित दस्तावेज या सामान का बिल जरूर साथ रखें। उन्होंने निजी भवनों पर आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर राजनीतिक झंडे बैनर आदि को उतारने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि वह आरओ की लिखित अनुमति पर इसे दोबारा लगा सकते हैं। बैठक में एडीसी रोहित राठौर के अलावा कांग्रेस के प्रतिनिधि संजय, भाजपा के प्रतिनिधि करन वीर, आप के प्रतिनिधि चमन लाल और राकेश रावत, बीएसपी के नरेंद्र कुमार और सीपीआईएम के गोपेंद्र कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूरो किड्स में फैंसी ड्रेस कंपटीशन

**मंडी।** यूरो किड्स प्री स्कूल जेल रोड मंडी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने डॉक्टर, वैज्ञानिक, फायर फाइटर, अध्यापक, सैनिक व छोटे बच्चों ने फल, सब्जियां, वृक्ष, जानवर आदि की भूमिका प्रदर्शित की। इस प्रतियोगिता में बच्चों की माताओं को जज बनाया गया था। जिसमें जज के रूप में डॉक्टर अश्विनी बावर, अदिती खन्ना व रंजना ने अपनी भूमिका निभाई। दो वर्ष से चार वर्ष की उम्र के बच्चों में आदविका, आदविक, दिव्यम, निरिशा, रान्या एवं ईवांसी, माही, रेहान क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। चार वर्ष से पांच वर्ष में सिद्धांत कपूर, रिजशशन, अथर्व, आव्य व सौमरिक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इन सभी बच्चों को स्कूल की ओर से ट्राफी, मोमेंटों व प्रमाण पत्र दिए गए। स्कूल की सेंटर हेड मीनाक्षी ठाकुर ने आए हुए निर्णायक मंडल का स्वागत किया तथा अध्यापकों व बच्चों का धन्यवाद किया।



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते हुए।

# सरस मेले में 1500 से 2000 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है शहद

- शिवरात्रि महोत्सव के सरस मेले में अमन ठाकुर ने लगाया स्टॉल
- मधुमक्खी के परागकण से होता है निर्मित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मधुमक्खियों का जिक्र आते ही हम सबके दिमाग में एक ही उत्पाद की तस्वीर आती है और वो है शहद, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मधुमक्खियां शहद के अलावा एक और उत्पाद भी तैयार करती हैं जो शहद से कई गुना महंगा होता है।

इसका नाम है बी पॉलन। बी पॉलन में बी का अभिप्राय मधुमक्खी से है जिसे अंग्रेजी में बी कहा जाता है। बी पॉलन फूलों के पराग कणों के ढेर को कहा जाता है। जब मधुमक्खी फूलों से रस एकत्रित करती है तो उसी दौरान उसके पैरों पर परागकण लग जाते हैं। जब यह मधुमक्खी वापस अपने छत्ते पर आती है तो उससे पहले एक पॉलन गेट लगा दिया जाता है जिससे गुजरने की जगह बहुत ही कम होती है। जब मधुमक्खी उस गेट से गुजरने का प्रयास करती है तो उसके पैरों पर चिपके परागकण नीचे गिर जाते हैं और जो ढेर एकत्रित होता है उसे बी पॉलन कहते हैं।

जो लोग पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं उनके लिए बी पॉलन किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें 40 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है। इससे आपकी इम्युनिटी बढ़ती है, लीवर का उपचार होता है, मांसपेशियों को मजबूती मिलती है, वजन कम करने में मदद करता है, जले हुए घावों को ठीक करता है, शरीर में टयूमर को फैलने से रोकता है, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए भी बी पॉलन बहुत ज्यादा फायदेमंद माना गया है। नारी शक्ति ग्राम संगठन अंबोटा की तरफ से सरस मेले में बी पॉलन और देसी शहद की बिक्री का स्टॉल लगाया गया है।

मधुमक्खी पालक अमन ठाकुर ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई रोहित के साथ बीते 15 वर्षों से इस कार्य को ऊना और शिमला में कर रहे हैं। कई लोग इसका सेवन करने के बाद दोबारा इसके इस्तेमाल के लिए उनके पास संपर्क करते हैं।

### 1500 से दो हजार रुपए प्रति किलो है दाम



अमन ठाकुर ने बताया कि बी पॉलन का दाम 1500 से लेकर दो हजार रुपए प्रति किलो है। लोगों की सुविधा के लिए उन्होंने छोटी पैकिंग भी उपलब्ध करवाई है, जिसमें 200 और 500 रुपए की पैकिंग लोगों को काफी भा रही है और लोग इसे खरीद भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरस मेले के दौरान बहुत से लोग उनके पास आकर इस प्रोडक्ट की जानकारी भी ले रहे हैं। इसके साथ ही इनके पास देसी शहद भी उपलब्ध है जिसे इन्होंने खुद द्वारा पाली मधुमक्खियों से प्राप्त किया है।



सरस मेला मंडी में स्टॉल लगाए हुए मधुमक्खी पालक अमन ठाकुर।

# बैंक के सफाई कर्मचारी कर रहे हैं चपरासी का भी काम

## हिमाचल ग्रामीण बैंक में पार्ट टाइम कर्मी दो दशक से हैं त्रस्त

**आदर्श यादव, नेरचौक**

हिमाचल ग्रामीण बैंक में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का जमकर शोषण हो रहा है। दो दशकों से बैंक में पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे इन कर्मचारियों से सफाई कर्मचारी के साथ-साथ दफ्तरी व चपरासी का कार्य भी लिया जा रहा है।

सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने वाले इन कर्मियों को बदले में बैंक की ओर से हर माह मात्र तीन हजार रुपए वेतन मिलता है। हिमाचल ग्रामीण बैंक हटगढ़ में कार्यरत सफाई कर्मचारी सोहन लाल, महादेव में कार्यरत सावित्री देवी, नागचला में कार्यरत हेमराज तथा कनेड में कार्यरत संतराम ने बताया कि पहले हर माह बैंक की ओर से वेतन इनके खाते में ट्रांसफर किया जाता था मगर अब बैंक की ओर से नकद भुगतान किया जा रहा है। इन कर्मियों ने आशंका व्यक्त की है कि वर्षों से खाते में कैश ट्रांसफर करने की योजना को बदलकर नकद भुगतान करने के पीछे बैंक प्रबंधन की मंशा इनकी वरिष्ठता को खत्म करना है। इन कर्मियों ने बैंक प्रबंधन से इनके लिए स्थायी नीति बना कर इन्हें नियमित करने तथा नीति निर्धारण करने तक हर माह पूर्व की भांति खाते में कैश ट्रांसफर कर वेतन की अदायगी करने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेशभर में 300 पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी

प्रदेशभर में 300 पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी हैं जो पिछले 22 से 25 वर्षों से बैंक में पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं इनके लिए बैंक की ओर से न ही कोई पॉलिसी है और न ही इन्हें सम्मानजनक वेतन देने की कोई योजना है, जिससे इनका भविष्य अधर में लटका हुआ है।

> बैंक में कोई भी पार्ट टाइम कर्मचारी नहीं है। बैंक में सभी नियमित कर्मचारी हैं और सभी अपने आप बैंक में साफ-सफाई व बैंक खोलने व बंद करने का कार्य स्वयं करते हैं।
>
> **राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष, हिमाचल ग्रामीण बैंक।**

# अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छेरिंग प्रदेशभर में फर्स्ट



परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली प्रशिक्षुओं को मिठाई खिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

प्रदेश में बीएससी नर्सिंग के घोषित परीक्षा परिणाम में अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर की प्रशिक्षु छेरिंग छोंजोम ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है।

इसके साथ-साथ संस्थान में छेरिंग छोंजोम ने प्रथम, दो और प्रशिक्षु छात्राओं आरती ने संस्थान में द्वितीय और हर्षिता भारद्वाज ने तृतीय स्थान हासिल किया है। संस्थान के चेयरमैन ओम प्रकाश नायक और प्रबंध निदेशक सुरेंद्र पाल ने प्रशिक्षु छात्राओं की इस बड़ी उपलब्धि पर उन्हें मिठाई खिलाते हुए मुंह मीठा करवाया गया और उन्हें बधाई दी। गौरतलब रहे कि अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर की प्रशिक्षु छात्राएं पिछले चार वर्षों से लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रदेश स्तर पर स्थान अर्जित कर रही हैं। प्रशिक्षु छात्राओं ने इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय संस्थान प्रबंधन और कुशल स्टाफ को दिया है।

# पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के दुरुपयोग का आरोप लगाया

- भाजपा नेता रजत ठाकुर ने डीसी को भेजी शिकायत

**अनंत ज्ञान, मंडी**

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सिद्धपुर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दुरुपयोग करने के धर्मपुर भाजपा नेता रजत ठाकुर ने आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मंडी को एक शिकायत भेजी है।

रजत ठाकुर ने शिकायत में लिखा है कि लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा हो चुकी है और सभी विश्राम गृह अब चुनाव अधिकारी के अधीन हैं, लेकिन धर्मपुर के सिद्धपुर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का दुरुपयोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। रजत ठाकुर ने आरोप लगाया है कि इस विश्राम गृह में शराब व चिकन पार्टी बिना किसी अनुमति चल रही हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि विश्राम गृह परिसर को तुरंत प्रभाव से खाली करवाया जाए। उधर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि फिलहाल सीधे तौर पर उनके पास इस तरह की शिकायत नहीं आई है, लेकिन मामले को लेकर जांच करवाई जा रही है।

# संधोल में ब्यास नदी में मोटर बोटिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, संधोल**

संधोल भौगोलिक तौर पर मंडी-हमीरपुर-कांगड़ा की सीमाओं को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। इसी स्थान पर बडौर शहर नामक जगह पर ब्यास नदी मंडी को छोड़कर जिला कांगड़ा व हमीरपुर में प्रवेश करती है। ब्यास नदी पर पुल पड़ने से पूर्व यह स्थान हारसीपत्तन के नाम से प्रसिद्ध था आज भी इस नाम से इस जगह को पहचाना जाता है।

नाव के माध्यम से जिला कांगड़ा व मंडी के लोग आवागमन किया करते थे। दोनों तरफ के क्षेत्रों के लिए इस प्राचीन हारसीपत्तन का महत्व अधिक था। पुल बनने के बाद नाव तो बंद हो गई मगर यादें अभी भी जीवित रही है।

अब इन भूली बिसरी यादों को फिर से अनुभव करने के लिए मोटर बोटिंग सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे पानी में सैर-सपाटा करने वालों की इच्छा अब पूरी होगी। क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र के लोगों में इसके प्रति उत्सुकता है तथा शुरू होने पर कई लोग इसका लुत्फ उठाने के लिए आ रहे हैं। यह स्थान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी स्थान पर अप्रैल माह में नलवाड़ी मेला भी लगता है जिसमें तीनों जिलों के लोग पहुंचते हैं ऐसे में अब बोटिंग से इस संख्या में वृद्धि होना लाजमी है तथा संभवतः ही बडौर शहर में शाम के समय सूर्यास्त का समय खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। आने वाले समय में इस मोटर बोटिंग सेवा से संधोल को पर्यटन की दृष्टि से लाभ प्राप्त होगा।



बोटिंग सेवा शुरू करने के दौरान सामूहिक चित्र में लोग।

# पांच लाख 75 हजार में हुई झूले की नीलामी

- गत वर्ष के मुकाबले 1 लाख 25 हजार रुपए की हुई बढ़ोतरी, डोम व मेला ग्राउंड प्लाट की 21 मार्च को होगी नीलामी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पहली से पांच अप्रैल तक आयोजित होने वाले जोगिंद्रनगर के राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के लिए मेला ग्राउंड, डोम व झूले की सोमवार को नीलामी रखी गई थी। इस नीलामी प्रक्रिया में जहां झूले को पांच लाख 75 हजार रुपए में नीलाम कर दिया गया तो वहीं डोम व मेला ग्राउंड प्लाट की नीलामी को आगामी 21 मार्च तक स्थगित किया गया है। इस बार गत वर्ष के मुकाबले मेला समिति को झूले की नीलामी में एक लाख 25 हजार रुपए अधिक आय अर्जित हुई है। इस बात की पुष्टि मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने की है। उन्होंने बताया कि जोगिंद्रनगर के राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 2024 के आयोजन को लेकर सोमवार को मेला ग्राउंड, डोम व झूले की नीलामी रखी गई थी। उन्होंने बताया कि जहां इस दौरान झूले की नीलामी पांच 5 लाख 75 हजार रुपए में हुई तो वहीं डोम व मेला ग्राउंड प्लॉट की नीलामी प्रक्रिया को आगामी 21 मार्च तक स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष के मुकाबले इस बार झूले की नीलामी से मेला समिति ने एक लाख 25 हजार रुपए अधिक आय अर्जित की है। उन्होंने बताया कि झूले की नीलामी के दौरान सबसे अधिक बोली पांच लाख 75 हजार रुपए अजय बाबा द्वारा लगाई गई है। एसडीएम ने बताया कि मेला ग्राउंड के अतिरिक्त संपर्क मार्गों की नीलामी प्रक्रिया भी की जानी शेष है। इसे भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा भी मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम।

# धर्मपुर में बंदरों ने बढ़ाई परेशानी

**धर्मपुर।** अरसे से चली आ रही समस्याओं का निदान न होने से क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। बता दें इन दिनों उत्पाती बंदरों ने किसानों के नाक में दम कर रखा है। वहीं पर सारी फसल भी बर्बाद कर रहे हैं। बीज बोने से लेकर फसल पकने तक इन का हमला बरकरार रहता है और दूसरी तरफ बेसहारा पशु किसानों द्वारा बिजी गई फसल को चट कर जाते हैं। बेशक सरकार द्वारा बेसहारा पशुओं के लिए गौ सदन तो बने हैं लेकिन इधर शरारती तत्व रात के अंधेरे में पशुओं को छोड़कर चले जाते हैं। वहीं पर बंदरों की पलटनों का भी कारगर उपाय न होने लोगों की चिंता बढ़ रही है।

# सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं शिकायत

- नोडल अधिकारियों की बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उचित कार्यान्वयन के लिए आदर्श आचार संहिता टीम और फ्लाइंग स्क्वॉड को सक्रिय कर दिया गया है।

इसके साथ ही सी-विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की चौबीस घंटे निगरानी के लिए एक आईटी सेल की स्थापना की गई है। इस ऐप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करवा सकता है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मंडी के सभी नागरिकों से लोकसभा आम चुनाव के सुचारु एवं सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने की अपील भी की। सदर मंडी विधानसभा के नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी लोकसभा चुनावों के सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन करें।

उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के 48 घंटों के अंदर सभी सरकारी और सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री को हटा दिया गया है और 72 घंटों के अंदर सभी निजी भवनों में लगी प्रचार सामग्री को हटाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**आक्रोश** गलू के जालपा माता मंदिर के प्रांगण में संघर्ष समिति ने जताया रोष

# जोगिंद्रनगर-पठानकोट फोरलेन की अलाइनमेंट बदलने पर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर-पठानकोट से मंडी के बीच बनने वाले फोरलेन के फेज फोर घट्टा से नारला की अलाइनमेंट को बदलने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने गलू के जालपा माता मंदिर के प्रांगण में एकत्रित हो कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने केंद्र व प्रदेश सरकार को चेताया कि पुरानी अलाइनमेंट को बहाल नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

संघर्ष समिति ने ऐलान किया कि समिति 12 मई को पुनः हजारों लोगों के जनसमर्थन के साथ यहां एकत्रित होगी तथा आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष वृज गोपाल अवस्थी ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार-विमर्श नहीं किया तो लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अपनी इस मांग को लंबे समय से उठा रहे है। दिल्ली में भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर भी इस मांग को उठा चुके है लेकिन किसी ने उनकी इस मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की है। संघर्ष समिति के वक्ताओं में अध्यक्ष वृज गोपाल अवस्थी, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, पधर से सोवरदत्त, पस्सल चौंतड़ा के प्रधान विशाल राठौर, गुम्मा की प्रधान रूमा देवी, उपप्रधान ज्ञान चंद, चौंतड़ा के युवा नेता विनोद जसवाल, गुम्मा के गायत्री दत्त शर्मा ने कहा कि वह सरकार से केवल इतनी मांग कर रहे है कि जब वर्ष 2018 में प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी अलाइनमेंट को मंजूरी प्रदान कर दी थी तब नई अलाइनमेंट की क्या आवश्यकता पड़ी। वक्ताओं ने इसके पीछे एक अधिकारी का षडयंत्र बताया। अपनों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से सारा षडयंत्र रचा गया।

इस बात की जांच होनी चाहिए कि इस नई अलाइनमेंट में किसकी भूमि जा रही है तथा उस समय तैनात अधिकारी का उनसे क्या रिश्ता है। समिति ने कहा कि जो तर्क अलाइनमेंट को चेंज करने के लिए दिए जा रहे है वे किसी भी प्लेटफार्म पर चर्चा करने को तैयार है, लेकिन वे सरकार का पैसा यूं ही व्यर्थ में नहीं बहने देंगे। समिति ने कहा कि 35 वर्षों से पूरा इलाका फोरलेन की वाट जोह रहा है।



फोरलेन की अलाइनमेंट को बदलने पर रोष जताते संघर्ष समिति के सदस्य।

# बिना अनुमति के इस्तेमाल न करें प्रचार सामग्री : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, गोहर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने नाचन विधानसभा क्षेत्र की जनता को सूचित करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया के घोषित होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की कड़ाई से अनुपालना करना सुनिश्चित करें व संभावित प्रत्याशी केवल जिला निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर प्रचार सामग्री का उपयोग करें। चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न वाहनों व चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली प्रचार सामग्री झंडे, बैनर, होर्डिंग, पोस्टर इत्यादि की भी अनुमति राजनीतिक दलों को प्राप्त करना जरूरी है। सभी दल विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त करने के लिए चुनाव आयोग की सुविधा ऐप का इस्तेमाल कर सकते है। इसके अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी 28 नाचन एससी विधानसभा क्षेत्र एवं 2 मंडी संसदीय क्षेत्र के कार्यालय में एक कंट्रोल रूम 01907-297766 स्थापित किया गया है व तहसीलदार गोहर संत राम को आदर्श चुनाव आचार संहिता का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 94182-13937 है।

व अदालत श्री प्रिंस धीमान कार्यकारी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार जोगिन्द्र नगर जिला मंडी, हि.प्र.
मि.नं. 05
तारीख मरजुआ 12.02.2024 तारीख पेशी 21.03.2024
श्रीमति दामोदरी देवी पुत्री श्री मंगत राम निवासी ढेलू तहसील जोगिन्द्रनगर जिला मंडी हि.प्र. ....प्रार्थी
बनाम
आम जनता ....प्रत्यार्थी
ईश्तहार
आवेदन पत्र जरे धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969
श्रीमती दामोदरी देवी पुत्री श्री मंगत राम निवासी ढेलू तहसील जोगिन्द्रनगर जिला मंडी हि.प्र. ने इस कार्यालय/न्यायालय में आवेदन पत्र गुजार कर अनुरोध किया है कि प्रार्थीया जन्म तिथि दिनांक 10.12.1976 को हो चुकी है। परंतु प्रार्थीया जन्म तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत ढेलू के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हुआ है। अत: प्रार्थीया जन्म तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत ढेलू के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने की प्रार्थना की है। अत: सर्वसाधारण को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया है कि यदि इस बारे में किसी व्यक्ति को उजर/एतराज हो तो दिनांक 21.03.2024 को प्रात: 10.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है।
यदि उपरोक्त तिथि को किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त नहीं होता, तो इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 16.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी हुआ।
प्रिंस धीमान
कार्यकारी दंडाधिकारी/नायब तहसीलदार
जोगिन्द्रनगर जिला मंडी हि.प्र.

## न्यूज ब्रीफ

### रक्कड़ की महिला को जान से मारने की धमकी

**ऊना।** रक्कड़ कॉलोनी की एक महिला को कुछ लोगों ने 5 मार्च को रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार मैहतपुर पुलिस ने अब कुछ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता चंद्रा ठाकुर पत्नी सुर्वीर सिंह ने अपनी शिकायत में कहा था कि पांच मार्च को दो स्कूटी चालकों ने पहले उसका रास्ता रोका, फिर उसे गंदी गालियां निकालीं। बाद में उसे जान से मार डालने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 504, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### आरोपी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट का पर्चा दर्ज

**ऊना।** ऊना से सटे रामपुर गांव में पिछले साल दिसंबर में हुए झगड़े में आरोपी के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट का पर्चा दर्ज हो गया है। घटना 5 दिसंबर 2023 की है। सदर थाने में शिकायत देने वाले एक व्यक्ति का आरोप है कि उस दिन रामपुर के पास वह अपनी कार में नंगल से ऊना आ रहा था। तभी एक व्यक्ति बिना कोई सिगनल दिए गलत दिशा से उसकी कार के सामने आ गया। पीड़ित ने गाड़ी रोककर उससे जब लापरवाही से गाड़ी चलाने के बारे में सवाल पूछा तो उसने और गाड़ी में बैठे अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जातिसूचक शब्द कहे। सदर पुलिस ने आरोपी जीवन कुमार पुत्र मदन लाल, ममता, तिलक राज व अन्य के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट और मारपीट का पर्चा दर्ज कर लिया है।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 155 वाहनों के चालान

**ऊना।** ऊना पुलिस ने रविवार को जिला की विभिन्न जगहों पर यातायात के नियम तोड़ने वाले 155 वाहन चालकों के चालान किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने मौके पर चालान का भुगतान कर दिया जिसमें पुलिस को जुर्माने के रूप में 29500 रूपए प्राप्त हुए हैं। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त पाए गए तीन वाहनों पर 15000 रूपए जुर्माना डाला है। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वाले एक व्यक्ति का भी चालान किया है।

### मतदाता बनने के लिए 4 मई तक करें आवेदन

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तिथियों की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत कोई भी भारतीय नागरिक, जिसकी आयु अर्हता तिथि (क्वालिफाइंग तिथि 1 अप्रैल, 2024) को 18 वर्ष या इससे अधिक है तो वे मतदाता बनने के लिए पात्र है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई, 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता को अपना नाम दर्ज करवाने के लिए फार्म नं 6, आयु प्रमाण पत्र, एक रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो व निवास स्थान प्रमाण पत्र(राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली का बिल व पानी का बिल) दस्तावेज़ अनिवार्य रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बारे संबंधित मतदाता मतदान केंद्र में नियुक्त बीएलओ अथवा संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### बलराम बने ब्लॉक कांग्रेस ऊना एससी सैल के अध्यक्ष



**ऊना।** संतोषगढ़ के वार्ड पांच निवासी बलराम महे को ब्लॉक कांग्रेस ऊना एससी सैल का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से उनकी नियुक्ति को लेकर पत्र के माध्यम से सूचना जारी की गई है। उनकी नियुक्ति सांसद एवं हिमाचल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कांग्रेस एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष अमित नंदा की ओर से की गई है। जबकि एससी सैल के उपाध्यक्ष सेन राम नेगी ने पत्र जारी कर उन्हें खंड स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। बलराम ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि बलराम महे पंचायती राज विभाग से सचिव के पद पर लंबे समय तक सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से वह लगातार कांग्रेस पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए लगातार अग्रसर थे। पार्टी ने उनकी संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए इस नियुक्त को देकर पदभार से सम्मानित किया है।

### मकड़ाहन में वार्षिक महादंगल 20 मार्च को

**जवाली।** लखदाता पीर बाबा दंगल कमेटी मकड़ाहन द्वारा मकड़ाहन में 20 मार्च को वार्षिक महादंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल कमेटी के प्रवक्ता चैन सिंह पठानिया, एवी पठानिया, रविंद्र सिंह, कर्म सिंह व सुरजीत सिंह ने बताया कि इस दंगल में हिमाचल के अलावा सोनीपत, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान के नामी-गिरामी पहलवान भाग लेकर कुश्ती के जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि बड़ी व छोटी माली के विजेता-उपविजेता पहलवानों को आकर्षक नकद इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

### गोगा जाहरवीर मंदिर में राम कथा 23 से

**डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत धवाला गांव के प्राचीन मंदिर गोगा जाहरवीर के परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन 23 मार्च से किया जा रहा है। राम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। यह राम कथा शिमला से अंतराज्यीय कथा व्यास भागवत रसिक आदर्श शर्मा करेंगे। मंदिर पुजारी कीकर सिंह के अनुसार श्रीराम कथा के दौरान हर दिन सुबह श्रीराम का पूजन, नवग्रह पूजन के साथ ही संकीर्तन होगा एवं प्रतिदिन दोपहर एक बजे से लेकर शाम साढ़े चार बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा होगी। श्रीराम कथा का समापन विशाल भंडारे के साथ 31 मार्च को होगा।

### कमल कुमार ने संभाला चौकी प्रभारी का कार्यभार

**नगरोटा बगवां।** बड़ोह पुलिस चौकी में नए प्रभारी कमल कुमार कौंडल ने कार्यभार संभाल लिया है। कमल कुमार कौंडल इससे पहले दौलतपुर चौकी में तैनात थे। उन्होंने बताया कि वह ज्वार गांव जिला ऊना के रहने वाले हैं। उन्होंने साल 2000 में पुलिस फोर्स ज्वाइन की थी। उनके कार्यभार संभालने के दौरान एंटी टेररिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बब्लू ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान कमल कुमार कौंडल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। हर फरियादी की बात को सुना जाएगी। पुलिस और जनता के बीच अच्छा तालमेल बनाया जाएगा।

### मिनर्वा कॉलेज में छात्रों को किया जागरूक

**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में बीएड के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अपनी नियमित कक्षाएं शुरू करने से पहले कार्यक्रम का विकास बीएड के एक भाग के रूप में मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों और एमओसी की शुरुआत के साथ शुरू हुआ। कालेज प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा कार्यक्रम में आगामी सेमेस्टर के लिए संबंधित विषय प्रभारियों द्वारा पीएलओ और सीएलओ की चर्चा भी शामिल थी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों की जानकारी दी गई और पिछली उपलब्धियों को विद्यार्थियों के समक्ष बताया गया। साथ ही स्कोप परिसर में होने वाले दूसरे पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने-अपने विषय के पाठ्यक्रम से अवगत कराया और संपूर्ण कोर्स की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

### विषय विशेषज्ञों का होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**धर्मशाला।** भारत सरकार द्वारा राज्यों के लिए शिक्षण अधिगम एवं परिणामों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से देश के छह राज्यों हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व केरल) में स्ट्रेंथनिंग टीचिंग लर्निंग एंड रिजल्ट फॉर स्टेटस (स्टार्स) परियोजना को लागू किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम अनुसार प्रश्न बैंक तैयार किए जाने हैं। उक्त कार्य के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षावार विभिन्न विषयों के लिए विषय विशेषज्ञों का ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल समस्त विद्यालयों (राजकीय व निजी) के स्कूल लॉगइनआईडी पर उपलब्ध है। प्रश्न बैंक के लिए रुपए 50 (35 प्रति प्रश्न व 15 रुपए टाइपिंग प्रति प्रश्न) प्रति प्रश्न की दर से मानदेय देय होगा। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 तक बढ़ाई गई है।

# एचआरटीसी के ढाबों पर 80 रुपए में मिलती है राजमाह की एक्स्ट्रा प्लेट

## हरियाणा के पिपली में सबसे ज्यादा लूट, शिकायत के बावजूद निगम प्रबंधन नहीं कर रहा कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना /गगरेट**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की इंटर स्टेट बस सेवा से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए अधिकृत किए गए ढाबों पर लूट की खुली छूट जारी है। अधिकांश ढाबों पर मनमानी के साथ ग्राहकों को गंदगी भी परोसी जा रही है। शौचालयों की व्यवस्था भी कोई खास नहीं है। लगता है निगम प्रबंधन के पास जानकारी होने पर भी कोई सख्ती नहीं बरती जा रही है। डेरा बाबा बड़भाग सिंह, दियोट्सिद्ध और माता चिंतपूर्णी के लिए भी मेले शुरू होने के कारण ऐसे ढाबों पर मनमानी बढ़ गई है। रेट लिस्ट लगी और न लगी के समान है।



इससे पहले भी दिल्ली रूट पर चलने वाले एचआरटीसी की बसों के लिए हरियाणा के पिपली के समीप अधिकृत किए गए ढाबे पर ऐसा ही वाकया सामने आ चुका है। यहां सफाई व्यवस्था के तो क्या कहने, बल्कि यात्रियों को एक सौ बीस रुपए प्रति थाली के हिसाब से राजमाह-चावल की प्लेट अभी भी परोसी जा रही है और एक्सट्रा राजमाह मांगने पर अस्सी रुपए प्रति प्लेट राजमाह परोसे जा रहे हैं। इस ढाबे पर मची लूट पर ऐतराज जताते हुए गगरेट के यात्री इसकी लिखित शिकायत एचआरटीसी के ऊना डिपो के आरएम से कर चुके हैं। दिल्ली से वापस गगरेट आ रहे दो लोग पहले ही एक शिकायत में आरोप लगा चुके हैं कि हिमाचल पथ परिवहन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली रूट पर अधिकृत किए गए ढाबों में व्यवस्था ठीक नहीं है जिस पर एचआरटीसी का कोई चेकिंग नहीं हो पाई है। यही वजह है कि ये ढाबे लूट के अड्डे बने हुए हैं, जिन पर हिमाचली यात्री जाने-अनजाने लुट रहे हैं। ऐसा ही हिमाचल के ढाबों पर भी होने लगा है।

गगरेट के सतीश कुमार गोगी व नितिन नंबरदार के मुताबिक, चौबीस फरवरी को वे दिल्ली से वापस गगरेट आ रहे थे तो पिपली के समीप हिमाचल पथ परिवहन के अधिकृत एक ढाबे पर वह खाना खाने चले गए। ढाबे पर सफाई नाम की कोई चीज नहीं थी और शौचालयों के भी बुरे हाल थे। खैर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें यहीं रुकती हैं और यात्रियों के पास पास कहीं और खाना-खाने का विकल्प भी नहीं होता। उक्त ढाबे पर उन्होंने राजमाह-चावल की प्लेट के ऑर्डर दिए। वे यह जानकर हैरान रह गए कि राजमाह-चावल की प्लेट के एक सौ बीस रुपए चार्ज किए जा रहे हैं, अगर दूसरी बार राजमाह लेने हों तो अलग से अस्सी रुपए प्लेट के चार्ज किए जाते हैं। यही नहीं सलाद के नाम पर दो-तीन पीस काटकर ही दिए जाते हैं। दो चपातियों के लिए पचास रुपए चार्ज किए गए।

### सीएम व ट्रांसपोर्ट मंत्री लें संज्ञान

सतीश और गोगी का कहना है कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा तो दे रही है, लेकिन एचआरटीसी द्वारा अधिकृत इन ढाबों में व्यवस्था परिवर्तन कब होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री व ट्रांसपोर्ट मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी इसका संज्ञान लेने की मांग की थी।

### क्या कहते हैं आरएम?

एचआरटीसी के ऊना डिपो के आरएम सुरेश धीमान का कहना है कि फोन पर शिकायत प्राप्त हुई थी। लिखित शिकायत मिलने पर ही उच्चाधिकारियों को शिकायत आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित की जा सकती है।

# रिश्वत लेने और देने वालों पर होगी कार्रवाई, उड़न दस्ते गठित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त, रिश्वत देने और लेने वालों दोनों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने के लिए उड़न दस्ते गठित कर दिए गए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी प्रकार की रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि किसी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की जानकारी है तो जिला स्तर पर स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ के टॉल फ्री नंबर 1950 पर शिकायत करें। भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ग के अनुसार जो व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है तो वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला ऊना के सभी संवाददाता समाचार पत्रों को निर्देश दिए है कि वह जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में गठित एमसीएमसी के पूर्व प्रमाणीकरण के बिना राजनीतिक दलों/चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों या किसी अन्य संस्था से प्राप्त राजनीतिक प्रकृति के किसी भी प्रकार के विज्ञापन को न प्रकाशित करें।

### बिना परमिट गाड़ी से नहीं कर सकेंगे चुनाव प्रचार-प्रसार

**ऊना।** उपायुक्त लतिन लाल ने कहा कि जिला के समस्त टैक्सी/ट्रक/टैम्पो/ थ्री व्हीलर आप्रेटर्स आदर्श आचार संहिता के दौरान सक्षम अधिकारी से प्राप्त परमिट के बिना किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने के लिए वाहनों पर पोस्टर, लाउड स्पीकर तथा अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते। ऐसा करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत दंडनीय अपराध है। जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान इस प्रयोजनार्थ रखने के लिए उड़न दस्ते व स्थैतिक टीमें गठित कर दी गई हैं। उड़न दस्तों व स्थैतिक निगरानी टीमों द्वारा वाहनों की जब्ती से बचने के लिए सक्षम अधिकारी से परमिट प्राप्त किए बिना किसी भी वाहन का प्रयोग किसी राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार-प्रसार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता।

# मालवाहक वाहनों में यात्रा करने से बाज नहीं आ रहे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।**

चैत्र मास के मेले शुरू होने के साथ ही ऊना हमीरपुर हाइवे पर वाहनों की आवाजाही अधिक हो गई है। श्रद्धालु मालवाहक वाहनों में यात्रा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में पुलिस विभाग की ड्यूटी और अधिक बढ़ गई है।



मालवाहक वाहन को रोकते पुलिस कर्मी।

इसी कड़ी में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस बंगाणा के जवान जसवीर सिंह ने मोर्चा संभालते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित कर, बिना हेलमेट के सफ़र करने वालों और ट्रक, ट्राला, टेंपो में सफर करने वाले को जागरूक किया और टेंपो, ट्रक के टूल बॉक्स पर बैठे यात्रियों को नीचे बैठाया। ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों को भी हिदायत दी गई। मेले के कारण ट्रैफिक अधिक होने से अकेले ड्यूटी करना ट्रैफिक कर्मी के लिए काफी मुश्किल है, लेकिन फिर भी जसवीर सिंह मोर्चा संभाल ट्रैफिक को सुचारु रूप से चला रहे हैं। आपको बता दें कि बंगाणा में बस स्टैंड न होने के कारण ट्रैफिक की स्थिति बनी रहती है।

### देश में विपक्षी गठबंधन को मिलेगा समर्थन: इंटक

**ऊना।** इंटक नेता ने दावा किया कि देश का मूड एनडीए को हराने का तथा विपक्षी गठबंधन को विजयी बनाने का है। राष्ट्रीय इंटक संगठन के सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के संविधान को मानने वाले हर धर्म के लोग भाजपा को हराना चाहते हैं। इनके अलावा देश का किसान, मजदूर और कर्मचारी पहले ही भाजपा के खिलाफ मोर्चा लगाए हुए हैं। मोदी सरकार ने 10 सालों में जितना छोटे लोगों का नुकसान किया है उनके लिए नए रोजगार बंद कर दिए गए और जो पुराने उद्योग कांग्रेस ने लगाए थे उनको भी बेचना शुरू कर दिया। महंगाई की मार इतनी है कि लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं।

# चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की एसडीएम से की शिकायत

**अनंत ज्ञान, अंब**

चिंतपूर्णी भाजपा मंडल द्वारा उपमंडल अधिकारी अंब विवेक महाजन को शिकायत पत्र सौंपा गया, जिसमें उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी प्रदेश सरकार के निर्देश पर इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फॉर्म लगातार पिछली तिथियां में भरे जा रहे हैं, इसमें वर्तमान लोकसभा चुनावों पर प्रभाव डालने का प्रयास हो रहा है।

इस फॉर्म पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र लगे हुए हैं जोकि आदर्श आचार संहिता का सीधा-सीधा उल्लंघन है। भाजपा मंडल चिंतपूर्णी ने उपमंडलाधिकारी से निवेदन करते हुए कहा कि इस प्रकार के किसी भी फॉर्म को तुरंत प्रभाव से रोका जाए और इसकी सभी प्रतिलिपियों को खंड स्तर से वापस मंगवाया जाए। इस मौके पर जिला महामंत्री शाम मिन्हास, जिला ओबीसी अध्यक्ष जयदेव खटा, प्रदेश विधि प्रकोष्ठ सदस्य राज कुमार धनोतिया, मंडल विधि प्रकोष्ठ संयोजक अनिल शर्मा , जिला परिषद सदस्य रजनी मनकोटिया युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल राणा व कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र दुवेदी व अन्य एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए।

# इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में छाए नगरोटा के छात्र

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में छात्राओं ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर महविद्यालय का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में संवाद नामक कार्यक्रम जो कि राज्य स्तर पर आयोजित किया गया।

इसमें प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, भाषण इत्यादि विषय के ऊपर प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां की बीए प्रथम की राधिका, बीए प्रथम की पलक और बीए अंतिम वर्ष की स्नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस बच्चों ने एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय के ऊपर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, शाहपुर, धर्मशाला, नौरा, पालमपुर, तक्कीपुर, मटौर इत्यादि महाविद्यालयों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार सोनी, डा. मिनोद गुलेरिया समेत प्राध्यापकों ने बच्चों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)



नगरोटा बगवां कॉलेज में विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित करने का दौर।

# लोटस कॉन्वेंट स्कूल के 13 छात्रों ने पास की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, रक्कड़**

गरली के निकटवर्ती सदवा के लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में हुई सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा ने भाग लिया था। इनमें से 13 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर स्कूल की ऊंचाइयों में चार चांद लगा दिए हैं। कक्षा पांचवीं से परिणीति, सरयू, रूद्र, अभिषेक और नामिश, कक्षा छठीं से अंशित देयोल, अरनव राणा, कक्षा आठवीं से अर्चित गौतम, अंशुमन कौशल, शौर्य शर्मा और अवनी राणा उत्तीर्ण रहे।

वहीं, कक्षा नवमीं से जिया और दिव्यांश डोगरा ने यह परीक्षा पास कर सैनिक स्कूल का पहला चरण पार कर लिया है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी इस शानदार उपलब्धि का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को दिया है। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक और लोटस ग्रुप के चेयरमैन अश्वनी कुमार, गुरपाल सिंह और स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके मंगल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ -साथ उनके अभिभावकों को बहुत बधाई दी।



लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के होनहार छात्र स्टाफ सदस्य के साथ सामूहिक चित्र में।



इंदौरा। सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपमंडलीय निर्वाचन अधिकारी एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर व चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार स्वीप गतिविधियां इंदौरा चुनाव क्षेत्र में आयोजित की गई। इन गतिविधियों में अधिक से अधिक नौजवानों बुजुर्गों, महिलाओं से मतदान करने की अपील की। इंदौरा क्षेत्र से इलेक्शन कानूनगो रॉबिन दीवान ने बताया कि मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने व लोगों को जागरूक करने को यह अभियान चलाया जा रहा है।

### आचार संहिता ने रोके सुख सम्मान निधि योजना के आवेदन

**धर्मशाला।** लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता लगने के बाद 1500 रुपए वाली सुख सम्मान निधि योजना के लिए आवेदन करने पहुंची महिलाओं को अब बैरंग लौटना पड़ रहा है। बताते चलें कि सोमवार सुबह से ही जिला के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं सम्मान निधि के लिए आवेदन करने पहुंच गईं। घरों के काम निपटा कर आवेदन करने के लिए पहुंची महिलाओं को जब यह पता चला कि अब आचार संहिता लगी होने के कारण आवेदन नहीं किया जा सकता तो वे काफी मायूस होकर लौट आईं। महिलाओं के अनुसार वो सुबह से आवेदन को लेकर पहुंची तथा अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान जिला कल्याण कार्यालय के स्टाफ से जानकारी मिलने के बाद ये महिलाएं मायूस होकर लौट आईं।



धर्मशाला ऑफिस में आवेदन करने पहुंची महिलाएं।

**प्रतिक्रिया** | नगर पंचायत जवाली ने लोगों पर लगाए टैक्स, ग्रामीण गुस्से से लाल

# टैक्सों पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

**अनंत ज्ञान, जवाली**

नगर पंचायत जवाली में लोगों पर लगाए गए टैक्सों को लेकर भाजपा व कांग्रेस गुट में जनता बंट गई है। दोनों ही गुट आमने-सामने आ गए हैं तथा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

भाजपा आरोप लगा रही है कि टैक्स नगर पंचायत द्वारा लगाए गए हैं जबकि कांग्रेस का आरोप है कि टैक्स केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए हैं। नगर पंचायत जवाली के वार्ड नंबर-एक के कांग्रेस समर्थित वार्डवासियों ने टैक्सों को लेकर पार्षद पूजा रानी के नेतृत्व में मोर्चा खोला। पार्षद पूजा रानी का कहना है कि टैक्स केंद्र सरकार द्वारा लगाए हैं, न कि कांग्रेस ने टैक्स लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मैं वार्डवासियों के साथ हूं तथा मांग करती हूं कि जनता पर थोपे गए टैक्सों को माफ किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग गरीब हैं तथा इतना टैक्स नहीं भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछेक लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं तथा जानबूझकर विकास में रोड़ा अटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड में कई विकासात्मक कार्य चल रहे हैं तथा कई विकास कार्य होंगे। इस मौके पर गुलशेर सिंह, राजीव कुमार, मुकेश मेहरा, शुभम, अमित चौधरी, करनैल सिंह, राजमल, मिट्ठू मेहरा, शंकर दास, मीनाक्षी, रीना, निशा, कल्पना, वंदना, साहनी देवी, सलोचना देवी, रानो देवी सहित काफी लोग मौजूद रहे।



टैक्स में राहत देने को लेकर पार्षद के नेतृत्व में बैठक करते लोग।

# कुत्तों के आतंक से परेशान वार्ड नंबर-17 के निवासी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला शहर के बाशिंदें कुत्तों के आतंक से जूझने को मजबूर हैं तो वहीं कई बार मांग करने के बावजूद हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं। वहीं, गर्मियों के दिनों में इन कुत्तों के पागल होने जैसी संभावनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इस समस्या के जल्द हल करने की मांग की है।

बताते चलें कि शहर के वार्ड नंबर-17 सिद्धबाड़ी में लोग आवारा कुत्तों के डर से सहमे हुए हैं। आवारा कुत्ते राहगीरों के पिछे भाग कर तथा भौंक कर न सिर्फ डरा रहे हैं बल्कि लोगों तथा खासकर छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए भी इनसे हर पल खतरा बना रहता है। शाम ढलने के बाद स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रात के समय कुत्तों के काटने का खतरा बढ़ जाता है तथा लोग घरों से निकलना भी सुरक्षित नहीं समझते। इस बारे में वार्ड के लोग नगर निगम को सूचित कर इस समस्या के हल की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन इस समस्या का कोई भी हल नहीं हो पाया है। वहीं, वार्ड पार्षद को इस बारे में जानकारी दी गई है। स्थानीय लोगों हितेश राणा, राकेश, अजय राणा, पुष्पेंद्र गुलेरिया, इशांत ठाकुर, कमल शर्मा, कुलदीप शर्मा तथा राम ठाकुर ने नगर निगम धर्मशाला से कुत्तों के आतंक से परेशान वार्ड निवासियों की समस्या को देखते इसके किसी हल की मांग की है।

अपना दिल, दिमाग और आत्मा अपने छोटे से छोटे काम में भी लगा दो। यही सफलता का रहस्य है।
–स्वामी शिवानंद



## संपादकीय

# विकास में अब पैसा नहीं आएगा आड़े, विधायक निधि में इजाफा

हिमाचल के विकास में अब पैसा आड़े नहीं आएगा, क्योंकि प्रदेश में विधायक क्षेत्र विकास निधि में इजाफा हो गया है। निश्चित रूप से इस फैसले के दूरगामी और सकारात्क प्रभाव नजर जाएंगे। सुक्खू सरकार का यह फैसला वाकई काबिलेतारीफ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायकों की विकास निधि बढ़ाने की घोषणा की थी, जिसे अब योजना विभाग ने मूर्त रूप दे दिया है। यानी अब विधायक क्षेत्र विकास निधि में 10 लाख रुपए का इजाफा करते हुए इसे 2.20 करोड़ कर दिया है। सरकार की ओर से सभी जिला उपायुक्तों को लिखित पत्र भी जारी हो चुके हैं। बस अब जरूरत है काम करने की।

विधायक क्षेत्र विकास निधि में बढ़ोतरी के बाद सरकार चालू वित्त वर्ष में इस पर करीब 150 करोड़ खर्च करेगी। प्रदेश में साल 1999 में सांसदों को मिलने वाली एमपी लैंड की राशि की तर्ज पर विधायक क्षेत्र विकास निधि शुरू करने की हिम्मत जुटाई गई थी। 1999-2000 के बजट में 15 लाख रुपए विधायक क्षेत्र विकास निधि का प्रावधान तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने किया था। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के अंतरिम बजट में विधायक क्षेत्र विकास निधि बढ़ा कर दो करोड़ कर दी थी। हालांकि, साल 2022-23 में प्रदेश में आई आपदा की वजह से वर्तमान सुक्खू सरकार ने कुछ समय के लिए विधायकों को मिलने वाली विधायक क्षेत्र विकास निधि की रकम पर रोक लगाई थी। तब सरकार के उस फैसले पर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को खूब घेरा था, लेकिन अब जब प्रदेश आपदा के बुरे दौर से बाहर निकल चुका है, तो सीएम सुक्खू ने एक बार फिर दरियादिली दिखाते हुए विधायक क्षेत्र विकास निधि बढ़ा दी है। सीएम के इस फैसले से अब विपक्ष चारों खाने चित हो गया है।

सीएम ने यह फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब लोकसभा चुनाव का डंका बज गया है। अब कांग्रेस को इस फैसले का कहीं न कहीं फायदा जरूर मिल सकता है। सुक्खू सरकार लगातार अपनी छवि सुधारने में जुटी है। वहीं, विपक्ष आए दिन कोई न कोई मसला खड़ा कर सरकार को कमजोर करने में जुटा रहता है, लेकिन सुक्खू भी राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं। उनके पास हर मर्ज की दवा है। हाल ही में भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करवाकर गेंद अपने पाले में डालनी चाही, लेकिन अब विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्य करार दिए गए विधायकों की अयोग्यता सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रख झटका दिया है।

अलग-अलग राज्यों में विधायक क्षेत्र विकास निधि अलग-अलग है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में प्रत्येक विधायक को विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत हर साल पांच करोड़ मिलते हैं। दिल्ली के हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सालाना सात करोड़ रुपए मिलते हैं। विधायकों को विधायक निधि की राशि सीधे नहीं मिलती है, बल्कि यह ठीक सांसद विकास निधि की तरह ही दी जाती है। हर विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्य प्रस्तावित करते हैं और इस विकास कार्य के बदले धनराशि आवंटित की जाती है। विधायक सड़क निर्माण, रिपेयरिंग से लेकर कम्युनिटी सेंटर जैसी चीजों के मद में राशि मांग सकते हैं।

महाराष्ट्र के विधायकों को कुल 1440 करोड़, राजस्थान के विधायकों को 1000 करोड़, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में 21 करोड़ और 33 करोड़ रुपए मिलते हैं। देश के कई राज्यों में विधायक निधि की व्यवस्था नहीं है। इनमें हरियाणा, पंजाब और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। हालांकि हरियाणा में पहले विधायकों को सालाना पांच करोड़ रुपए मिला करते थे, लेकिन साल 2019 में यह सिलसिला बंद हो गया। इसी तरह पंजाब में पिछले साल सीएम भगवंत मान ने विधायकों को 10 करोड़ सालाना विधायक निधि देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इस स्कीम पर बात नहीं बन पाई। खैर, हिमाचल के विधायकों को चाहिए कि अब वे जारी होने वाली निधि का विकास कार्यों पर भरपूर इस्तेमाल करें।

# एक साथ चुनाव : सकारात्मक पहल, होना चाहिए चिंतन

अभी हाल ही में एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही।

राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी, क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं, ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।

यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है।


लेखक : सुरेश हिंदुस्थानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मुहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए, अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा।

एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लंबे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं।

यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनाई जानी चाहिए।

केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरतापूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं है, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने इस प्रकार की नीतियां बनाई हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रूप से आगे बढ़ते जा रहे हैं। जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, तब अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए।

जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तब से ही देश में राष्ट्रीय हित की दिशा में अनेक काम किए जा रहे हैं। इन कामों का वास्तविक स्वरूप भविष्य में ही सामने आएगा, क्योंकि देश में लंबे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि भारत से समस्याओं का निदान संभव ही नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थीं कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। इस कारण देश ने अनेक उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। वर्तमान की कई समस्याएं अपने देश की सरकारों की ही देन हैं। सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के बजाय देशहित के काम किए होते तो संभवत: देश में इतनी विकराल स्थिति पैदा नहीं होती।

मोदी सरकार ने देश की स्थिति को सुधारने के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। एक साथ चुनाव की प्रक्रिया भी उसी कड़ी का हिस्सा कहा जा सकता है। एक साथ चुनाव कराने का कदम कुछ ऐसा ही है, जिसकी विपक्षी दल तो आलोचना करेंगे ही, लेकिन जनता निश्चित रूप से इसे सही कदम मानकर इसका समर्थन करेगी। अगर देश में लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होने पर राजनीतिक दलों की सहमति बनती है, तो इससे आम जनता को राहत ही मिलेगी, लेकिन सरकार विरोधी राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस पर क्या कहेंगे। हालांकि देश में जनहित के साथ ही राष्ट्रीय हितों के प्रति सबको समर्थन देना ही चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय हित से बड़ा कुछ हो ही नहीं सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# कर्नाटक में सबको बराबरी की नजर से देखे कांग्रेस

भारत के दक्षिणी राज्य कर्नाटक में आज सत्तारूढ़ कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस/आईएनसी) अपने 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव के समय किए गए चुनावी वादों और गारंटियों को लागू करने में विफल दिख रही है। ऐसा लगता है कि शायद, सत्ता में आने की जल्दी में पार्टी प्रबंधकों ने कभी भी ड्राइवर की सीट संभालने की स्थिति में बाद के परिणामों के बारे में नहीं सोचा था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जब यह कहते हैं कि सभी वादे पूरे करने के लिए नहीं होते हैं।

चुनाव से पहले न जाने क्या-क्या आश्वासन जनता को दिए जाते हैं, उन्हें पूरा करने का वादा भी किया जाता है, किंतु इसका मतलब यह नहीं कि सभी वादे पूरे करने जरूरी हैं। वस्तुत: आज यह स्वीकार करके उन्होंने साबित कर दिया कि किसी भी चुनाव से पहले किए जाने वाले राजनीतिक पार्टियों के सभी वादे और बड़ी-बड़ी बातें केवल सार्वजनिक संवाद के लिए होती हैं, क्रियान्वयन के लिए नहीं। राज्य में सत्ता में आने के पूर्व कांग्रेस सरकार ने यहां आम आदमी से जिन पांच गारंटियों 200 यूनिट मुफ्त बिजली आपूर्ति, परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपए, बीपीएल परिवार के सभी सदस्यों को 10 किलो मुफ्त चावल, बेरोजगार डिग्री धारकों के लिए 3,000 रुपए प्रति माह और दो साल के लिए डिप्लोमा धारकों के लिए 1,500/ रुपए प्रति माह और राज्य सरकार की बसों में महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा का वादा किया था। इसी तरह एससी के लिए आरक्षण को 15 से बढ़ाकर 17 प्रतिशत, एसटी के लिए 3 से 7 प्रतिशत, अल्पसंख्यक आरक्षण को 4 प्रतिशत तक बहाल करने और अन्य समुदायों के लिए आरक्षण बढ़ाने और संविधान की 9वीं अनुसूची में इसे शामिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई थी, किंतु वादों को पूरा करने के मामले में पांच गारंटियों को छोड़कर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार बहुत पीछे है। अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस को फिर से कोशिश कर रही है, इसलिए अच्छा यही है कि वह सभी को बराबरी की नजर से देखे।


लेखक : मनोहर यडवट्टि
हिंदुस्थान समाचार

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## लघुकथा

### द्वंद्व विचारों का

*जिंदगी चौराहे पर है खड़ी,*
*मन में बातें चली हैं बड़ी-बड़ी,*
*लगी है विचारों के द्वंद्वों की झड़ी,*
*फिर लगता है जिंदगी क्यों है ऐसे मायूस पड़ी,*
*कुछ पल सुहाने से लगते हैं सिर्फ कुछ घड़ी,*
*फिर लगता है जिंदगी इधर-उधर है बिखरी पड़ी,*
*खट्टे-मीठे एहसास हैं जिंदगी,*
*ढूंढ रही है हर चौराहे पर सकून,*
*परंतु यह तो अपने ही हिसाब से हुए जा रही है अफलातून,*
*जिंदगी हर चौराहे पर ढूंढ रही है सकून,*
*सुखद एहसास भी है जिंदगी,*
*तो प्रश्नों की खान भी है जिंदगी,*
*बस सुकून की तलाश में है जिंदगी,*
*सिर्फ सुकून की तलाश में है जिंदगी,*
*'जय' क्यों सोचता है इतना ज्यादा,*
*इन खट्टे-मीठे पलों का एहसास ही है जिंदगी।*

**डॉ. जय महलवाल**
**प्रो. बिलासपुर कॉलेज**

# कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही

अब गोवा के करीब आता जा रहा है कश्मीर। हो सकता है कि यह बात अविश्वसनीय लगे, पर सच तो यही है। कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य न केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवावासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था।

हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं। दिल्ली-गोवा फ्लाइट में सफर करने वाले इसे आसानी से समझ सकते हैं। अगर आपने हाल के दौर में कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोवा का सफर किया है तो आपने कश्मीरियों को सपरिवार गोवा जाते देखा ही होगा। इससे इस बात की पुष्टि भी होती है कि कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही है। श्रीनगर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि अब कश्मीर आर्थिक रूप से बदल रहा है।


लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

कश्मीर के लोगों ने जिस गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, कुछ साल पहले तक यह अकल्पनीय था। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में आयोजित रैली में कहा, 'मैं आपका दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।' कश्मीरियों के छुट्टियां मनाने गोवा जाने के पीछे बड़ी वजह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता भी है। कश्मीर में जब हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ती है, तो वह गोवा का रुख करने लगे हैं। आप कह सकते हैं कि कश्मीरियों को गोवा घूमने और रहने के हिसाब से नवंबर से जनवरी तक का महीना मुफीद लगता है।

अन्य पर्यटकों की तरह ही कश्मीरियों को भी गोवा का खुशनुमा और समावेशी समाज आकर्षित करता है। गोवा के कलंगुट, बागा, अंजुना और कैडोलिम सरीखे प्रसिद्ध समुद्र तटों पर कश्मीरियों की भीड़ को आसानी से देखा जा सकता है। यदि आप गोवा में कश्मीरी पर्यटकों से बात करेंगे तो वे निश्चित रूप से आपको दो बातें बताएंगे। पहला, वे घाटी की लंबे समय की अशांति से थके हुए थे। अब जैसे-जैसे उनके राज्य में चीजें बेहतर होती जा रही हैं, वे विकास के साथ-साथ शांति का भी अनुभव कर रहे हैं। वे गोवा को आराम करने के लिहाज से एक बेहतर जगह मानते हैं।

दूसरा, कश्मीरी पर्यटक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ करते मिलेंगे। कश्मीरियों का कहना है कि गोवा सरकार के गंभीर प्रयासों से पर्यटकों के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। सरकार की कार्यनीति के कारण गोवा आने वाले पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं। यह गोवा सरकार की बहुत बड़ी प्रशंसा है। गोवा सरकार अब 'क्वालिटी टूरिस्ट्स' यानी ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डोनेशन हर राजनीतिक पार्टी का हक, भाजपा पर सवाल क्यों?

देशभर में इस समय 'इलेक्टरोल बांड' पर राजनीति हो रही है। भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल इसे चंदे में सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं, किंतु यह जानकर बड़ा ही आश्चर्य होता है कि जो सत्ता में नहीं हैं, उन्हें सत्ताधारी भाजपा से अधिक संयुक्त राशि मिली है। इसके बाद भी ये राजनीतिक दल पारदर्शिता की बात कर रहे हैं और हल्ला मचा रहे हैं!

कांग्रेस पार्टी जो खुद ही 'इलेक्टरोल बांड' के जरिए करोड़ों रुपए का चंदा प्राप्त करने में सफल रही, वह किस नैतिकता की बात कह रही है? यह फिलहाल समझ नहीं आ रहा है! वैसे देखा जाए तो हर राजनीतिक पार्टी का यह हक है कि वह अपने दल को सुचारु रूप से चलाने के लिए चंदा ले सकती है। यहां भी जिन राजनीतिक पार्टियों को कंपनियों से चंदा मिला है, उस पर कानूनी तौर पर कोई कुछ भी प्रश्न नहीं उठा सकता है, क्योंकि यह किसी व्यक्ति, समूह, संगठन और कंपनी का अपना निर्णय है कि वह किसके समर्थन में है और उसके अनुसार किसके माध्यम से देश हित होगा। भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली और भारतीय संविधान यह अनुमति देता है कि वह (कोई भी नागरिक) देश हित के विचार से किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपनी स्वैच्छानुसार कितना भी चंदा दे अथवा कितना नहीं ।

एक तरह से यह अच्छा ही हुआ कि उच्चतम न्यायालय ने राजनीति में पारदर्शिता लाने के लिए 'इलेक्टरोल बांड' को चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिए सार्वजनिक कराया है। इससे आगे के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेने के भी द्वार खुल गए हैं। मसलन, देश में जितने भी मंत्रालय, विभाग एवं सरकारी कार्य करने वाले संस्थान हैं और वह भी, जहां कि सूचना का अधिकार लागू होता है। उन सभी जगहों में आगे उच्चतम न्यायालय यह लागू कर सकता है कि उन्हें अपनी सभी खरीद एवं बचत के साथ आय की जानकारी भी सार्वजनिक कर देनी चाहिए। किसी प्रोजेक्ट पर कितने का निर्माण हुआ, कितना अधिरिक्त धनराशि का खर्च आया, वह कार्य समयावधि में पूर्ण हुआ या अधिक समय में इत्यादि सभी कुछ। यानी कि हर छोटी-बड़ी जानकारी और उसके साथ बिल, बाउचर भी आगे सार्वजनिक कर देने के लिए न्यायालय द्वारा निर्देश दे ही देना चाहिए। न्यायालय द्वारा इस प्रकार का निर्णय लिए जाने पर देश के आम आदमी को अत्यधिक खुशी होगी।


लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

वस्तुत: इससे होगा यह कि अभी सूचना के अधिकार के लिए जो बहुत समय खर्च होता है। कई बार अधिकारियों को जवाब देने में देरी होती है और कई बार वे जानबूझकर कोई जानकारी देना नहीं चाहते। ऐसे में फिर किसी भी इस प्रकार की जानकारी देने संबंधी 'सूचना अधिकारी' की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। सभी खर्चों एवं आय की जानकारी विभागवार एवं संस्थागत रूप से उनके वेब माध्यम पर सार्वजनिक रूप से पड़ी रहेगी। अभी जो सूचना के अधिकार में आम आदमी का देश भर में करोड़ों रुपए खर्च होता है। वह बेचारा दर-दर भटकता है। परेशान होता है। सरकारी स्तर पर जो श्रम, समय एवं रुपए लगते हैं, उसकी भी बचत हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट जब पारदर्शिता की बात कर ही रहा है तो वह पूरे सिस्टम पर होनी चाहिए। इसमें फिर न्यायालय को भी क्यों छोड़ा जाए। किस न्यायाधीश के पास नौकरी पाने से पूर्व कुल संपत्ति कितनी थी और नौकरी में आने के पश्चात कितनी हो गई है। वेतन के अलावा उनके क्या आय के स्रोत हैं कि अचानक से उनमें से कई जजों की आय बहुत अधिक बढ़ गई। इस तरह की सभी कुछ जानकारियां न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों सहित हर विभाग एवं सरकारी कर्मचारी का डाटा सार्वजनिक कर देना चाहिए। संविधान जिनमें गोपनीयता रखने की अनुमति देता है, उन्हें छोड़कर किसी भी विषय में गोपनीयता की आवश्यकता ही क्या है? कम से कम हम जैसे पत्रकारों को जिस भी डेटा से जो सूचना लेकर खबर बनानी होगी और आम जनता को साधारण भाषा में उसके पक्ष से परिचित कराना होगा, वह भी आसान हो जाएगा। हम जैसे पत्रकार ही क्यों, देश के हर खास और आम आदमी के पास विभागवार नाम सहित सही जानकारी हर समय मौजूद होगी।

यहां यह बड़ा प्रश्न है कि जब अधिकांश राजनीतिक दलों ने 'इलेक्टरोल बांड' के माध्यम से चुनावी चंदा जुटाया है, तब वे क्यों इस विषय पर हल्ला मचा रही हैं? क्यों विपक्ष द्वारा यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि अरे! यह तो बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है? एक तरह से गृहमंत्री अमित शाह आज कोई अनुचित नहीं कह रहे हैं, जो वह पूछ रहे हैं कि कुल 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के इस चुनावी बांड में से भाजपा को छह हजार करोड़ से अधिक रुपए मिले हैं। बाकी बांड कहां गए? 303 सांसद होने के बावजूद हमें सात हजार करोड़ रुपए से भी कम मिलते हैं और बाकियों को 242 सांसदों के बावजूद 14,000 करोड़ रुपए से अधिक मिलते हैं। शाह पूछ रहे हैं कि यह किस बात को लेकर हंगामा है? निश्चित ही ऐसे में कहना यही होगा कि देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महाउत्सव में आम जनता को 'इलेक्टरोल बांड' का मुद्दा बनाकर भ्रमित करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा कोई कर रहा है तो माननीय न्यायालय इसे भी संज्ञान में ले तो अच्छा हो। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राजनीति का गिरता स्तर और युवाओं की भागीदारी

आज हम राजनीति के गिरते स्तर पर और युवाओं की भागीदारी पर चर्चा करना चाहेंगे जो कि एक अलग-अलग पहलू बयां करते हैं। सबसे पहले हम राजनीति के गिरते स्तर पर चिंतन मनन करना चाहेंगे, जिस राजनीति के बिना हम यूं कहें कि कदाचित कुछ भी संभव नहीं, अगर हम राजनीति में ईमान, स्वाभिमान, विश्वास की बात करें तो हम आपको राजनीति के घटनाचक्र में अजीबोगरीब घटनाएं देखने ओर सुनने को मिलती हैं और यह राजनीति घटनाक्रम कई दशकों से जारी है।

आखिर यह सब क्यों होता है और इसके पीछे क्या मंशा उस जनप्रतिनिधि की रहतीं है, जिसे चुनकर जनता-जनार्दन बहुमत के साथ अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए विधानसभा या लोकसभा भेजती है और वही जनप्रतिनिधि जनता के सपनों में खरा न उतरकर और अपने राजनीतिक विचारधारा को दरकिनार करते हुए अपने निजी स्वार्थ में अपने भविष्य को संवारने के लिए लामबंद हो जाता है, आखिर क्यों? ऐसा इसलिए भी संभव है कि राजनीति का यह खेल उस राजनेता के लिए अनोखा नहीं है, जिसे उस जैसे अनेक राजनीतिक खिलाड़ी अंजाम दे चुके हैं। आज राजनीति में ईमान, स्वाभिमान विश्वास, एक सच्चा जनसेवक देखना और मिलना भी ईद का चांद बन चुका है। आज हम सभी युवाओं को इन सभी पहलुओं ओर मुद्दों पर चर्चा और चिंतन करने की परम आवश्यकता है।

अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के लिए एक सही, सक्षम, शिक्षित, ईमानदार, ऊर्जावान व्यक्तित्व जेसे जनप्रतिनिधि को लोकसभा में भेजना चाहिए, जो हम सभी के विकास कार्य और हर आम आदमी के बीच सदा उपलब्ध रहे और जनता के दर्द को भी समझे। आज हम सभी विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से आते हैं, परंतु हमारा ध्येय सिर्फ अपने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवाना सर्वोपरि होना चाहिए, तभी हम अपने क्षेत्र को विकास की दृष्टि से जिला, प्रदेश व देश में अग्रणी स्थान पर पहुंचा पाएंगे। आज जो राजनीति हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ओर प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से हर रोज देख रहे हैं, वह बहुत ही विचित्र हो चुकी है, जहां पर न जाने किस दल का जनप्रतिनिधि और राजनेता किस दल में मिल जाए, ऐसा कहना नामुमकिन होगा।


लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

आज हम देखते हैं कि विभिन्न राज्यों में सरकारों का गिरना और वहां अन्य राजनीतिक दलों का समर्थन लेकर सरकारें बना लेना, यह सब दस्तूर लगातार जारी है। इस विषय को हमें समझना ओर चिंतन करना चाहिए। जो राजनीतिक दल अपनी विचारधारा ओर नीतियों पर चलती है और जिन राजनीतिक दलों का अपना निजी संविधान है, वह राजनीति दल आखिर अपनी विचारधारा और नीतियों की तिलांजलि क्यों देती हैं, जिस किसी राजनीतिक विचारधारा से आम जनता की भावनाएं, विश्वास और उम्मीद बंधी होती है।

जिस-जिस राजनीति दल को जब-जब भी यह मौका मिला, तब-तब उसने घटनाक्रम को अंजाम दिया, आज इन सभी घटनाक्रम का आम जनता में विपरीत प्रभाव भी देखने को मिलता है, जहां जनता-जनार्दन अपने आप को ठगा व असाहाय सा महसूस करती है। आज युवा वर्ग समाज और प्रदेश में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है, अगर हम राजनीति से ऊपर उठकर समाज और विकास के पथ पर ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां राजनीति में ईमानदारी, सत्यता, विश्वास, जागरूकता, शिक्षित व्यक्तित्व को अपने भाग्य का विधाता बनाए ताकि राजनीति का एक अच्छा स्तर बना रहे। आज हम 21वीं सदी में जी रहे हैं और हम अपने क्षेत्र, प्रदेश, और देश को नए-नए आयामों को छूते भी देखा है, परंतु अनेक विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रों में हम अभी भी बहुत पीछे खड़े हैं, जिसको एक जागरूक और शिक्षित युवा ही भविष्य में परिवर्तन और क्रांति लाने में सक्षम भी है।

आज जरूरत है तो हम सभी को राजनीति के गिरते उस स्तर को फिर से न दोहराएं और राजनीति को उच्चे स्तर पर पहुंचाएं। आज हम सभी का दायित्व है कि हम सभी सही और उचित जनप्रतिनिधियों का आकलन करके ही एक योग्य जनप्रतिनिधि को अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकसभा में पहुंचाएं, ताकि हम विकास की दृष्टि में ओर राजनीति स्तर को फिर से स्थापित करने में सफल हो पाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**वायु** प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, खांसी, अस्थमा और श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों का बिगड़ना शामिल हो सकता है। वायु प्रदूषण मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि सभी प्राणी जाति के लिए हानिकारक है। भारत में बहुत पहले से ही वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों ने आरंभ कर दिए थे। 1950 में वनों को बचाने के लिए 'वन महोत्सव' की शुरुआत की गई। 1970 के दशक में जब देश में वन संपदा का अपार भंडार होता था, तब भी पर्यावरण की चिंता करते हुए गढ़वाल के लोगों ने वृक्षों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन आरंभ कर दिया था। वन हैं तो हम हैं, जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वे भी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। वृक्षों को नष्ट करने का सिलसिला बरकरार रहा तो वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में भी रेगिस्तानों की संख्या बेतहाशा हो जाएगी और विभिन्न ऋतुओं के देश भारत में भी एक या दो मौसम ही रह जाएंगे।

**–सुमित अवस्थी, पांवटा साहिब**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिला मुख्यालय में बैनर-पोस्टर हटाए

## आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन आयोग हुआ सख्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन आयोग सख्त हो गया है। इसके चलते मुख्यालय से लेकर समस्त उपमंडल क्षेत्रों में लगे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व नेताओं के होर्डिंग्स, बैनर उतरवाने का अभियान शुरू कर दिया गया है ताकि आर्दश आचार संहिता का पालन हो सके। गौर हो कि लोकसभा चुनावों को लेकर पिछले तीन चार माह से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनहित में कई योजनाओं के जहां बैनर व होर्डिंग्स कई स्थानों पर लगाए गए हैं। शनिवार को चुनाव आचार संहिता लगते ही जिला निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाने के सख्त निर्देश जारी कर दिए। जिसमें समस्त राजनीति दलों के प्रतिनिधियों को पूर्व में ही बैठक कर इस दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे। जिसमें स्पष्ट था कि यदि पार्टी से जुड़े, या फिर मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स सार्वजनिक स्थल पर नजर आता है तो इसका खर्चा प्रत्याशी के खर्च में व अगर प्रत्याशी घोषित नहीं है तो यह खर्च पार्टी को देय करने सहित आचार संहिता उल्लंघन के तहत उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसके चलते आचार संहिता लागू होते ही जहां कई पार्टियों ने स्वयं ही अपने-अपने पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटा लिए गए। वहीं केंद्र व राज्य सरकार संबंधी विभिन्न योजनाओं के तहत लगे पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स को हटाने के लिए जिला निर्वाचन आयोग चंबा, लोक संपर्क विभाग चंबा, नगर परिषद चंबा व विभिन्न विभागों के कर्मी जुट गए है।



चंबा मुख्यालय में बैनर हटाते लोक संपर्क विभाग के कर्मचारी।

### अवहेलना करने पर की जाएगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने कहा कि लोस चुनाव के तहत आचार संहिता लागू होते ही पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाने के निर्देश जारी कर दिए थे। जिसमें बाकायदा एक निरीक्षण कमेटी का गठन किया है जो कि पूर्ण जिला के हर विस क्षेत्र में पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाएं जाना सुनिश्चित कर रहे है। यदि इसके बावजूद कोई पोस्टर, बैनर मिलता है उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिना अनुमति के नहीं लगाएं पोस्टर

## आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को लेकर स्थायी समिति की बैठक में बोले डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत सोमवार को जिला में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को लेकर स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के तुरंत बाद सभी सार्वजनिक स्थानों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स को हटाने की 48 घंटे की समय सीमा निर्धारित है जबकि निजी संपत्ति में लगे राजनीतिक संदेश तथा होर्डिंग्स को 72 घंटे की समय सीमा में हटाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार संपत्ति मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत जमीन, भवन, परिसर, दीवार तथा गाड़ी में बैनर लगाने, स्लोगन लिखने, पंफ्लेट चिपकाने इत्यादि कार्य नहीं कर सकेंगे। इसके लिए मालिक की लिखित सहमति अनिवार्य रहेगी। आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत टोल फ्री नंबर 1950 तथा सी-विजिल ऐप के माध्यम से भी की जा सकती है। ऐसी शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाता है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की तिथि सात मई, नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई, नामांकन की जांच 15 मई, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 मई तथा मतदान पहली जून को होगा। मतगणना का कार्य चार जून को राजकीय बहु तकनीकी संस्थान सरोल में होगा।

बैठक में कार्रवाई का संचालन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने किया। बैठक में मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरण, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढ़क, प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान चंद, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में धीरज, कपिल भूषण, गोवर्धन उपस्थित रहे।


आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को लेकर स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मुकेश रेपसवाल।

### सुविधा ऐप के माध्यम से लें परमिशन

छह जून को निर्वाचन प्रक्रिया तथा आदर्श आचार संहिता समाप्त होगी। उपायुक्त ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा जनसभा, जुलूस इत्यादि के आयोजन को लेकर अनुमति लेनी आवश्यक रहेगी। अनुमति सुविधा ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय के खेल मैदान इत्यादि में राजनीतिक आयोजन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन



**चंबा।** एससी-एसटी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को लेकर एसडीएम चंबा अरुण कुमार शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन से अवगत करवाते हुए अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा के अध्यक्ष शिवकरण चंद्रा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2011 में अनुसूचित जाति उपयोजना की राशि जनसंख्या के अनुपात में 25 फीसदी के लगभग प्रस्तावित थी, लेकिन यह राशि संबंधित वर्ग के विकास की प्राथमिकताओं पर खर्च नहीं हो पाई। इसके विपरीत पिछले पांच सालों में इस उपयोजना के तहत बजट प्रावधान मात्र पांच फीसदी तक सीमित होकर रह गया है। खेद तो इस विषय का है कि आवंटित की गई पांच फीसदी राशि भी सही मायने में अनुसूचित जाति के विकास पर खर्च नहीं हो पा रही है। उन्होंने मांग की है कि एससी-एसटी समुदाय के विकास के हितों के मध्यनजर, हिमाचल प्रदेश में तेलंगाना राज्य की तर्ज पर अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निधि विशेष कानून बनाया जाए और अनुसूचित जाति जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में कुल बजट का 33 फीसदी प्रावधान किया जाए ताकि यह निर्धारित राशि संबंधित वर्गों के सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक विकास की प्राथमिकताओं के आधार पर खर्च हो सके। इस अवसर पर जितेश्वर सूर्या, जितेंद्र सूर्या, केएल शाह, प्रीतम चंद रैणा, मदन चंद्रा, अरुण डालिया, करण रैणा आदि मौजूद रहे।

### बिजली की आंख-मिचौनी से परेशानी

**चंबा।** मुख्यालय के विद्युत उपभोक्ता बिजली की आंख-मिचौनी का दर्द काफी समय से सहन कर रहे है। क्षेत्र के ग्रामीणों का बिजली बोर्ड चंबा पर आरोप है कि दिन के समय बोर्ड द्वारा सुबह-शाम अघोषित कट लगाने का नया सिलसिला पिछले कुछ दिनों से आरंभ कर रखा है। हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस बारे में बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। विद्युत उपभोक्ता अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविंद्र कुमार, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा आदि का कहना है कि महीने में गिने-चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झोंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। वहीं कुछ दिनों से उचित विद्युत व्यवस्था देने के नाम पर बोर्ड द्वारा सुबह शाम अघोषित विद्युत कट लगाए जा रहे है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड के अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई है, लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन ही प्राप्त हुए है। जबकि समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठाए गए हैं।

# भटियात में हांफ रही निगम की बसें

## यात्रियों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें भटियात विस क्षेत्र में आए दिन हर मोड़ पर खड़ी मिलती हैं। लोकल रूटों में चलने वाली निगम की बसें हर दूसरे से तीसरे दिन बीच रास्ते में हांफ जाती हैं। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। निगम की इस लापरवाही के चलते अक्सर यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए कई मीलों का पैदल सफर तय करना पड़ता है।

गौर हो कि भटियात विस क्षेत्र में एक ओर जहां पुरानी बसों के सहारे निगम बस सेवा व्यवस्था को हांका जा रहा है। जिनमें अधिकांश बसें खराब हो चुकी हैं। जिनकी मरम्मत के लिए भी भटियात निगम उप डिपो को मुख्यालय स्थित वर्कशॉप पर निर्भर होना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि तकनीकी खराबी के कारण बसें ठीक करने के लिए न पर्याप्त टूल हैं और न ही मैकेनिक है। वहीं बसों में डीजल भी मुख्यालय स्थित डिपो पर निर्भर है। जबकि चुवाड़ी डिपो में बसों में रोजाना करीब 600 लीटर डीजल की खपत है। जिसमें बसों में डीजल खत्म होने पर चंबा डिपो से डीजल आने का इंतजार करना पड़ रहा है। निगम की तमाम खामियों व अभावों का खामियाजा क्षेत्र के यात्रियों को झेलना पड़ रहा है। जिसके कारण आए दिन कहीं न कहीं बसों के पहिए थम जाते है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने निगम अधिकारियों से सवाल पूछा है कि यदि बसें खराब हैं तो निगम उन्हें सड़कों पर क्यों भेजता है। यदि ऐसे में कोई अनहोनी घट जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। लोगों का कहना है कि चुवाड़ी डिपो के बेड़े में मौजूद कई रूटों पर निगम की बसें जगह-जगह खड़ी है। जिनमें कई में तकनीकी खराबी तो कई कई बिना डीजल के खड़ी है। जिससे निगम को घाटा पड़ने सहित क्षेत्र के लोगों को भी रोजाना आवागमन में परेशानियों के दौर से दो चार होना पड़ रहा है। उधर हिमाचल पथ परिवहन निगम चुवाड़ी अड्डा प्रभारी जितेंद्र राणा ने बताया कि भटियात बहुत बड़ा क्षेत्र है। जिसमें बसों का अभाव खल रहा है। वहीं बसों के पुराना होने से उनमें तकनीकी खराबी आई है। जिसके चलते कुछ रूटों पर बस सेवा प्रभावित हुई है। जिन्हें बहाल करने के लिए चंबा से मैकेनिक बुलाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### सिद्धपुरा स्कूल का शौचालय बदहाल

**चंबा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुरा के शौचालय और परिसर की बाउंड्री वॉल की हालत खस्ता हो गई है। स्कूल की मुखिया ने बताया कि हम इसके बारे में कई बार प्रशासन और पंचायत प्रधान को लिखित माध्यम से सूचित कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। शौचालय की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि अब बच्चों को खुले में जाना पड़ रहा है। स्टाफ व विद्यार्थियों के लिए एक ही शौचालय है, लेकिन उसकी हालत भी दयनीय बनी हुई है। इसी शौचालय के साथ दूसरी ओर प्राथमिक स्कूल है। उसे भी हर समय खतरे के साये में पढ़ाई करनी पड़ रही है। यदि यह दीवार टूटती है या शौचालय टूटता है तो प्राथमिक स्कूल में पढ़ाई कर रहे बच्चों पर गिरेगी और कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# भरमौर कॉलेज में छात्रों को बताया मतदान का महत्व


राजकीय महाविद्यालय भरमौर में कार्यक्रम के दौरान छात्र व अन्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय भरमौर के प्राचार्य डॉ. हेमंत पाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्राचार्य को नेहरू युवा केंद्र भरमौर ब्लॉक के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल ऑफिसर प्रो. स्वरूप कुमार ने बच्चों को मतदान का महत्व बताया। इस अवसर पर स्वीप नोडल ऑफिसर ने छात्र-छात्राओं को चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सहित लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आदिति ठाकुर ने प्रथम स्थान, मनीष ने दूसरा व समीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### साहो में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

**चंबा।** साहो क्षेत्र में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र न होने से आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाने वाले लोगों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोग लंबे समय से साहो में आयुवेर्दिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग कर रहे हैं। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र न होने के कारण लोगों को इलाज करवाने के लिए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल जाना पड़ता है। जिसके कारण लोगों को 12 से 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। लोगों ने साहो में केंद्र खोलने की मांग उठाई है।

# चंबा कॉलेज में छात्रों को दिए करियर के टिप्स



**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल (करियर परामर्श एवं स्थानान सेवा कोष्ठ) के तत्वावधान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों लिए एक मार्गदर्शन एवं परामर्श सत्र का आयोजन महाविद्यालय के सभागार एमपी हॉल में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा मुख्यातिथि के रूप में तथा प्रोफेसर राकेश राठौर, डॉ. वीरेंद्र सिंह तथा प्रोफेसर मानिराज राठौर स्त्रोत व्यक्तियों के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों को करियर के टिप्स भी दिए गए।

इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. विद्या सागर शर्मा ने करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम लगातार महाविद्यालय में कक्षा तथा विभाग स्तर पर आयोजित होते रहते हैं, जो विद्यार्थियों का हर संभव मार्ग दर्शन करने का प्रयास करते हैं।

# नाममात्र स्कूलों तक सीमित पंजाबी विषय

**आरके रांगड़ा, चंबा**

प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में योगा व उर्दू विषय को स्कूलों में आरंभ करने की और प्रयास कर रही है मगर पंजाबी विषय को पूर्ण रूप से आरंभ करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। जिसके चलते पंजाबी विषय का आयाम स्थापित करने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाई है। पूर्व सरकार द्वारा आरंभ की गई पंजाबी विषय अध्ययन योजना सरकार के निर्धारित मापदंडों को पूर्ण नहीं कर पाई। वहीं वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में अधिक दिलचस्पी न लेने के कारण पंजाबी विषय योजना प्रारंभिक चरण में हिमाचल के नाममात्र स्कूलों तक ही सिमट कर रह गई। जिसका मूल कारण सरकार द्वारा विषय योजना को पूर्ण रूप से प्रारूप प्रदान न कर पाना है।

गौर हो कि हिमाचल प्रदेश राज्य के साथ पड़ोसी राज्यों में पंजाब राज्य का एक बड़ा हिस्सा जुड़ता है। जिसके चलते हिमाचल राज्य से संबंधित लोगों को पंजाब राज्य पहुंचने पर पंजाबी विषय के ज्ञान के अभाव से गुजरने के कारण बोलने से लेकर पढ़ने तक परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ता है। जबकि उर्दू विषय महज कोर्ट कार्य से लेकर सीमित स्थलों व शहरों तक शामिल है।

जिसका रोजमर्रा की दिनचर्या से नाता कम है। जिसकी समीक्षा कर वर्ष 2009-10 में हिमाचल प्रदेश राज्य के स्कूलों में पंजाबी विषय आरंभ करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत पंजाबी विषय को स्कूलों में आरंभ करने के लिए तत्काल सरकार द्वारा समस्त 12 जिलों को योजना में शामिल करने की योजना तैयार की गई थी। जिसमें सरकार ने सभी जिलों के हर विस क्षेत्रों में स्थित एक व दो स्कूलों में खोलने का निर्णय लिया था। जिसमें उक्त विषय विशेषज्ञ शिक्षक को सरकार द्वारा मानदेय 150 रुपए पीरियड के आधार पर देना सुनिश्चित किया गया।

पीरियड आधार पर मानदेय होने से पंजाबी विषय योजना राज्य में परवान नहीं चढ़ पाई है। सरकारी स्कूल तालिका पर जिला स्तर पर नजर डाले तो जिला सोलन में 19, ऊना में 16, कांगड़ा में 14, सिरमौर में 10, चंबा में छह जिनमें डलहौजी व बनीखेत स्कूलों में पद खाली पड़े हैं यानि चार स्कूलों में बिलासपुर में छह, राजधानी शिमला में चार, हमीरपुर में एक, लाहौल-स्पीति में एक, कुल्लू में एक सहित जिला किन्नौर में पंजाबी विषय में किसी भी स्कूल में अध्ययन शुरू नहीं हो पाया है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाबी विषय लागू करने में सरकार प्रयासरत



राजेश चाढ़क उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग चंबा का कहना है कि पंजाबी विषय को पूर्ण रूप से लागू करने में विभाग प्रयासरत है। इस दिशा में कार्य प्रगति पर है। फिलहाल आचार सहिंता हटने के पश्चात ही इस विषय पर कुछ कहा जा सकता है।

### सूडोकु 0007 (★★★★☆ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0006 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

19 मार्च, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** दशमी (00:24): **नक्षत्र :** पुनर्वसु (08:10), **पक्ष :** शुक्ल, योग शोभन (04:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:04-12:53), राहुकाल 03:30 - 05:01।

**विशेष दिन**

- 19 मार्च 2024 को नंदगांव होली
- 20 मार्च 2024 को आमलकी या रंगभरी एकादशी

**मेष :** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें।

**वृषभ:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**मिथुन:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी।

**कर्क :** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह :** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** कारोबार विस्तार के योग है। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक:** काम बहुत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। कोर्ट के चक्कर लगेंगे।

**धनु :** स्वास्थ का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले।

**मकर:** प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कुंभ :** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं।

**मीन :** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य संपादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। विदेश जाने का योग है।

**समस्या** | वन विभाग के पॉपुलर के पेड़ों से कुछ घरों को पैदा हुआ खतरा

# डर के साये में रह रहे ढलोग वार्ड के लोग

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड नंबर पांच के कुछ परिवार आज भी डर के साये में दिन गुजारने को मजबूर हैं। बताते चलें कि वार्ड नंबर पांच के कुछ घरों के साथ वन विभाग की नर्सरी है, जहां पॉपुलर के कुछ पेड़ लगे हुए हैं उनसे कुछ घरों को खतरा पैदा हो गया है। पेड़ों के साथ हाई एक्सटेंशन बिजली की तारे गुजर रही हैं तो ठीक उनके नीचे पानी का नाला है।

बता दें अगर आंधी तूफान के कारण पेड़ों से मोटी टहनियां हाई एक्सटेंशन बिजली की तारों पर गिरे और तारे नीचे नाले में तो उससे पूरे नाले में करंट तो आएगा ही उसके साथ लगते घरों एवं गुजरने वाले लोगों को भी खतरा पैदा हो जाएगा जिससे बड़ा हादसा भी हो सकता है। इसी डर के चलते वार्ड नंबर पांच के कुछ परिवारों ने मिलकर बीते वर्ष भी भाजपा सरकार के वन मंत्री राकेश पठानिया को उनके चंबा प्रवास के दौरान बनीखेत में इस सारे मामले को लेकर अवगत करवाया था। उन्होंने इनकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कुछ पेड़ों को तो कटवा दिया और कुछ पेड़ छोड़ दिए गए। छोड़े गए पेड़ आज इन परिवारों के लिए खतरा बन गए हैं। वार्ड नंबर पांच के निवासी जनक राज ने बताया कि पेड़ों की टहनियों सुख कर उनके घर की छत एवं आंगन पर गिरती रहती हैं।

उन्होंने स्थानीय पंचायत, प्रशासन एवं वन विभाग को लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत भी करवाया है, लेकिन अभी तक इस शिकायत के बारे में कोई ठोस उचित कदम नहीं उठाए गए।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी इस बारे शिकायत दर्ज कराई थी। मार्च 2023 में उनके पत्र 5905 निदेशक उत्तरी धर्मशाला द्वारा जिला मुख्यालय मुख्य अरण्यपाल वन वृत्त चंबा को आदेश भी जारी किए गए थे जहां उन्होंने भी पल्ला झाड़ते हुए मंडल डलहौजी को मामला प्रेषित कर दिया। इस बारे में ग्राम पंचायत ढलोग की प्रधान सुदेश कुमारी ने बताया कि इन परिवारों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को इस बारे में सूचित कर दिया था। उन्होंने पेड़ों को काटने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया था। (अनंत ज्ञान)


ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड नंबर पांच में पॉपुलर के पेड़ व साथ में गुजरती हुई हाई एक्सटेंशन बिजली की तारें।

### जल्द किया जाएगा समस्या का हल

डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि यह सारा मामला उनके संज्ञान में है। जल्द ही पेड़ों को कटवा दिया जाएगा। कुछ कार्यालय संबंधी औपचारिकताएं पूरी होते ही इस काम को पूरा कर देंगे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जनक राज एवं उनके साथ लगते घरों को यह बताया था कि अगर आप इन पेड़ों को चाहे तो खुद भी कटवा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अविनाश और प्रवीण ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता


विजेता को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के इंडोर स्टेडियम उदयपुर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 8 टीमों ने भाग लिया। अविनाश और प्रवीण प्रतियोगिता के विजेता, जबकि दुनी ठाकुर और राजीव उपविजेता रहे। प्रतियोगिता के आयोजक एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे आयोजनों का होना बेहद आवश्यक है, ताकि युवा सही दिशा में अग्रसर हों। उन्होंने बताया कि खेलकूद में युवाओं की रुचि कम होना चिंता का विषय है। वे इस तरह के आयोजन कर युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भविष्य में ज्यादा से ज्यादा युवा इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

### लाहौल-स्पीति क्रिकेट टीम का ट्रायल 25 को

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से आयोजित होने जा रही अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति क्रिकेट टीम का ट्रायल 25 मार्च को होगा। इसका आयोजन कुल्लू के ढालपुर मैदान में किया जाएगा। ट्रायल दोपहर 1 बजे से शुरू किया जाएगा। इस ट्रायल में वर्ष 1-09-2008 या इसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने के लिए लाहौल-स्पीति एडहॉक कमेटी के साथ रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए 2 पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, 8वीं एवं 10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र, स्कूल से संबंधित प्रमाणपत्र, आधार कार्ड और बोनोफाइड अपने साथ लाना अनिवार्य है।

### हाई जंप में निलाक्षी व शॉट पुट में ममता प्रथम

**नग्गर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इकाई अध्यक्ष सारांश ने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन हरिपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा व प्रो. ज्योति बाला की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जिला छात्रा प्रमुख निलाक्षी ने कहा कि इस दौरान तीन स्तर में खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रथम स्तर पर शॉट पुट का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर ममता वह द्वितीय स्थान पर निशा रहे। इसके पश्चात हाई जंप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर निलाक्षी व द्वितीय स्थान पर निशा रहे। इसी तरह लॉग जंप में प्रथम स्थान पर ममता और द्वितीय स्थान पर सपना रहीं। अंतिम में सभी विजेता खिलाड़ियों को महाविद्यालय के अध्यापकगण द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### लाहौल सहित अन्य ऊंची चोटियों में बर्फबारी

**मनाली।** लाहौल सहित रोहतांग दर्रे व अन्य समस्त ऊंची चोटियों में बर्फबारी का क्रम शुरु हो गया है। पर्यटन नगरी मनाली में दिन भर बादल छाए रहे। मनाली सहित लाहुल में सुबह धूप खिली लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली ओर उंची चोटियों में बर्फबारी का क्रम शुरु हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम, बारालाचा दर्रों में बर्फ की सफेद परत बिछ गई है। हालांकि मनाली केलंग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु है लेकिन मौसम के तेवर ऐसे ही रहे तो आवाजाही प्रभावित हो सकती है। उधर, सोमवार सुबह खिली धूप के बीच पर्यटक सोलंगनाला पहुंचे। पर्यटकों ने सोलंगनाला सहित आसपास के पर्यटन स्थलों में बर्फ की खेलों का आनंद लिया। अधिकतर पर्यटकों ने सोलंगनाला में ही बर्फ का आनंद लिया जबकि कुछ एक पर्यटक फोर बाय फोर वाहनों में धुंधी की ओर भी रवाना हुए। पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। वाहन चालक नरेंद्र व प्यार चन्द ने कहा कि सोमवार को भारी संख्या में सोलंगनाला पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोपहर तक पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ की खेलों का आनंद उठाया जबकि दोपहर बाद सोलंगनाला में भी मौसम खराब हो गया।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आदर्श आचार संहिता को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करतीं उपायुक्त तोरुल एस रवीश

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को जनसभा, पदयात्रा, रैली व रोड शो करवाने के लिए संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक है। रैली, जुलूस, रोड शो तथा लाउडस्पीकर के लिए अनुमति के लिए 24 घंटे पूर्व ऑनलाइन सुविधा ऐप आवेदन करना होगा। स्थायी व गतिशील वाहनों पर लाउडस्पीकर का प्रयोग सुबह 6 बजे से पहले तथा रात 10:00 बजे के बाद किया जाना निषेध है। किन्हीं भी धार्मिक स्थलों का राजनीतिक दलों व उम्मीदवार द्वारा बैठक या चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। निजी भवनों या संपत्ति पर झंडा या पोस्टर लगाने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित अनुमति लेना आवश्यक है तथा अनुमति की एक प्रति सहायक रिटर्निंग को देना होगा। सार्वजनिक स्थानों जैसे मैदानों के उपयोग के लिए अनुमति 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर प्रदान की जाएगी।

उन्होंने आबकारी एवं कराधान विभाग के नोडल अधिकारी को शराब के भंडारण व वितरण पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील स्थलों, बार्डर पर नाका लगाकर वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि मदिरा की तस्करी पर लग सके साथ ही शराब की दैनिक बिक्री पर भी नजर रखने को कहा। उन्होंने बैंक आय कर विभाग के नोडल अधिकारियों को आदर्श आचार सहिंता लागू होने के बाद संदिग्ध लेन देन पर कड़ी नजर रखने को कहा।

## महिला के आत्महत्या मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, कुल्लू, मनाली

मनाली की मनु मार्केट में महिला की आत्महत्या मामले में मृतक के पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। महिला के पति को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि इधर मृतक महिला के मायके पक्ष ने एसपी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मामले को ससुराल बालों को जिम्मेदार बताया और मामले में पुलिस ने उचित कार्रवाई करने की मांग की।

**मायके पक्ष ने एसपी कार्यालय के बाहर दिया धरना**

गौरतलब है कि यन्जना पत्नी समीर शर्मा ने अपने मनु मार्केट मनाली में किराये के मकान में पंखे पर फंदा लगा लिया था। इस मामले में यन्जना के पिता जोगध्यान निवासी सालंग तहसील कुल्लू ने मनाली थाना में मुकदमा दर्ज करवाया था। पिता का आरोप है कि दामाद समीर शर्मा पुत्र रघुवीर सिंह निवासी महन्तबेहड़ उनकी बेटी को दहेज के लिए अकसर तंग करता रहता था। इसी वजह से यन्जना ने अपनी जान दे दी।

पिता की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतक महिला के पति समीर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मनाली में महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने महिला के पिता जोगध्यान की शिकायत के आधार पर समीर शर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 498, 306, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में पति को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

## एकल गान में मुस्कान रही अव्वल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, नग्गर

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में केंद्रीय छात्र परिषद के वार्षिक कार्यक्रम 'अंतर ध्वनि' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्र प्रतियोगिता, लोकनृत्य, गायन प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर और महाविद्यालय के पूर्व अध्यापक कर्म सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्ष रितिका शर्मा ने परिषद की सालभर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं, मुख्यातिथि ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स दिए। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।


विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्राचार्य व अन्य लोगों के साथ।

### प्रतियोगिताओं में ये प्रतिभागी रहे विजेता

एकल गान में मुस्कान प्रथम एवं रोशना व राहुल द्वितीय, एकल नृत्य में प्रथम अंबिका एवं द्वितीय स्थान पर विपाशा रही। पारंपरिक लोक वेशभूषा में प्रीति प्रथम व प्रिया द्वितीय स्थान पर रही। पारंपरिक वेशभूषा छात्र वर्ग में रोहन प्रथम व योगेश द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं, छात्रा वर्ग में कृष्णा प्रथम व शिवालिका द्वितीय स्थान पर रही। एकल लोक गान में प्रथम रोशना, द्वितीय बलबीर व गुलशन रहें। वाघ यंत्र में प्रथम सार्थक द्वितीय अरुण, मंच संचालन में प्रथम स्थान पर कृति व द्वितीय स्थान पर संजना रही। लोक नृत्य में प्रथम स्थान पर बीकाम व द्वितीय स्थान पर कला स्नातक समूह रहा। अंत में परिषद के उपाध्यक्ष दीपू ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## हाथ से मैला ढोने के नए आंकड़े जुटाएं

### डीसी तोरुल ने समिति की बैठक में शहरी निकायों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सोमवार को मैनुअल स्केवेंजर अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मैनुअल स्केवेंजर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जिले में अस्वच्छ शौचालय का इस्तेमाल तथा हाथ से मैला ढोने की प्रथा प्रतिबंधित है। डीसी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कुल्लू जिले में हाथ से मैला ढोने वालों का एक व्यापक सर्वेक्षण 15 मार्च से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है।

उन्होंने सभी ग्रामीण तथा शहरी निकायों को निर्देश दिए कि पुराने सर्वेक्षण के आंकड़ों को हटाकर नए सर्वेक्षण के आंकड़े अपलोड करना सुनिश्चित बनाएं तथा इसकी अंतिम रिपोर्ट तय समयावधि में भेजना सुनिश्चित करें।



डीसी ने जिले के समस्त लोगों से आग्रह किया है कि जिले में अस्वच्छ या शुष्क शौचालयों और हाथ से मैला ढोने के कार्य में शामिल व्यक्तियों के बारे में यदि कोई जानकारी हो तो संबंधित पंचायत अधिकारियों/शहरी निकायों अथवा खंड विकास अधिकारियों को प्रदान कर इस सर्वेक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रयास में सभी का सहयोग और सहायता अधिक न्यायसंगत और सम्मानजनक समाज निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

### साल में दो बार लगाएं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**इसके** उपरांत उपायुक्त ने जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की भी अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने श्रम अधिकारी को समय-समय पर श्रमिकों के मामलों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम अधिकारी को जिले के सफाई कर्मचारियों का साल में दो बार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने, शिविरों की समय सारिणी तैयार करने, शिविरों में इपीएफ आदि की जानकारी देने के साथ ही सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट प्रदान करने के निर्देश भी दिए। बैठक का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन चैप्टर कुल्लू ने नियुक्त किए योजना प्रभारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन चैप्टर कुल्लू में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में संस्था द्वारा सोमवार को जिला को-ऑर्डिनेटर सुंदर ठाकुर की अध्यक्षता में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर भुंतर में आम सभा का आयोजन किया गया।

इसमें समाज के कल्याण हेतु 15 सूत्री कार्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से चलाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। संस्था के जिला को-ऑर्डिनेटर सुंदर ठाकुर ने बताया कि आम सभा में नशा मुक्ति आंदोलन, विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया तथा योग विद्या को व्यापक स्तर पर जन मानस तक पहुंचाने संबंधी कार्यक्रम, नव चेतना, यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम आदि पर विशेष बल दिया गया।

आम सभा में महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभारी भी नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि इस सभा में उपस्थित सभी योजना प्रभारियों तथा सदस्यों ने महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा में भाग लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के प्रशिक्षक, पूर्व एपेक्स मेंबर, डिस्ट्रिक डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य, वाईएलटीपी प्रशिक्षक, वीटीपी प्रशिक्षक, संस्कार केंद्र प्रशिक्षक, योगाचार्य तथा कई वरिष्ठ व युवा सदस्य आदि मौजूद रहे।

## टीकाकरण करवाएं, जानलेवा बीमारियों से बचें

अनंत ज्ञान, आनी

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दलाश के रिवाड़ी स्थित राधे राधे वेट्रनेरी फार्मसिस्ट प्रशिक्षण संस्थान द्वारा टीकाकरण करके मनाया गया।

इस दौरान बीमारियों के बढ़ते हुए खतरे से बचने के लिए टीकाकरण की महत्वता को समझाया गया। मनुष्य व जानवरों में टीकाकरण कितना जरूरी है एवं टीकाकरण से बीमारियां कैसे दूर होती हैं ये समझाया गया, जिसमें डॉ. निशु चौहान ने कहा, भले ही आज भारत कई वायरस और बैक्टीरिया को लेकर टीका तैयार कर चुका है, लेकिन आज भी लोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इसमें विशेष रूप से रैबीज़ टीकाकरण है, जोकि बेहद जानलेवा बीमारी है, इसका टीकाकरण भी बहुत जरूरी है, ताकि पशु और इंसान दोनों सुरक्षित रह सकें। हाल ही में कोरोना जैसी बीमारी से बचने के लिए पूरी दुनिया में टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिससे करोड़ों लोगों की जान बचाने में मदद मिली। इस वर्ष की थीम है 'टीके सभी के लिए काम करती हैं'। इस विषय को देखते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि टीकाकरण से कई जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है और टीका सभी को लगवाना चाइए, ताकि आने वाले खतरों से बचा जा सके।


दलाश के रिवाड़ी स्थित राधे राधे वेट्रनेरी फार्मसिस्ट प्रशिक्षण संस्थान में टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, हंसा देवी (आयु 43 वर्ष) पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार निवासी गांव काथला, डा. चैलचौक, तहसील चच्योट, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा डाकघर की एमपीकेबीवाई एजेंसी सर्टिफिकेट नं. 561869 जो दिनांक 20.03.2024 तक मान्य है। जोकि दिनांक 10.02.2024 को गुम हो गया है। सभी संबंधित नोट करें।

### टीम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में शिमला से आए कायाकल्प की टीम ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तथा साफ सफाई और अन्य सुविधाओं और इंतजामों को बारीकी से परखा। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नरेश चंद ने बताया कि उन्होंने बताया कि कायाकल्प की टीम ने कुल्लू अस्पताल के सभी ओपीडी से लेकर अन्य विभिन्न विभागों ओर कक्षों का दौरा किया ओर उसके पश्चात उन्होंने सभागार में अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारी व कर्मचारियों के साथ एक बैठक में भाग लिया जहां पर कायाकल्प की टीम ने अस्पताल प्रबंधन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## होली गीतों से गूंजा अटल सदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्ल

सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी होली गायन की परम्परा को निभाते हुए 26वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन अटल सदन कुल्लू के सभागार में धूमधाम से मनाया गया।

यह कार्यक्रम सूत्रधार कला संगम कुल्लू व भाषा एवं प्रदेश संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस 26वीं सूत्रधार होली संध्या में उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में कुल्लू के प्रचलित पारंपरिक होली गीतों, केआर पंछी तथा स्व. राम कुमार कपूर के द्वारा रचित होली गीतों का गायन सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।



अटल सदन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद उपायुक्त तोरुल एस रवीश व अन्य।

**मीटिंग** पंचायत स्तर तक कोली समाज के आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान पर मंथन

## कोली समाज की बनेगी अपनी वेबसाइट : अमर चंद

अनंत ज्ञान, तीर्थन

प्रदेश कोली समाज की नव निर्वाचित राज्य कार्यकारणी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद शलाठ ने किया, जिसमें राज्य कार्यकारिणी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों, संरक्षकों, पूर्व में रहे राज्य कार्यकरिणी के पदाधिकारियों, जिला के अध्यक्षों, सदस्यों और सचिवों ने हिस्सा लिया।


प्रदेश कोली समाज के पदाधिकारी व सदस्य बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

इस बैठक में कोली समाज राज्य ईकाई के कार्यकारी सदस्य तथा वर्तमान में उपमंडल अधिकारी उदयपुर जिला लाहौल एवं स्पीति केशव राम कोली विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व में रहे कर्मचारी नेता एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रोशन लाल डोगरा, उत्तम सिंह कश्यप, लायक राम कश्यप, जगदीश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पुंडीर, प्रदेश महासचिव गोपाल झिलटा, सह सचिव प्रभा शांडिल, उपाध्यक्ष राजेश कोश, जिला मंडी के अध्यक्ष काहन सिंह चौहान, जिला कुल्लू के अध्यक्ष डीणे राम आनूंद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अमर चंद ने पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिला और खंड स्तर तक कोली समाज की इकाईयों को मजबूत किया जाएगा, जिसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा लिया जा रहा है। सभी खंडों की हर ग्राम पंचायत से कोली समुदाय की जनसंख्या के आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे जिसका ऑनलाइन डेटाबेस तैयार किया जाएगा। शीघ्र ही कोली समाज की एक वेबसाइट बनाई जाएगी, जिसमें समुदाय से संबंधित सभी गतिविधियों को अपलोड किया जाता रहेगा। संस्था में हुए प्रत्येक लेन-देन और लेखा-जोखा में पूर्णतया पारदर्शिता बनी रहेगी।

इस बैठक के दौरान गांव स्तर तक कोली समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतक उत्थान, शिक्षा के प्रचार प्रसार, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और नशाखोरी से दूर रखने तथा लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने जैसे अनेकों मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा कोली समुदाय से संबंधित महापुरषों की जंयती और स्थापना दिवस मनाए जाने पर भी चर्चा हुई।



# नलवाड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

## दुकानों की खाद्य वस्तुएं जांचीं, लाइसेंस बनाने के आदेश, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब होगी स्थापित, मौके पर होगी सैंपलों की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सोमवार को बिलासपुर के नलवाड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामारी की है।

विभाग की टीम ने मेले में लगी खाद्य पदार्थों की दुकानों में जाकर औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर दुकानदारों को तुरंत लाइसेंस बनाने के कड़े आदेश भी जारी किए। वहीं, इस बार खास बात यह भी रहेगी कि विभाग की ओर से मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब भी मेले में स्थापित की जा रही है। इस लैब में मौके पर लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट चंद मिनटों में आएगी। अगर सैंपल फेल पाया जाता है, तो विभाग मौके पर ही उक्त दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। साथ ही विभाग की ओर से मौके पर उक्त खाद्य पदार्थ को फैंकवाया भी जा सकता है।


नलवाड़ी मेले में दुकानों का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त महेश।

खबर की पुष्टि करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि नलवाड़ी मेले को लेकर विभाग पूरी तरह से प्लानिंग करके कार्य रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमवार को स्वयं मेले में जाकर दुकानदारों का निरीक्षण किया है। दुकानों का निरीक्षण करने पर कुछ दुकानों में अभी कुछ हद तक किचन एरिया में गंदगी पाई गई है। ऐसे में मौके पर ही दुकानदार को सफाई रखने के लिए कड़े आदेश जारी किए हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर मेले में लग रही दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई भी दुकानदार नियमों की अवहेलना व खाद्य पदार्थ में मिलावट करता हुआ पाया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिकारी महेश कश्यप ने बताया कि मेले में 23 मार्च तक मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब स्थापित रहेगी। प्रतिदिन सैंपल लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी। आपको बता दें कि नलवाड़ी मेला 17 मार्च से विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस मेले का समापन 23 मार्च तक चलेगा।

### लाइसेंस के लिए नहीं आया एक भी आवेदन



जानकारी के अनुसार अभी तक खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर के पास एक भी लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं आया है। विभाग का कहना है कि अगर दुकानदार बिना खाद्य लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# त्रिफालघाट बाजार में दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है जांच**

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत रविवार रात को बिलासपुर-मंडी सीमा पर स्थित त्रिफालघाट बाजार में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखो रुपए के नोटों के हार व नकदी पर हाथ साफ किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुकान मालिक रंजना निवासी गांव समैला तहसील बलद्वाडा मंडी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह त्रिफालघाट बाजार में रेडीमेड गारमेंट, मनियारी आदि की दुकान करती है। साथ में ही एक अन्य दुकान हैं, जिसका मालिक सुनील कुमार है। रोजाना की तरह वह रात को दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वह अपनी दुकान पर पहुंची, तो देखा कि दोनों दुकानों के ताले टूटे हुए थे। उसने अपनी दुकान को खोला और अंदर जाकर देखा तो दुकान में लटके नोटों के हार जिनकी कीमत करीब 50 हजार रुपए, गल्ले में रखी नकदी करीब 18 हजार रुपए और एक अटैची गायब थी। साथ वाली सुनील की दुकान से करीब 80 हजार रुपए की नकदी और नोटों के हार चोरी हो गए, जिसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने घटना का जायजा लिया। वहीं, डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बताया कि त्रिफालघाट में दो दुकानों में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों की धर पकड़ को अभियान तेज कर दी है।

# सुगम संगीत केंद्र मंडी की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## नलवाड़ी मेले के उद्‌घाटन में सुरीली आवाजों ने दर्शकों पर छोड़ी गहरी छाप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में जिला भाषा कला एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से प्रदेश भर के लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें सुगम संगीत केंद्र मंडी के लोकनर्तक दल ने अपनी मनमोहक और खूबसूरत नृत्य से सभी का मनमोह लिया।

सुंदर सांस्कृतिक परिधान में सजे मंडी के लोकनर्तक दल ने एक से बढ़कर एक सुंदर लोकगीतों पर अपनी मनमोहक अदाएं बिखेरी। दूसरी ओर सुरीली आवाजों के सुरों में पिरोई हुई रसभरी लोकगीतों की मालाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने कहा कि मंडी से बुलाया गया यह लोकनर्तक दल पूरे भारत वर्ष में अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है। इस ग्रुप की ओर से प्रदेश के मंडी के विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां की जा रही हैं, जिससे अपनी लोक संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है और हमारे लोकगीतों को एक मंच मिला रहा है।


नलवाड़ी मेले के उद्‌घाटन में सुगम संगीत केंद्र मंडी के कलाकार।

वहीं, बिलासपुर के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने मंडी के लोकनर्तक दल की सुंदर प्रस्तुति की जमकर तारीफ की और उन्हें विशेष रूप से मिलकर अपनी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बिलासपुर के लक्ष्मी डांस ग्रुप ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी।

# बल्लू के समीप बाइक और कार की टक्कर, बाल-बाल बचा चालक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं थाना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-मटौर पर बल्लू के समीप बाइक और कार की जोरदार टकर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसे में बाइक चालक युवक घायल हो गए, जिसे स्थानीय लोगों ने सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया।



इस हादसे में बाइक चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को बाइक पर सवार युवक घुमारवीं से भगेड़ की तरफ जा रहे था। बल्लू के समीप भगेड़ की तरफ से आ रही कार से उसकी बाइक टकरा गई। बाइक और कार की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान हादसे की आवाज सुनकर मोके पर लोग इकट्ठे हो गए, जिन्होंने घायल युवक को सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया। हादसे में युवक को मामूली चोटें आई। वहीं, आपसी रजामंदी के चलते पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

### मेला ग्राउंड में लगाया गया सेल्फी प्वाइंट...



नलवाड़ी मेले में मतदाताओं को सर्व प्रतिशत जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से मेला ग्राउंड में लगाया गया सेल्फी प्वाइंट।

# उचित दस्तावेज हों तो ही साथ लेकर चलें अधिक राशि

**बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों की अनुपालना करते हुए आर्दश चुनाव आचार संहिता के अंर्तगत जिले में चुनाव व्यय निगरानी सर्तकता को सख्ती से अमल में लाया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के तहत नकदी ले जाने के लिए उचित दस्तावेज होने आवश्यक हैं।

फलांइग स्कायड की ओर से जब्ती से बचाव के लिए नकदी के स्रोत और उपयोग के संबंध में प्रासंगित दस्तावेजों के अंर्तगत ईएसएमएस सॉफटवेयर के माध्यम से पैन कार्ड या उसकी एक प्रति भी व्यवसाय पंजीकरण प्रमाण प्रति, बैंक पासबुक अथवा बैंक विवरण के प्रति जिसमें नकदी की राशि दर्शाई गई हो साथ होनी आवश्यक है। नियमित नकद लेन-देन व्यवसाय के मामले के अंतर्गत कैश बुक के प्रति अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से उत्पन्न रसीद नकदी के अंतिम उपयोग साक्ष्य अथवा विवाह निमंत्रण अथवा अस्पताल प्रवेश पर्ची साथ होनी भी आवश्यक है। यदि उम्मीदवार अथवा उसका ऐजेंट या पार्टी कार्यकर्ता की गाड़ी में पचास हजार रुपए की नकदी अथवा चुनाव के लिए प्रचार सामग्री या मादक द्रव्य शराब या हथियार अथवा उपहार वस्तुएं, जिनका मुल्य 10 हजार रुपए से अधिक है, जो संभवत: मतदाताओं को लुभाने या कोई और अवैध वस्तु पाई जाती हैं, तो उसकी नकदी जब्ती कर ली जाएगी। यदि कोई स्टार प्रचारक अथवा पार्टी पदाधिकारी एक लाख रुपए तक से अधिक की राशि व्यक्तिगत खर्च के रूप में ले जा रहा है, तो पार्टी कोषाध्यक्ष से राशि और उसकी अंतिम उपयोग के उल्लेख बारे प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

# मतदाताओं को लुभाने पर एक साल का कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

निर्वाचकों को डराने-धमकाने में लिप्त, रिश्वत देने और लेने वालों के विरुद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उड़न दस्ते गठित किए गए हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ख के अनुसार कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई पारितोषण देता या लेता है, तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होगा। भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ग के अनुसार जो व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है, तो वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होता है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वह किसी प्रकार की रिश्वत लेने से परहेज करें। यदि किसी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने व धमकाने की जानकारी मिलती है, तो ऐसे मामले की शिकायत प्रकोष्ठ के टॉल फ्री नंबर 1950 पर कर सकते हैं।

### शस्त्र और गोला-बारूद को लेकर चलने पर पाबंदी



**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में भी आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके दृष्टिगत डीसी आबिद हुसैन सादिक ने सीआरपीसी की धारा-144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार 18वीं लोकसभा-2024 के आम चुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार चुनावों की घोषणा से लेकर परिणाम घोषित होने तक किसी भी प्रकार के शस्त्र/गोला-बारूद आदि को लेकर चलने पर तत्काल रूप से पाबंदी रहेगी। आदेशों के तहत सभी लोगों, नागरिकों, संगठनों, गैर सरकारी संगठनों को बिलासपुर की सीमा के भीतर किसी भी प्रकार के हथियार और गोला-बारूद आदि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। यह आदेश पुलिस, अर्धसैनिक बलों, सुरक्षा बलों, ड्यूटी पर तैनात सरकारी एवं अर्ध-सरकारी अथवा बैंकों के तथा अन्य अधिकृत सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत डीसी ने सभी लाइसेंस धारकों से उनके हथियार संबंधित पुलिस थानों अथवा शस्त्र एवं गोला-बारूद डीलरों अथवा जिला मालखाना में जमा करवाने के भी आदेश दिए हैं। इस बारे में गठित समिति द्वारा अलग से भी आदेश जारी किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक मान्य रहेंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# देश में चिट्‌टा इस्तेमाल करने वाला दूसरा राज्य बना हिमाचल : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बच्चों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने दे और उन पर किसी तरह का दबाव न डालें यह बात भटेड में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान के दौरान संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कही। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से अपील की कि बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने देना चाहिए, वह अपनी जिंदगी के मुकाम को हासिल करें।

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश पुलिस द्वारा जगह-जगह पर की जा रही कार्रवाई व छापेमारी को सही बताते हुए कहा कि जिस मात्रा में आज चिट्‌टा हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावित कर रहा है। पुलिस प्रशासन चिट्‌टा सप्लारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कानून का पालन करवाए, ताकि हमारे बच्चे इस सामाजिक कुरीति से आपने आप को बचा सके। महेंद्र धर्माणी ने संस्कार संस्था द्वारा चिट्‌टा के विरुद्ध चलाए अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब के बाद अब हिमाचल का युवा इसकी गिरफ्त में आ चुका है, जिसे बचाने के लिए समाज के बड़े-बजुर्गों को आगे आना होगा नहीं तो आने वाला कल हमारे बच्चों के लिए भयानक होगा। पूरे देश में हिमाचल चिट्‌टा इस्तेमाल करने वाला दूसरा राज्य बन गया है, जो कि बहुत ही चिंताजनक है। इस दौरान पूर्व बीडीसी सदस्य अनिशा देवी, वार्ड सदस्य नीलम, कश्मीर राणा, अमरनाथ, दिनेश, महिलामंडल प्रधान उमा देवी, सुनील शर्मा, संदीप धर्माणी आदि उपस्तिथ रहे ।


लोगों को संबोधित करते हुए 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान के दौरान महेंद्र धर्माणी।

# पदाधिकारियों ने मत्स्य विभाग के निदेशक से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में स्थित प्रदेश मत्स्य विभाग के निदेशालय में मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल से बिलासपुर के प्रमुख सामाजिक एवं खेलकूद संस्थाओं के पदाधिकारी ने शिष्टाचार भेंट की एवं जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक इशान अख्तर, लाडली फाउंडेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट, रोइंग एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर के जिला अध्यक्ष अन्वेष शर्मा एवं सर्व धर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी तनवीर खान के संयुक्त तत्वाधान में मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल से शिष्टाचार भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विवेक चंदेल लगभग 37 बार ब्लड डुनेट कर चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहकर जनता को बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मत्स्य विभाग में बतौर डायरेक्टर पद संभालने के उपरांत मत्स्य फार्मर्स एवं मत्स्य फिशरमैन के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा कटिबध रहते हैं। इस मौके पर सहायक मत्स्य निदेशक चंचल ठाकुर, लाडली फाउंडेशन झंडूता ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष दीक्षा ठाकुर, आदि समाजसेवक एवं अधिकारी मौजूद रहे।


बिलासपुर में प्रदेश मत्स्य विभाग के निदेशालय में मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल से बिलासपुर के प्रमुख सामाजिक एवं खेलकूद संस्थाओं के पदाधिकारी शिष्टाचार करते हुए।

# भाषण में साक्षी पहले स्थान पर

**रोहड़ू।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज सीमा की ओर से युवा संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भूपिंदर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवियों के साथ-साथ राजकीय फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू के प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में फार्मेसी कॉलेज से साक्षी ने पहला स्थान, सीमा महाविद्यालय से अंकिता ने दूसरा स्थान व सीमा कॉलेज से मोनिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में प्रो. रवि प्रकाश व डॉ. गीतांजली राठौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

# सतपाल एपीएमसी के जिला अध्यक्ष


सतपाल वर्धन को प्रदेश सरकार की तरफ से कृषि उपज मंडी समिति एपीएमसी बिलासपुर का अध्यक्ष नियुक्त करने पर बधाई देते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद घुमारवीं के पूर्व अध्यक्ष सतपाल वर्धन को प्रदेश सरकार की तरफ से कृषि उपज मंडी समिति एपीएमसी बिलासपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनकी इस ताजपोसी से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। घुमारवीं से संबंध रखने वाले सतपाल वर्तमान में सहकारी सभा समिति घुमारवीं के प्रधान भी हैं। इसके साथ ही वह नगर परिषद घुमारवीं के अध्यक्ष भी रह चुके हैं और लंबे अरसे से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं।

सतपाल वर्धन ने उन्हें एपीएमसी का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा तकनीकी शिक्षा व शहरी विकास मंत्री राजेश धर्माणी का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वह उसे पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही एपीएमसी में सीमा चंदेल, महेंद्र सिंह, राकेश चंद, मनोज कुमार, राकेश भारद्वाज, परमजीत, डॉ. मनोज कुमार, गौरव शर्मा तथा दयाराम को कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

# घुमारवीं के बीबीए और बीसीए के स्टूडेंट्स टेक्निकल शो में प्रथम


राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में टेक्नो बिज फेस्ट-2024 के आयोजन पर घुमारवीं कॉलेज के बीबीए और बीसीए के स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में टेक्नो बिज फेस्ट-2024 का आयोजन किया गया। उत्सव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।

इस टैक्नो में कॉलेजों के प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने अपनी भागीदारी दिखाई, जिसमें विभिन्न गतिविधियां समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी, एक्सटेम्पोर, तकनीकी शो और एड मैड शो का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्वामी विवेकानंद घुमारवीं कॉलेज के बीबीए और बीसीए के विद्यार्थियों ने टेक्निकल शो में प्रथम पुरस्कार, एक्सटेम्पोर, एड मैड शो और क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। छात्रों को बधाई देते हुए, कॉलेज प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने प्रतियोगिताओं के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी अपनी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा, बीसीए संयोजक प्रो.अनिल, बीसीए के संयोजक डॉ.सूर्यकांत, प्रो. अमरपाल सिंह, प्रो. रजनी ठाकुर, प्रो. प्रियंका, प्रो. रवि, प्रो. भारती उपस्थित रहे।

**ज्ञापन** इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फार्म भरना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

# लोकसभा चुनाव प्रभावित करने का हो रहा प्रयास : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार की ओर से भरे जा रहे इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फार्म पर घुमारवीं भाजपा ने सवाल उठाते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। भाजपा मंडल ने इन फार्म को भरने से तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए सोमवार को एसडीएम एवं घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा मंडल घुमारवीं ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगुआई में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फार्म भरे जा रहे हैं, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है क्योंकि इस फार्म पर मुख्यमंत्री व पूर्व प्रधानमंत्री का चित्र प्रकाशित है, जिसके चलते भाजपा मंडल घुमारवीं ने आग्रह किया है कि इन फार्म पर रोक लगाई जाए। भाजपा मंडल घुमारवीं ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के फार्म आज भी लगातार पिछली तिथियों में भरे जा रहे हैं, जिससे वर्तमान लोकसभा चुनावों पर प्रभाव डालने का प्रयास हो रहा है। इस फार्म पर सीएम सुक्खू एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चित्र लगा हुआ है, जो कि आदर्श आचार संहिता का सीधा-सीधा उल्लंघन है। इस प्रकार के किसी भी फार्म को तुरंत प्रभाव से रोका जाए तथा इसकी सभी प्रतिलिपियों को खंड स्तर पर वापस मंगवाया जाए। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा मंडल घुमारवीं के मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, महामंत्री जोरावर सिंह व पंकज चंदेल, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान, अमरनाथ भारद्वाज, कर्म सिंह चंदेल, प्रवीण पजियाला, संदीप कुमार, शिव कुमार, राज कुमार, मिलखी राम, बिशन दास, सतीश गौतम, यशवंत सिंह, सुनील व रतन लाल सहित अन्य मौजूद थे।


भाजपा मंडल घुमारवीं राजेंद्र गर्ग की अगुआई में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

# मतदाताओं को लुभाने और डराने पर एक वर्ष का कारावास

## टोल फ्री नंबर 1950 पर कर सकते हैं 24 घंटे शिकायत, नकदी व मदिरा इत्यादि के आदान-प्रदान पर नजर रखेंगे उड़न दस्ते

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचकों को डराने-धमकाने में लिप्त, रिश्वत देने और लेने वालों के विरुद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उड़न दस्ते गठित किए गए हैं।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ख के अनुसार कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई पारितोषण देता या लेता है, तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होगा।



उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ग के अनुसार जो व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है, तो वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होता है। मनमोहन शर्मा ने जिला के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वह किसी प्रकार की रिश्वत लेने से परहेज करें। यदि किसी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने व धमकाने की जानकारी मिलती है, तो ऐसे मामले की शिकायत प्रकोष्ठ के टॉल फ्री नंबर 1950 पर कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के दौरान नकदी, मदिरा व अन्य किसी वस्तु का आदान-प्रदान रिश्वत माना जाता है, जो कि भारतीय दंड संहिता के तहत दंडनीय अपराध है।

उन्होंने कहा कि जिला सोलन के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक पुलिस थाने में उड़न दस्ते गठित किए गए हैं, जो नकदी के प्रवाह, मदिरा व अन्य वस्तुओं के आदान-प्रदान पर निगरानी रखेंगे।

मनमोहन शर्मा ने आम नागरिकों से आग्रह किया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान सोलन जिले में उड़न दस्तों द्वारा जब्ती से बचने के लिए भारी मात्रा में नकदी साथ लेकर न चलें। कोई भी व्यक्ति अगर निर्धारित सीमा से अधिक नकदी साथ ले जाना चाहता है तो इसके स्रोत और उपयोग से संबंधित उचित व प्रासंगिक दस्तावेज अपने साथ अवश्य रखें। इन दस्तावेजों में पैन कार्ड, व्यवसाय पंजीकरण प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक या नकदी की निकासी दर्शाने वाली बैंक स्टेटमेंट, कैश बुक की कॉपी तथा विवाह निमंत्रण पत्र व अस्पताल में उपचार से संबंधित दस्तावेज इत्यादि शामिल हैं।

### मतदान केंद्र के भवनों में परिवर्तन

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि 4-शिमला (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला के कुछ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के तहत मतदान केंद्रों में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि सोलन जिला के 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मतदान केंद्र 50/64-अर्की-3 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) अर्की को संशोधित कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) अर्की साइंस ब्लॉक में परिवर्तित किया गया है। संशोधित भवन में अधिक आवास एवं सुविधाएं होने के कारण यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मतदान केंद्र 51/40-गुनाहा को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुनाहा (पुराना भवन) से परिवर्तित कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुनाहा (नया भवन) तथा मतदान केंद्र 51/100-राजपुरा रंगुवाला-2 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजपुरा (पुराना भवन) से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजपुरा (नया भवन) में परिवर्तित किया गया है। संशोधित भवन में अधिक आवास एवं सुविधाएं होने के कारण यह निर्णय लिया है। मनमोहन शर्मा ने बताया कि 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मतदान केंद्र 52/48-सलगा को राजकीय उच्च पाठशाला तुझार से संशोधित कर राजकीय उच्च पाठशाला बधोनीघाट (नया भवन) में परिवर्तित किया गया है। मतदान केंद्र भवन मतदाताओं के लिए कम दूरी पर होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

### दून हलके के लिए दूरभाष नंबर जारी

**बीबीएन।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीबीएनडीए झाड़माजरी, बद्दी, प्रिया नागटा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 52-दून के लिए आदर्श आचार संहिता से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए दूरभाष नंबर 01795-298300 संपर्क किया जा सकता है। यह नंबर 24 घंटे कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत अथवा चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी इस टेलीफोन नंबर से प्राप्त की जा सकती है।

## निर्वाचन रैलियों के स्थल निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अधिसूचना हुई जारी**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों के लिए स्थल चिन्हित कर दिए गए हैं। इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 50-अर्की विधानसभा क्षेत्र में मुख्य बाजार अर्की शिव मंदिर के समीप, कुनिहार में तालाब के समीप, दाड़लाघाट में पशु पालन के समीप तथा डुमैहर (दोलंग मैदान) को रैली स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंजैहरा मैदान मंदिर के समीप, पंचायत घर बरूणा के समीप बरूणा मैदान, पुराना छात्र विद्यालय नालागढ़, अनाज मंडी मैदान नालागढ़, राजकीय महाविद्यालय रामशहर के समीप रामशहर (रिवालसर) मैदान तथा पंचायत घर नंड के समीप नंड मैदान को निर्वाचन रैलियों के लिए रैली स्थल चिन्हित किया गया है।

इसी तरह 52-दून विधानसभा क्षेत्र में पुरानी सब्जी मंडी बद्दी के समीप हनुमान चौक, बद्दी तहसील के टीपरा गांव में बरोटीवाला-हरिपुर मार्ग के समीप खेल मैदान, चंडी-पट्टा मार्ग पर मेला मैदान (बरड़ कॉलोनी मैदान), बस अड्डा चंडी, बस अड्डा कुठाड़, बस अड्डा गोयला तथा पट्टा में बस अड्डे के समीप मैदान (ग्राम सेवक हट के समीप) को रैली स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार 53-सोलन (अजा) विधानसभा क्षेत्र में ठोडो मैदान, गंज बाजार सोलन, पुराना बस अड्डा सोलन, कथैड़ बाई पास सोलन पर पुलिस लाइन मैदान, कंडाघाट में पंचायत घर सिरीनगर के समीप पड़ाव, सिद्ध बाबा मैदान चायल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट के समीप मैदान को रैली स्थल के लिए चिन्हित किया गया है।

इसी तरह 54-कसौली (अजा) विधानसभा क्षेत्र में सेना अस्पताल के समीप मैदान (कैंट बोर्ड अथवा सेना प्रशासन की अनुमति उपरांत), आढ़त बाजार कसौली मैदान कश्मीरी मोहल्ला (कैंट बोर्ड कसौली की अनुमति उपरांत), दशहरा मैदान गड़खल, सिहारड़ी मूसलमाना मार्ग धर्मपुर पर सब्जी मंडी के समीप सब्जी मंडी मैदान, सब्जी मंडी देहली दत्यार, सेक्टर-5 परवाणू स्थित दशहरा मैदान, सेक्टर-6 परवाणू स्थित फल मंडी मैदान तथा सुबाथू में गुग्गा माड़ी मंदिर मैदान (कैंट बोर्ड सुबाथू की अनुमति उपरांत) को रैली स्थल के लिए चिन्हित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीनियर छात्रों पर पैसे वसूलने की शिकायत

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के एक स्कूल में सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों से पैसे वसूलने की घटना सामने आई है। पीड़ित छात्रों के माता-पिता ने इस संबंध में शिकायत की है। इसमें शामिल सभी छात्र नाबालिग हैं। पुलिस थाना सदर सोलन में एफआईआर दर्ज की जा रही है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा की मामले की जांच चल रही है।

### भाजयुमो नमो टी स्टाल लगाएगी : रणबीर



**नाहन।** जिला के पांचों विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा 30 से अधिक नमो टी स्टाल लगाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सिरमौर जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि सिरमौर जिला के हर विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालय परिसरों, चौक चौराहों और अधिक भीड़ वाले स्थानों में युवा मोर्चा की टीमें में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क साधने का प्रयास करेंगे और उन्हें चाय पिलाने के बहाने देश भर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा माइक्रो डोनेशन अभियान का हिस्सा भी बनाएंगे। ठाकुर ने बताया कि इस दौरान आम लोगों से नमो एप डाउनलोड करवा कर उन्हें माइक्रो डोनेशन के जरिए भारतीय जनता पार्टी के परिवार में शामिल कराया जाएगा। जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां आम लोगों को बताएंगे और उन्हें आगामी लोकसभा इलेक्शन में मोदी सरकार को पुनः सत्तासीन करने के लिए वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे।

### लोगों को बताई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि बूथ नंबर 47 सांगना बूथ नंबर 48 गाता मंडवाच में गांव चलो अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस अभियान में रेणुका विधानसभा के विस्तारक अजय भैंलटा, भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रोशन लाल शर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष तीखू राम शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा मंडल सचिव गुमान सिंह शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला सचिव अनिल ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राकेश सागंटा के अतिरिक्त वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने केंद्र सरकार की योजनाएं साझा की। इन नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है।

### 'उपभोक्ताओं के अधिकार' विषय पर निकाली रैली

**सोलन।** कन्या इंटर्नल विश्वविद्यालय बड़ू साहिब के अकाल कॉलेज ऑफ इकोनॉमिक्स, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की छात्राओं और शिक्षकों द्वारा राजगढ़ बाजार में उपभोक्ताओं के अधिकार विषय पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इससे पहले विश्वविद्यालय परिसर बड़ू साहिब से विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली में शामिल प्रतिभागियों को राजगढ़ के लिए बस से रवाना किया। राजगढ़ के गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर इस रैली में लगभग 60 छात्राओं ने पवन दूबे, मनजिंद्र कौर और नेहा गर्ग के मार्गदर्शन में राजगढ़ के ऐतिहासिक गुरुद्वारे से पेट्रोल पंप तक रैली निकाली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खरीददारों और विक्रेताओं को राष्ट्र के विकास में उनके अधिकारों, कर्तव्य और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना और विकासशील भारत को अमृत काल में ले जाने से संबंधित था। छात्राओं ने तख्तियों के माध्यम से जनता को स्मार्ट निर्णय लेने और अपने लिए सही उत्पाद चुनने के लिए जागरूक किया।

## बरोटीवाला में 100 लोगों ने किया महादान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पीजीआई लंगर सेवा ग्रुप बरोटीवाला द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 100 युवाओं ने रक्तदान किया। बरोटीवाला के बाजार के सामुदायिक भवन में आयोजित इस शिविर में पीजीआई ब्लड बैंक की टीम ने डॉक्टर अनुभव के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को रक्त के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि 18 से साठ वर्ष की आयु का कोई स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह बाद रक्त दान कर सकता है।




रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक।

कमेटी के प्रमुख अनिल शर्मा और अन्य सदस्यों ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया और भविष्य में भी सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर बलबीर सिंह, बलविंद्र ठाकुर, विधि चंद, गुरमेल चौधरी, पंचायत प्रधान हंस राज कैंथ, उपप्रधान सोनू शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, कमेटी प्रधान अनिल शर्मा, राम रतन, जगदीश गौतम, अमन गुप्ता, संजीव गिरि, अमरजीत, भूपेश, विवेक ठाकुर, कमलेश, सुनील नेगी, गौरव, शुभम गुप्ता, हेम राज चौधरी, संजय राय, नरेंद्र चौधरी, विशाल, भूपेंद्र, पीयूष, जितेंद्र, संजू बावा, बसीर, संजोग, आदित्य, दीक्षित, कुलभूषण, अनिल गौतम, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, शिव भारद्वाज, मोनू शर्मा, सौरव गुप्ता, जसविंदर गिरि, गंगा राम गिरी, राजन, सौरभ गुप्ता, मनु शर्मा, विकसित शर्मा, अमरजीत चौधरी, भूपेश शर्मा, हैप्पी शर्मा, भाग सिंह और अन्य उपस्थित रहे।

## विज्ञान मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

कन्या इंटर्नल विश्वविद्यालय बड़ू साहिब के अकाल कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस द्वारा हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद व राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सौजन्य से विश्वविद्यालय परिसर बड़ू साहिब में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कलगीधर ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा देवेंद्र सिंह व विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. अमरीक सिह अहलूवालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी वक्ताओं एवं शोधकर्ताओं ने आज के आधुनिक समय में विज्ञान की हमारे जीवन में भूमिका और विकास कार्य में विज्ञान का योगदान विषय पर प्रकाश डाला। जिन लोगों ने यहां अपने शोध पत्र एवं अनुभव साझा किए, उनमें प्रोफेसर डॉ. संदीपन, प्रो. डॉ. सुरजन सिंह, डॉ. नीलम ठाकुर आदि शामिल रहे।

विज्ञान मेले में उपस्थित लोगो को मछेर गांव में मधुमक्खी पालन परियोजना, बखरोटी में बॉटनिकल गार्डन, अपशिष्ट प्रबंधन इकाई भी दिखाई गई। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, साइंस मॉडल डिजाइन, डिक्लेरेशन, डिबेट, वीडियो मेकिंग, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की लगभग 160 छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जिला फायर ब्रिगेड यूनियन सोलन की कार्यकारिणी गठित

**अर्की।** फायर ब्रिगेड यूनियन जिला सोलन की जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से अग्रसर प्रशामक भीम सिंह की अध्यक्षता में फायर चौकी बनलगी मे किया गया।

बैठक में प्रधान कुलदीप कुमार, उपप्रधान बलदेव राज, महासचिव राम प्रताप, कोषाध्यक्ष श्याम कुमार, सह-सचिव हरीश कुमार, सदस्य संजीव, प्यारे लाल, मदन लाल को सर्वसम्मति से चुना गया। पश्चात अतिरिक्त महानिदेशक व निदेशक अग्निशमन अधिकारी अग्निशमन सेवाएं शिमला हिमाचल प्रदेश, मुख्य अग्निशमन सेवाएं शिमला हिमाचल प्रदेश, जिलाधीश जिला सोलन, आदेशक गृह रक्षा विभाग ग्याहरवीं वाहिनी जिला सोलन, प्रधान राज्य स्तरीय फायर ब्रिगेड यूनियन शिमला, हिमाचल प्रदेश व प्रधान अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सोलन को की गई कार्यवाही से अवगत करवाया गया।

## केंद्र सरकार के विरुद्ध निकाला मशाल जुलूस

**अर्की।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार अर्की ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप की अगुआई में अर्की उपमंडल मुख्यालय में केंद्र सरकार के विरुद्ध मशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस शहीद कैप्टन विजयंत थापर चौक से लेकर पुराने बस अड्डे तक निकाला गया। मशाल रैली को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप ने कहा कि यह जुलूस केंद्र सरकार द्वारा विघटनकारी नीतियों को लेकर निकाला गया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश की बहुमत की कांग्रेस सरकार को कुछ विधायकों की मिलीभगत के कारण गिराने की कोशिश की गई, परंतु मुख्यमंत्री सुक्खू के अथक प्रयासों व कांग्रेस के विधायकों के सहयोग से वे इस सरकार को गिराने में असफल रहे तथा बहुमत वाली सरकार बहुमत के साथ स्थिर रही।

## राजगढ़ स्कूल पीएम श्री योजना में शामिल

**रविदत भारद्वाज, राजगढ़**

**आने वाले समय में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा विद्यालय : टीचर्स**

पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) योजना केंद्र सरकार द्वारा आरंभ की गई है। इस योजना के तहत देश भर में लगभग 14500 से अधिक पीएम श्री स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें हिमाचल प्रदेश में इस योजना के तहत 180 विद्यालय जिसमें 56 प्राथमिक विद्यालयों, 5 माध्यमिक विद्यालयों और 119 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का चयन इस परियोजना हुआ है और राजगढ़ शिक्षा खंड का आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में प्रदेश के इन 119 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शामिल है।

प्रिंसिपल पंकज कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत हमारा विद्यालय राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ भी चयनित हुआ है, जो कि विद्यालय के साथ-साथ इस क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रिंसिपल पंकज कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य है कि पीएम श्री के तहत अपडेट किए गए पीएम श्री स्कूलों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट शिक्षा और आधुनिक ढांचा होगा।

पीएम श्री स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक होगी। यह स्कूल अपने आसपास के अन्य स्कूलों का भी मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा इनमें अत्याधुनिक लैब स्थापित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थी किताबों के अलावा प्रैक्टिस से भी सीख सकें। यह योजना पीएम श्री स्कूलों को आधुनिक जरूरतों के हिसाब से अपग्रेड करेगी, जिससे बच्चों की आधुनिक जरूरतें पूरी होंगी और वह एक अच्छे माहौल में शिक्षा को ग्रहण कर सकेंगे तथा इसके साथ-साथ प्राकृतिक रूप से खेती करना, पोषण उद्यान, स्मार्ट अपशिष्ट निपटान, जल संरक्षण, स्कूलों को सौर पैनलों, संचयन प्रणाली और प्रबंधन प्रणाली आदि के साथ 'ग्रीन स्कूल' के रूप में भी इस योजना के तहत विकसित किया जाएगा।

सुभाष ठाकुर प्रवक्ता राजनीति शास्त्र सहित अन्य सभी अध्यापकों ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ को पीएम श्री योजना के अंतर्गत आने के लिए प्रधानाचार्य पंकज कुमार व अनिल पुंडीर एसएमसी अध्यक्ष राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ व विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि प्रिंसिपल के कुशल एवं ईमानदार नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र के विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होगा। इसके साथ ही हमारा यह विद्यालय आने वाले समय में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। (अनंत ज्ञान)

## महंत भीम पुरी ने भागवत कथा के महत्व पर डाला प्रकाश



संन्यास आश्रम रेणुका में भागवत कथा के दौरान महंत भीम पुरी।

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

सन्यास आश्रम रेणुका में पिछले चार दिनों से चल रही भागवत कथा में आश्रम के महंत भीम पुरी व व्यवस्थापक दीनदयाल पुरी ने भागवत कथाओं के महत्व व इसके क्षेत्र पर पढ़ रहे प्रभाव के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि सन्यास परंपराओं के अनुसार यह आश्रम श्रीपंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इसमें हर वर्ष भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा क्षेत्र की जनता पर भागवत कथा का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इससे न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि लोगों में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

कथा के व्यास वरुण शर्मा ने भागवत कथा के दौरान भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया, जिसका क्षेत्र की जनता ने खूब आनंद उठाया।

**आयोजन** शूलिनी विश्वविद्यालय वार्षिक उत्सव 'मोक्ष' में छात्रों ने बिखेरे मॉडलिंग के जलवे

## कार्यक्रम में अंगे मिस्टर और सिद्धि बनी मिस 'मोक्ष'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय का बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव 'मोक्ष' प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों की प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए, शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। 'मोक्ष' का मुख्य आकर्षण फैशन शो रैंप वॉक प्रतियोगिता रही। इसमें मॉडल्स ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरे। इसमें 13 प्रतिभागियों ने मिस्टर और मिस मोक्ष 2024 के लिए दावेदारी पेश की।






शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित 'मोक्ष' उत्सव में मॉडलिंग के जलवे बिखेरते मॉडल। (दाएं) मॉडलिंग प्रतियोगिता में चुने गए मिस्टर और मिस खिताब के साथ।

इस कार्यक्रम में आदिकला सहित बहु-विषयक प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिससे उत्सव की जीवंतता को बढ़ाया। मिस्टर मोक्ष के विजेता एमबीए के अंगे और मिस मोक्ष में एमएससी योग की सिद्धि विजेता रही, जिन्हें क्रमशः निर्णायक मंडल की निष्ठा शुक्ला आनंद और तरुणा मेहता ने सम्मानित किया। बीटेक बायोटेक की हलिशा को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का खिताब मिला। उनकी उपलब्धियों का जश्न शूलिनी मर्चेंडाइज द्वारा प्रायोजित ट्रॉफियों और पुरस्कारों के साथ मनाया गया। आदिकला की एक अन्य अंतर-कॉलेज प्रतियोगिता में डिग्री कॉलेज सोलन ने नाटी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया, जबकि ग्रीन हिल्स कॉलेज दूसरे उपविजेता और एसआईएलबी प्रथम उपविजेता रहा।

व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में शूलिनी विश्वविद्यालय में एमए पत्रकारिता की छात्रा अहाना नाथ ने गायन प्रतियोगिता, स्नेहा तोमर ने लोक कला प्रतियोगिता और डेनेंसन ने स्केचिंग प्रतियोगिता में जीत हासिल की। महोत्सव में वुमन ऑफ सबस्टेंस अवॉर्ड के माध्यम से उल्लेखनीय व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। अफगानिस्तान से पीएचडी की छात्रा हसीबा और सीएसई बीटेक की छात्रा विद्या को उनके असाधारण साहस और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

मोक्ष के ग्रैंड फिनाले में विविध प्रदर्शनों के साथ मनोरंजन देखा गया। हार्मनी ऑफ पाइंस एचपी पुलिस की अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या ने पहले दिन मोक्ष की रोमांचक शुरुआत के लिए मंच तैयार किया। बॉलीवुड गायक शाहिद माल्या की दमदार उपस्थिति के साथ दूसरी रात भी उत्साह जारी रहा। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों और संक्रामक ऊर्जा ने वातावरण को प्रज्वलित कर दिया, जिससे शाम को संगीत और आनंद के एक यादगार उत्सव में बदल दिया गया।

प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राहुल दुआ ने अपने प्रफुल्लित करने वाले स्टैंड-अप अभिनय से दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया, जिससे चारों ओर हंसी और उत्साह फैल गया। इसके बाद एक शानदार ईडीएम नाइट हुई, जिसमें गायक एरेरियो, एक भारतीय मूल के डीजे और लंदन के एक संगीत निर्माता शामिल थे। उनकी थिरकती धड़कन और संक्रामक लय ने भीड़ को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया।

छात्र कल्याण की डीन पूनम नंदा ने कहा कि 'मोक्ष-2024' वास्तव में प्रतिभा और रचनात्मकता का एक असाधारण उत्सव रहा, जिसमें हार्मनी ऑफ पाइंस एचपी पुलिस और सभी सेलिब्रिटी मेहमानों के प्रदर्शन ने समग्र अनुभव में अत्यधिक मूल्य जोड़ा।

## सोलन अस्पताल में हार्ट अटैक के समय लगने वाले इंजेक्शन की कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सरकारी अस्पतालों में टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन की कमी से हृदय रोगियों की जिंदगी ताक पर है। आमतौर पर हार्ट अटैक के समय टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन लगाकर रोगी की जान बचाई जा सकती है। सोलन अस्पताल में इंजेक्शन की कमी से हृदय रोगियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल को छोड़ अन्य अस्पतालों के लिए केवल 6 ही इंजेक्शन आए हैं। इसमें से चार इंजेक्शन नालागढ़ अस्पताल को भेजे गए हैं, जबकि दो इंजेक्शन आपात स्थिति के लिए रखे गए हैं।

**विभाग का तर्क-महंगा है इंजेक्शन :** इंजेक्शन की सप्लाई कम होने के पीछे सोलन स्वास्थ्य विभाग का तर्क है कि यह इंजेक्शन महंगा है। ऐसे में इसकी अधिक उपलब्धता करवानी मुश्किल है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। कई बार तो ऐसी स्थिति बन रही है कि जब किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आता है, तो प्राथमिक उपचार के बाद उसे शिमला आईजीएमसी रेफर करना पड़ रहा है। इससे मरीजों और तीमारदारों की दिक्कतें बढ़ रही हैं।

**परटेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन के पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं होने से जिंदगी ताक पर**

### हार्ट अटैक आना आम बात

**आज** के समय में हार्ट अटैक आना आम बात हो गई है। किसी भी आयु वर्ग में हार्ट अटैक आ सकता है। दिन-प्रतिदिन मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में अब हार्ट अटैक के समय लगने वाला टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन की डिमांड भी बढ़ने लगी है, लेकिन फिलहाल जिले में इसकी सप्लाई जरूरत के हिसाब से नहीं है। हालांकि बाजार में यह इंजेक्शन उपलब्ध हैं, लेकिन इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए से अधिक है। ऐसे में अधिकतर मरीज इसे लगाने के लिए सरकारी अस्पतालों का ही रुख करते हैं।

**सोलन अस्पताल में भी है कमी :** सबसे अधिक परेशानी का सामना तो सोलन अस्पताल में हार्ट अटैक के समय आने वाले मरीजों को करना पड़ रहा है। यहा भी इंजेक्शन की कमी है। हालांकि अस्पताल के लिए प्रत्येक माह करीब 10 इंजेक्शन आ रहे हैं, लेकिन यहां तीन मेडिसिन विशेषज्ञ होने व जिला के सबसे बड़े अस्पताल होने के चलते मरीज भी अधिक आते हैं। यहां कार्यरत एक विशेषज्ञ की मानें तो प्रति माह तीनों विशेषज्ञ के पास करीब-करीब 25 रोगी आ जाते हैं, लेकिन सप्लाई इसकी आधी है, ऐसे में मरीजों को आईजीएमसी रेफर करना पड़ता है।

> हार्ट अटैक के मामले बढ़ते जा रहे है। ऐसे में अब इसके इंजेक्शन की मांग भी बढ़ने लगी है। पिछली सप्लाई में 6 इंजेक्शन आए थे। चार नालागढ़ अस्पताल को भेजे हैं। बाकी दो आपातकालीन स्थिति के लिए रखे हैं। इसकी डिमांड को देखते आने वाले दिनों में अधिक सप्लाई की मांग की जाएगी।
>
> **-डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल से पहले उमरान मलिक को इस खिलाड़ी से मिली धमकी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का आगाज होने अब कुछ दिन का समय शेष है। इससे पहले खिलाड़ियों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ताजा मामला भारतीय युवा पेसर उमरान मलिक से जुड़ा है। उमरान मलिक को उनकी ही टीम सनराइजर्स हैदराबाद के साथी खिलाड़ी शहबाज अहमद से धमकी मिली है। सनराइजर्स हैदराबाद के इंस्टाग्राम अकाउंट पर दोनों की जुबानी जंग से जुड़ा एक वीडियो बनाकर पोस्ट भी किया गया है, जिसमें शहबाज अहमद उमरान मलिक को मारने की धमकी देते नजर आ रहे हैं तो उमरान भी देखने की बात कह रहे हैं।

### डब्ल्यूपीएल: टूर्नामेंट की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी रही दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीज़न के समापन के बाद, यूपी वॉरियर्स की उपकप्तान दीप्ति शर्मा को टूर्नामेंट का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। दीप्ति ने कहा कि इस बार उन्हें ऊपर बल्लेबाजी करने और महत्वपूर्ण योगदान देने का मौका मिला। यूपी वारियर्स प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा और तीन जीत और पांच हार के साथ चौथे स्थान पर रहा। दीप्ति ने आठ मैचों में 98.33 की औसत और 136 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 295 रन बनाए। उन्होंने 88* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ तीन अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 10 विकेट भी लिए।

### भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन ने कुश्ती संघ से बैन हटाया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद्द होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था।




### भारत ने पोलिश ग्रां प्री में जीते छह पदक; अखिल, अनीश, नीरज चमके

**नई दिल्ली ।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल शेरोन और अनीश भानवाला के साथ-साथ नीरज कुमार ने भी पोलैंड में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने अपने पोलिश ग्रां प्री अभियान को दो स्वर्ण सहित छह पदकों के साथ समाप्त किया। अखिल शेरोन ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) मैच के दूसरे मैच में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में भी स्वर्ण पदक जीता। नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने भी पुरुषों के दोनों 3पी मुकाबलों में दो कांस्य पदक के साथ बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### साबरमती एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त इंजन और चार कोच पटरी से उतरे

**अजमेर।** अजमेर के मदार स्टेशन के नजदीक सुपरफास्ट साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस (ट्रेन 12548) के इंजन और चार कोच रविवार रात करीब एक बजे पटरी से उतर गए। इस समय यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक धमाका हुआ तो यात्री दहशत में आ गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। हादसे के बाद छह ट्रेनें रद्द की गई हैं और दो का रूट बदला गया है। एडीआरएम बलदेवराम ने बताया कि हादसे के कारण की अभी जानकारी सामने नहीं आई है। अजमेर के मदार में होम सिग्नल के पास साबरमती रविवार रात एक बजकर चार मिनट पर डिरेल हुई। इस कारण इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। रेलवे ने अजमेर जंक्शन पर हेल्प डेस्क बनाया है। हेल्पलाइन नंबर 0145-2429642 जारी किया गया है।

### भारत मंडपम में तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ आज से

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान परिसर में स्थापित भारत मंडपम में 19 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ में सफलता की कहानियां फलक पर आएंगी। दो हजार स्टार्टअप इसमें शामिल हो रहे हैं। इसमें 10 थीम पवेलियन हैं। यह जानकारी उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि 1000 से अधिक निवेशक, 300 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर, 3000 प्रतिनिधि, 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल, भारत के 3000 भावी उद्यमी, 50 से अधिक यूनिकार्न और 50,000 से अधिक व्यावसायिक आगंतुक इसके साक्षी होंगे।

### 'ड्रग किंगपिन' जाफर सादिक दिल्ली से चेन्नई लाया गया

**चेन्नई ।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी सोमवार को ड्रग किंगपिन जाफर सादिक को दिल्ली से चेन्नई लेकर आए हैं। जांचकर्ताओं की टीम सुबह से ही एनसीबी जोनल कार्यालय में उससे पूछताछ कर रही है। उसे सैंथोम में अरुलानंदम स्ट्रीट स्थित उसके घर या पेरुंगुडी में उसके गोदाम में भी ले जाया जा सकता है। तमिल फिल्म निर्माता और डीएमके से निष्कासित जाफर सादिक ने कथित तौर पर पिछले तीन वर्षों में मल्टी-ग्रेन मिक्स और कसा हुआ नारियल के साथ मिश्रित 2000 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थों को विदेशों में तस्करी करने में मास्टर ब्रेन के रूप में काम किया था। एनसीबी ने जाफर को नौ मार्च को दिल्ली में गिरफ्तार किया था। वह लगभग तीन सप्ताह से भूमिगत था।

### नेपाल से सोना तस्करी मामले में पूर्व स्पीकर महरा गिरफ्तार

**नेपाल ।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व स्पीकर एवं माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईबी ने महरा को सोमवार सुबह उनके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद महरा को सीआईबी हेडक्वार्टर लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। महरा को काठमांडू की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से उनकी रिमांड मांगी जाएगी। सीआईबी प्रमुख एआईजी श्याम ज्ञवाली ने बताया कि सोना तस्करी मामले में जांच समिति की रिपोर्ट में कृष्ण बहादुर महरा की भूमिका की बात कही गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर महरा को गिरफ्तार किया गया है।

# लक्ष्य, सिंधू स्विस ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे

**एजेंसी, बासेल ( स्विट्जरलैंड )**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर-1000 और इंडिया ओपन-750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है।

इस 22 साल के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर ( लगभग 1.74 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं।




विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे।

### प्रियांशु राजावत को ली चेउक यियू की चुनौती

**युवा** प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रैंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्रे लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने के कारण मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में अन्य भारतीय आकर्षी कश्यप को कड़ा ड्रा मिला है। वह अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी।

## एक नजर में अब तक आईपीएल




### कांगड़ा को हराकर फाइनल में पहुंचा ऊना

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में चल रही जिला वरिष्ठ क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच ऊना की टीम ने कांगड़ा की टीम को 167 रनों से पराजित करके जीत लिया है। ऊना की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ऊना की टीम ने मैच की शानदार बल्लेबाजी करते हुए कांगड़ा की टीम को जीत के लिए 430 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए कांगड़ा की टीम 263 रनों पर सिमट गई। कांगड़ा के बल्लेबाज शौर्य शरन ने 119, अपूर्व वालिया ने 42 व उज्ज्वल शर्मा ने 25 रन बनाए। ऊना की टीम ने शानदान गेंदबाजी करते हुए अंकुश बेदी ने 4, महेश ठाकुर ने 3, राधव वाली ने 2 व पंकज जस्वाल ने एक विकेट झटके। टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला वरिष्ठ क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।



## जीत के साथ हिमाचल ने किया आगाज

### राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में मध्य प्रदेश और कर्नाटक को हराया

**अनंत ज्ञान भरेड़ी**

उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार को शुरू हुई 19वीं सब-जूनियर व 35वीं सीनियर प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के दोनों टीमों में 46 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 20 मार्च तक चलेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के खेल में सीनियर वर्ग में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दो मैचों में धमाकेदार जीत दर्ज की है। पहले मैच में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश की टीम को 18-5 के अंतर से पराजित करके जीत दर्ज की है। इसी तरह दूसरे मैच में कर्नाटक की टीम को 23-2 से एकतरफा मुकाबले में हराकर दूसरी जीत दर्ज की। सीनियर वर्ग की टीम में बलविंदर कौर कप्तान, दिनेश, अभिनव, सारंग, सूरज, गौरव, अभिषेक, विनीत, तमन्ना, यामिणी, भूमिका, एश्वर्य पल्लवी व समीक्षा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया है। हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बी.आर. सुमन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने दो लीग मैचों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बीआर सुमन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने दो लीग मैचों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश को बी पूल में रखा गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश, गोवा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश व कर्नाटक राज्य की टीमों को शामिल किया गया है।



हिमाचल प्रदेश कोर्फबाल टीम के संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशू मिश्रा, प्रदेश महासचिव बीआर सुमन व अन्य।

#### सब-जूनियर टीम में ये दिखाएंगे दम

**हिमाचल** प्रदेश सब-जूनियर वर्ग की टीम में अंशुल, तुषार, अक्षित, प्रीक्षित, मयंक, आदित्य, ऐनी, सुहानी, कोमल, रिद्धिमा, कनिका व कोमन को शामिल किया गया है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में लगातार तेजी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए, डीजल 92.15 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए, डीजल 90.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 0.30 डॉलर, यानि 0.35 फीसदी की उछाल के साथ 85.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई)



क्रूड 0.35 डॉलर, यानि 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ 81.39 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने आम आदमी को राहत देते हुए पिछले हफ्ते पेट्रोल-डीजल के दामों में दो रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। वहीं, राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमत पर वैट घटाए जाने से पेट्रोल 5.30 रुपए और डीजल 4.85 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता हो गया है।

### जियो-एयरटेल की टेंशन बढ़ाने जा रहे गौतम अडानी

**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे अमीर बिजनेसमैन गौतम अडानी टेलीकॉम कंपनी जियो-एयरटेल की टेंशन बढ़ाने जा रहे हैं। अडानी बहुत जल्द 5जी इंटरनेट सर्विस ला सकते हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के बाद इसके कयास लगाए जा रहे हैं। दरअसल, 20 मई से भारत के अगले स्पेक्ट्रम की नीलामी होने जा रही है। आठ मार्च को ही इसका नोटिस आ गया था। दावा है कि पिछली बार स्पेक्ट्रम नीलामी की तरह ही इस बार भी गौतम अडानी इसमें हिस्सा लेने जा रहे हैं, 5जी इंटरनेट पर उनकी पूरी नजर है और नई सर्विस ला सकते हैं। बता दें कि कुछ समय पहले ही अपने कर्मचारियों से एक मीटिंग में गौमत अडानी ने कहा था कि वह अपना डेटा सेंटर एक्सपेंड करने की सोच रहे हैं।

## ननद श्वेता बच्चन की पार्टी में नहीं पहुंचीं ऐश्वर्या

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की लाड़ली बेटी श्वेता बच्चन ने 17 मार्च को अपना 50वां जन्मदिन मनाया। इस खास दिन पर बॉलीवुड में कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्वेता के 50वें जन्मदिन के मौके पर बच्चन परिवार ने एक शानदार पार्टी रखी। बर्थडे पार्टी की इन तस्वीरों में ऐश्वर्या के नजर नहीं आने के बाद फैंस को आश्चर्य हुआ। लगता है कि क्या इन दोनों के बीच सब कुछ ठीक है। रविवार शाम को बच्चन परिवार ने एक ग्रैंड सेलिब्रेशन किया। आयोजन की तैयारी में करण जौहर श्वेता की बेटी नव्या के साथ सजावट में मदद करते दिखे। साथ ही नव्या नंदा के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड सिद्धांत चतुर्वेदी भी श्वेता बच्चन की बर्थडे पार्टी में पहुंचे। अपनी बेटी की जन्मदिन की पार्टी में जया बच्चन और अमिताभ बच्चन भी मौजूद थे। पार्टी में शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान और बेटी सुहाना खान भी शामिल हुईं। हालांकि, बच्चन परिवार के लाड़ले अभिषेक, ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन इस पार्टी से नदारद रहे। पार्टी में उनका न आना चर्चा का विषय बन गया। अब फैंस में इस बात की अटकलें लग रही हैं कि श्वेता के खास दिन पर ऐश्वर्या और अभिषेक कहां थे। पार्टी की तस्वीरों पर ज्यादातर फैंस ने पूछा, ऐश्वर्या और अभिषेक कहां हैं? और आराध्या कहां है? ऐसी टिप्पणियां की गई हैं। कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या श्वेता से नाराज हैं, लेकिन बच्चन परिवार, अभिषेक या ऐश्वर्या में से किसी ने भी इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी। कुछ दिनों पहले अंबानी की प्री-वेडिंग पार्टी में सभी को एक साथ देखा गया था।



## एशियाई बाजारों में मजबूती

**नई दिल्ली ।** ग्लोबल मार्केट से सामवार को मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए थे। दूसरी ओर, एशियाई बाजार में सोमवार को आमतौर पर बढ़त की स्थिति बनी हुई है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार पर लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.65 प्रतिशत टूट कर 5,117.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 155.36 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,973.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस अप्रैल से शुरू करेगी नई उड़ानें

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस अप्रैल में कोलकाता से इंफाल और कोच्चि के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन की ये सभी उड़ानें इंफाल के लिए रोजाना और कोच्चि के लिए हफ्ते में छह दिन होंगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की ये नई उड़ानें इंफाल के लिए रोजाना और कोच्चि के लिए हफ्ते में छह दिन संचालित होंगी। कंपनी के मुताबिक कोलकाता से इंफाल के लिए विमान सुबह सात बजे उड़ान भरेगा और सुबह 8:05 बजे मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वापसी की उड़ान सुबह 8:35 बजे रवाना होगी और 10:20 बजे कोलकाता पहुंचेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता से कोच्चि के लिए विमान 11:25 बजे उड़ान भरेगा और वापसी की उड़ान अपराह्न 3:05 बजे रवाना होगी। कंपनी ने कहा कि मार्ग एकीकरण के जरिए एयरलाइन कई घरेलू मार्गों पर अधिक उड़ानों का संचालन करेगी। गौरतलब है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन सेवा है।



## सर्राफा बाजार में लुढ़का सोना चांदी में कोई बदलाव नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का रुख नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में सोमवार को 250 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 400 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट की वजह से देश के कई सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 66 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से भी नीचे आ गया है।

इसी तरह चेन्नई के सर्राफा बाजार में भी सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर बिक रहा है। हालांकि चांदी के भाव में सोमवार को कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 77,000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है।

राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना सोमवार को 66,020 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 60,530 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 65,870 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 60,380 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 66,440 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 60,900 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना सोमवार को 65,920 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 60,430 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।


**बाजार** बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक

# शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार में दबाव की स्थिति बनी नजर आई है। सोमवार के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि खरीदारों ने बीच में लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ज्यादातर समय लाल निशान में ही बने रहे।

पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत टूट कर कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का




कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, ओएनजीसी और कोल इंडिया के शेयर 3.09 प्रतिशत से लेकर 1.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अडाणी एंटरप्राइज, अडाणी पोर्ट्स, यूपीएल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और टाइटन कंपनी के शेयर 2.48 प्रतिशत से लेकर 1.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,136 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,196 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 940 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 56.13 अंक की कमजोरी के साथ 72,587.30 के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली करके सेंसेक्स को हरे निशान में 72,769.79 अंक तक पहुंचा दिया। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक दोबारा लाल निशान में गिर गया।